श्री हेम बरुआ : कुछ समय पहले माननीय मंत्री ने इस सभा में बताया था कि काश्मीर में हमारी जो गुप्त सूचना व्यवस्था है वह बहुत अच्छी है। इसके बावजूद भी हमारी गुप्त सूचना व्यवस्था तब तक हमें कोई सूचना नहीं दे सकी जब तक 10,000 पाकिस्तानी घुसपैठिये समस्त काश्मीर में नहीं फैल गये और जब तक श्रीनगर में एक मस्जिद में युद्धोपकरणों का एक ढ़ेर नहीं पाया गया। इस संदर्भ में क्या सरकार हमें यह बताने की स्थिति में है कि काश्मीर में जो गुप्त सूचना व्यवस्था है वह पहले ही की तरह बहुत अच्छी है ?

श्री ल० ना० मिश्र : मैं यह कहूंगा कि माननीय सदस्य ने जो कुछ कहा है वह बिल्कुल सही नहीं है कि हमें घुसपैठियों का केवल तब पता चला जब 10,000 लोग घुस आये। हमें उनके बारे में काफी पहले से जानकारी थी। हम 26 मई से जानते थे कि उन्हें कैसे प्रशिक्षित किया जा रहा था। मैं यह भी बताना चाहूंगा कि हमें इस बात का भी पता था कि 3 अथवा 4 अगस्त को उन्होंने घुसपैठ करना आरम्भ किया था। मैंने यह कभी नहीं कहा है कि हमें केवल तभी पता चला जब मस्जिद में युद्धोपकरणों का एक ढेर पाया गया था अथवा जब 10,000 घुसपैठिये वहां पर आ गये थे। उन्होंने अधिकांश ढ़ेर अपने राज्यक्षेत्र में ही लगाये थे ; परन्तु बाद में ऐसे ढ़ेर उन्होंने हमारे देश के इस भाग में लगाये होंगे। आरम्भ में यह सब कुछ युद्ध-विराम रेखा के दूसरी ओर था। जब उनकी पहली टोली ने घुसपैठ किया था हमें उसका भी पता था। स्थानीय पदाधिकारी को इस बात का पता था तथा स्थानीय गुप्त सूचना पदाधिकारी ने स्थानीय कमान्डर को बता दिया था। उन्होंने हमें तथा राज्य सरकार को इस बात की सूचना दे दी थी। अतः जहां तक उनके घुसने के प्रश्न का सम्बन्ध है इस मामले में हमारा गुप्त सूचना विभाग अथवा हमारी सुरक्षा सेनायें इस में असफल नहीं रही है।

श्री हेम बरुआ : श्रीमान्, मेरा एक व्यवस्था का प्रश्न है। मैंने श्रीनगर में मस्जिद में पाये गये युद्धोपकरणों के एक ढ़ेर के बारे में कहा है परन्तु माननीय मंत्री कहते हैं कि यह ढ़ेर युद्ध-विराम रेखा के उस पार था। सभी जानते हैं कि यह ढ़ेर श्रीनगर में पाया गया था। यह दो परस्पर विरोधी बातें कैसे मेल खा सकती हैं ? युद्ध-विराम रेखा श्रीनगर में तो नहीं है।

उपाध्यक्ष महोदय : इस में कोई व्यवस्था का प्रश्न नहीं है।

श्री हरि विष्णु कामत : क्या मंत्री महोदय यह समझते हैं कि श्रीनगर युद्ध-विराम रेखा पर है ?

श्री ल० ना० मिश्र : जी, नहीं। मैंने ऐसा कभी नहीं कहा है।

मैंने श्री हेम बरुआ की इस धारणा को कभी भी स्वीकार नहीं किया है कि हमें तभी पता चला था जब मस्जिद में युद्धोपकरण पाये गये थे। यह सत्य नहीं है। मैंने कहा था कि उपकरणों के कुछ ऐसे ढ़ेर होंगे जो श्रीनगर में पाये गये हों। यह एक अलग बात है। परन्तु इन ढेरों तथा घुसपैठियों के बारे में हमें बहुत पहले से पता था और यह कहना ठीक नहीं है कि हमें इनका तभी पता चला जब हमने उन्हें श्रीनगर में पकड़ा था। यह सही नहीं है।

श्री उ० मू० त्रिवेदी : श्रीमान्, मेरा एक व्यवस्था का प्रश्न है। इस बात को जानना हमारे लिये बहुत आवश्यक है। अभिकथन यह है कि ढ़ेर श्रीनगर की मस्जिद में पाया गया था। क्या वह इसे मानते हैं अथवा नहीं ?

श्री ल० ना० मिश्र : मैं इसे स्वीकार नहीं करता हूं। मुझे इसकी कोई जानकारी नहीं है।

श्री कपूर सिंह : क्या सरकार को यह पता चला है कि जिन लोगों पर जासूस होने का शक था और जो व्यक्ति जासूस सिद्ध हुये हैं, उनकी संख्या में बड़ा अन्तर है ; और यदि हां, तो जनता तथा पुलिस को इस सम्बन्ध में शिक्षित करने के लिये क्या कदम उठाये गये हैं ?

श्री ल० ना० मिश्र : हमें मालूम है कि उनकी लगभग संख्या क्या है। परन्तु यह संख्या भी बदलती रही है। उनकी संख्या बढ़ गई थी, फिर कम हो गई और फिर दोबारा बढ़ गई। इसलिये उनकी संख्या एकसी नहीं रही है। हमें इस सम्बन्ध में जानकारी है ; हमारे पुलिस कर्मचारियों को भी जानकारी है तथा जनता को भी इस बारे में शिक्षित किया जा रहा है।

श्री नाथ पाई : माननीय उपमंत्री ने कहा कि केन्द्रीय गुप्तवार्ता विभाग को पाकिस्तान से आने वाले घुसपैठियों के प्रशिक्षण तथा गतिविधियों के बारे में जानकारी थी। यदि केन्द्रीय गुप्त-वार्ता विभाग को यह सब जानकारी थी तो क्या उन्होंने हमारी सुरक्षा सेनाओं को सतर्क किया था ? अथवा क्या वह अप्रत्यक्ष रूप से हमारी सुरक्षा सेनाओं पर यह आरोप लगा रहे हैं कि उन्हें सतर्क किया गया था परन्तु वे घुसपैठियों को रोकने में असफल रहे। इसकी जिम्मेदारी किस पर आती है ? केन्द्रीय गुप्तवार्ता विभाग के पास जानकारी होते हुये भी घुसपैठिये हमारे क्षेत्र में दाखल हो गये। कहीं न कहीं भारी गलती की गई है। इसके लिये कौन ज़िम्मेवार है ?

श्री ल० ना० मिश्र : मैंने यह बिल्कुल नहीं कहा ; मैंने कभी नहीं कहा कि सुरक्षा सेनायें अपना कर्तव्य निभाने में असफल रही हैं। उन्होंने अपना कर्त्तव्य ठीक निभाया है। यदि माननीय सदस्य ने पाकिस्तान के 8, 9 अथवा 10 अगस्त के रेडियो समाचार सुनें होंगे और यदि उनका मुकाबला पाकिस्तान में वास्तविक घटनाओं से किया होगा तो उनको पता लगा होगा कि हमारी सुरक्षा सेनाओं ने किस प्रकार उनको दी गई सूचना के अनुसार काम किया। उन्होंने शत्रुओं की सभी योजनाओं को निष्फल बनाया। हमारी सुरक्षा सेनाओं ने बिल्कुल समयानुसार कार्यवाही की।

श्री हेम बरुआ : श्रीमान् मेरा व्यवस्था का प्रश्न है . . .

श्री हरि विष्णु कामत : यह सब क्या है। सरकार इस प्रकार उत्तर देकर हमें टाल नहीं सकती।

श्री नाथ पाई : श्रीमान्, यह एक गम्भीर मामला है। हमें आपका संरक्षण मिलना चाहिये। सदैव ही गृह-कार्य मंत्रालय यह दावा करता रहा है कि उन्हें घुसपैठियों की गतिविधियों की जानकारी थी। यदि ऐसा है, तो वे भारत कैसे घुस आये ? मैं रेडियो पाकिस्तान नहीं सुनना चाहता।

श्री हरि विष्णु कामत : उनकी संख्या 500 नहीं परन्तु 10,000 है।

उपाध्यक्ष महोदय : यदि आपको वह सब जानकारी थी, तो वे कैसे घुस आये ?

श्री ल० ना० मिश्र : यह सच है कि हमें इस सम्बन्ध में जानकारी थी ; यह भी सच है कि हमने सुरक्षा सेनाओं को अवगत किया था और यह भी सच है कि उन्होंने समयानुसार कार्यवाही की। अब प्रश्न यह उठता है कि वे हमारे राज्य क्षेत्र में किस प्रकार घुस आये . . . .

श्री हरि विष्णु कामत : हज़ारों की संख्या में।

श्री ल० ना० मिश्र : मैं माननीय सदस्यों का ध्यान युद्ध-विराम रेखा की ओर दिलाउंगा . . . **(अन्तर्बाधायें)**

उपाध्यक्ष महोदय : शान्ति, शान्ति।

श्री ल० ना० मिश्र : आप कृपया मेरी बात सुन लें। युद्ध-विराम रेखा 470 मील लम्बी है और दोनों ओर जंगल और पहाड़ियां है। वे युद्ध-विराम रेखा की इंच इंच भूमि की रक्षा नहीं कर सकते। इसके लिये तो पता नहीं सेना के कितने ही डिविज़न आवश्यक होंगे ? इसलिये यह कहना ठीक नहीं कि सुरक्षा सेनायें अथवा केन्द्रीय गुप्तवार्ता विभाग असफल रहा। उन्हें इसमें सफलता मिली है और यही कारण है कि घुसपैठियों के सभी प्रयत्न असफल रहें हैं।

कुछ माननीय सदस्य उठे

श्री हेम बरुआ : श्रीमान् मेरा व्यवस्था का प्रश्न है।

उपाध्यक्ष महोदय : शान्ति, शान्ति। श्रीमती तारकेश्वरी सिन्हा।

श्री हरि विष्णू कामत : इस प्रश्न को स्थगित किया जाये ताकि श्री नन्दा इसका जबाब दें।

Shri Madhu Limaye : Mr. Deputy Speaker, Sir, I rise on a point of order.

श्री हेम बरुआ : देश में, यहां तक कि दिल्ली में भी पाकिस्तान रेडियो सुनने पर रोक है। परन्तु माननीय उप-मंत्री ने श्री नाथ पाई को सब के सामने यह परामर्श दिया है कि वह पाकिस्तान रेडियो सुनें। श्रीमान् मेरे विचार में इस प्रश्न को स्थगित रखा जाये ताकि श्री नन्दा इसका उत्तर दें।

उपाध्यक्ष महोदय : श्रीमती तारकेश्वरी सिन्हा।

श्रीमती तारकेश्वरी सिन्हा : श्रीनगर पहाड़ी क्षेत्र नहीं है और हज़ारो की संख्या में घुसपैठिये वहां घुस आये। जब सरकार ने स्थानीय कमाण्डरों को अवगत कर दिया था तो फिर इन घुसपैठियों को कैसे आने दिया गया ? क्या गलतियों के लिये किन्हीं व्यक्तियों के विरुद्ध कार्यवाही की गई है।

श्री ल० ना० मिश्र : हमारे कमाण्डरों ने कोई गलती नहीं की है। उन्होंने समयानुसार तथा अविलम्ब कार्यवाही की। यह कहना बहुत गलत है कि श्रीनगर में हज़ारों व्यक्ति घुस आये। यदि वे घुस आये तो फिर कहां चले गये ? यह कहना गलत है कि हमारी सुरक्षा सेनायें उन्हें घुसने से रोक न सकीं अथवा गुप्तवार्ता विभाग इसमें असफल रहा। कुछ लोग वास्तव में घुस आये परन्तु हमें इसकी सूचना थी और हमने इस सम्बन्ध में अविलम्ब कार्यवाही की। **(अन्तर्बाधायें)**

Shri Madhu Limaye : According to the Pakistan propaganda, these infiltrators have not come from outside but they are the very citizens of Kashmir. But the hon. Minister maintains that the Government had the information and the security forces were also alerted. But the fact that thousands of the infiltrators could reach up to Srinagar shows that there was failure somewhere. I think that we would be helping Pakistan in her propoganda if we shelter the persons who have made mistakes. I would like to say that the persons who have failed in their duty should be punished severely. This is what my point of order is.

उपाध्यक्ष महोदय : चाहे असफलता मिली हो अथवा नहीं, यह कोई व्यवस्था का प्रश्न नहीं है।

श्री ल० ना० मिश्र : यह कहना हमारी सुरक्षा के लिये अथवा हमारे गुप्तवार्ता विभाग के लिये बहुत अनुचित होगा कि हमें असफलता मिली है।

Shri Madhu Limaye : I have not said so. Somebody or the other is responsible for this lapse—the hon. Deputy Minister may also be responsible for this. If he cannot answer the question he may resume his seat.

श्री ल० ना० मिश्र : हमने इसकी पूरी पूरी जांच की है और मैं कह सकता हूं कि हमारी सुरक्षा सेनायें इसमें असफल नहीं रही हैं। हमने समय पर ही कार्यवाही की है तथा घुसपैठियों के सभी प्रयत्नों को असफल किया है।

विश्वविद्यालयों में प्रवेश

*634. **श्री प्र० रं० चक्रवर्ती :**

श्रीमती सावित्री निगम :

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान मद्रास के मुख्य मन्त्री के 8 जून, 1965 के इस वक्तव्य की ओर दिलाया गया है कि मद्रास विश्वविद्यालय इस प्रस्ताव पर विचार कर रहा है कि विश्वविद्यालय पाठ्यक्रम में प्रवेश पाने के लिये अंकों की प्रतिशतता बढ़ा दी जाये;

(ख) क्या राज्य सरकार ने केन्द्रीय सरकार के परामर्श से यह सामान्य नीति बनाई है कि प्राप्त अंकों के रूप में विश्वविद्यालय में प्रवेश को सीमित किया जाये; और

(ग) क्या श्रीनगर में हुये शिक्षा मंत्रियों के पिछले सम्मेलन में इस महत्वपूर्ण मामले पर राय जानने के प्रयत्न किये गये हैं ?

शिक्षा मंत्रालय में सांस्कृतिक कार्य मंत्री (श्री हजरनवीस) : (क) जी नहीं।

(ख) जी नहीं। दाखिले के प्रश्न पर विचार करने का कार्य मुख्यतया विश्वविद्यालयों का है, क्योंकि ये स्वायत्तशासी निकाय हैं और इस प्रयोजन के लिए वे अपने नियम बनाने में भी स्वतंत्र हैं।

(ग) सम्मेलन ने जिन विभिन्न प्रश्नों पर विचार किया उनमें से यह भी एक था, किन्तु इस विषय पर कोई खास सिफारिश नहीं की गई थी।

श्री प्र० रं० चक्रवर्ती : इस बात की ओर ध्यान दिलाते हुये कि शिक्षा के विषयों में किसी प्रकार का सहयोग आवश्यक है क्या मैं जान सकता हूं कि सरकार ने संघ सरकार और राज्य सरकारों तथा अध्यापकों और विद्यार्थियों में सहयोग बढ़ाने के लिये क्या कदम उठाये हैं ?

श्री हजरनवीस : यह प्रश्न मुख्य प्रश्न से उत्पन्न नहीं होता। इस प्रश्न का क्षेत्र बहुत बड़ा है। मुख्य प्रश्न विश्वविद्यालय में प्रवेश पाने के लिये अंकों की कम से कम प्रतिशत के बारे में था। यह जैसा कि मैं ने कहा, सम्बधित विश्वविद्यालय के क्षेत्राधिकार के अन्तर्गत आता है। वे अपने स्तर स्वयं नियत करते हैं।

श्री प्र० रं० चक्रवर्ती : क्या मैं जान सकता हूं कि सरकार ने इस प्रश्न पर कि विश्वविद्यालयों में संकुचित प्रवेश के कारण युवकों में निराशा के साथ बेरोजगारी उत्पन्न होती ? यदि हां, तो क्या सरकार इस स्थिति में है कि इस प्रश्न पर पूरी तरह विचार करके इन निर्बन्धनों को दूर कर सके ताकि लोग केवल अंकों के आधार पर ही विश्वविद्यालयों में प्रवेश पा सके ?

श्री हजरनवीस : यह एक बहुत ही गम्भीर प्रश्न है जिसका कि सारे देश के शिक्षा मन्त्रियों को सामना है। इस बारे में बहुत से सुझाव हैं। सर्वप्रथम, बेरोजगारी से अधिक, क्षय का प्रश्न है। कुछ विश्वविद्यालयों में इसका अनुमान लगाया गया है कि विश्वविद्यालयों में कम अंकों वाले विद्यार्थियों के प्रवेश पा जाने से यह क्षय 80 प्रतिशत है। फिर यह प्रश्न है कि क्या कुछ वर्ग के लोगों को उच्च

शिक्षा के लिये पूरी तरह से विवर्जित कर दिया जाये। केवल मात्र गिने-चुने लोगों की शिक्षा और लोकतन्त्रात्मक शिक्षा के बीच आमतौर पर यह एक प्रतिवाद है मेरा विचार नहीं कि इस समस्या को कहीं भी हल किया गया है । परन्तु हम निःसन्देह इस समस्या की गम्भीरता से अवगत हैं और जो उपाय आवश्यक है और हमारी क्षमता और साधनों के अन्तर्गत हैं हम उन को अपना रहे हैं।

श्री बी० चं० शर्मा : उन युवकों के लिये विश्वविद्यालय की शिक्षा के लिये क्या मार्ग खोले जायेंगे जिनको कालेजों और विश्वविद्यालयों में कम अंक होने के कारण प्रवेश नहीं मिला है ?

श्री हजरनवीस : उनके लिये अभी प्रौद्योगिक संस्थायें ह जहां पर व्यापार, उद्योग, तकनीकी शिक्षा का प्रशिक्षण दिया जाता है। ऐसी संस्थायें खोली जा रही हैं और खोली जायेंगी परन्तु मुझे खेद है कि विद्यार्थी इनसे उस हद तक लाभ नहीं उठा रहे हैं जिस हद तक यह प्राप्त हैं।

Shrimati Jayaben Shah : On one side we want to raise the standard of education and on the other side some universities declare their results after inflating the marks. May I know whether Government has considered some measures to check this practice?

Shri Hajarnavis : It is definitely considered in the meeting of the education ministers whenever it is held. Similarly it is also considered in the meeting of the universities. If such students get the admission to the universities who are actually not fit for that admission they get themselves failed every year. Sometimes their percentage even comes to 50 per cent.

श्री बासप्पा : क्योंकि विश्वविद्यालयों में प्रवेश पाना कठिन हो गया है तो क्या चौथी योजना में अधिक सायंकाल के कालेज खोलने या पत्रव्यवहार द्वारा पाठचर्य का कोई प्रस्ताव है ?

श्री हजरनवीस : जी हां। यह उन सब बातों में से एक है जिस पर विचार किया जा रहा है।

Shri K. N. Tiwary : The hon. minister has just now stated that students will be afforded an opportunity for admission in the technical institutions. But in these institutions only Science students are taken. May I know what will be done for the arts students?

Shri Hajarnavis : After matriculation one can get admission in these technical Institutions. It does not make any difference whether the student has passed his matric examination with science subjects or art subjects.

श्री शिवमूर्ति स्वामी : क्या मैं जान सकता हूं कि केन्द्र सरकार को कोई शिकायत प्राप्त हुई कि विश्वविद्यालयों के प्रौद्योगिक कालेजों में प्रवेश 5,000, 10,000 और कुछ मामलों में 20,000 रुपये तक दान देने से मिलता है ?

श्री हजरनवीस : इस प्रश्न का इस सभा में कई बार उत्तर दिया जा चुका है।

Shri Bhagwat Jha Azad : It has not been stated in this question whether this method of raising the percentage is only meant for technical colleges of the universities? Whether it is not a fact that at present percentage of marks has been fixed for admission to all the universities in India? If any university such as Madras increses the percentage of marks, may I know whether Government is not encouraging this thing that other universities may also increase the percentage of marks for admission irrespective of the all India standard and restrict the admission for students of other universities such as Madras. If so, what is being done by the Government in this regard ?

अध्यक्ष महोदय : प्रश्न संक्षिप्त होना चाहिये ।

श्री हजरनबीस : यह सच है कि अलग अलग विश्वविद्यालयों में प्रवेश के लिये अंकों की न्यूनतम प्रतिशत अलग अलग है परन्तु जैसा मैंने बताया है कि यह केवलमात्र विश्वविद्यालयों के अधिकार के अन्तर्गत ही आता है। केन्द्र सरकार को इस विषय में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा अनुनय अधिकार के अलावा और कोई अधिकार नहीं है ।

Shri D. C. Sharma : Everybody knows that standard of education is decreasing very much. May I know whether Government is taking some special steps for raising the standard of education so that students may be benefited?

Shri Hajarnavis : Yes Sir. We are trying to get highly qualified teachers for each university on high salaries. Efforts are being made to obtain good teachers for each institution. They would be attracted by good salaries. Therefore, efforts would certainly be made for it.

प्रश्नों के लिखित उत्तर

WRITTEN ANSWERS TO QUESTIONS

बुनियादी रसायन तैयार करने के लिये जर्मन फर्मों से समझौता

*635. **श्री वारियर :** क्या पैट्रोलियम और रसायन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि भारत में बुनियादी रसायन तथा मध्यवर्ती वस्तुयें बनाने के लिये पश्चिमी जर्मनी की चार फर्मों के कन्सारशियम से हुये समझौते को तोड़ दिया गया है ;

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं ;

(ग) क्या यह भी सच है कि इस समझौते को तोडने के कारण सरकार को हानि उठानी पड़ी है; और

(घ) यदि हां, तो कितनी हानि हुई है?

पैट्रोलियम और रसायन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अलगेसन) : (क) और (ख) : जी हां। यह मालूम हुआ कि भारत और अन्य स्थानों में रसायन क्षेत्र में परिवर्तनों के कारण पहले सोची गई परियोजना महंगी पड़ेगी। अतः जर्मन फर्मों के साथ किये गये समझौते को परस्पर सहमति से 9 अप्रैल, 1965 को समाप्त कर दिया गया।

(ग) और (घ) : सरकार ने जर्मन फर्मों को नियतन किये गये 30 लाख रुपये के मूल्य वाले शेयरों को 32.25 लाख रुपये की लागत पर पुनः खरीद लिया किन्तु जर्मन फर्मों द्वारा दी गई रुपांकन तथा प्रक्रिया सूचना हिन्दुस्तान आर्गनिक केमीकल्ज लिमिटिड की सम्पत्ति रही।

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग का प्रतिवेदन

*636. **श्री हेडा :**

श्री विश्वनाथ पाण्डेय :

क्या शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के 1963-64 के प्रतिवेदन पर विचार कर लिया है जिसमें कहा गया है कि तीसरी पंचवर्षीय योजना में शिक्षा के लिए नियत की गई रकम विश्वविद्यालयों तथा कालेजों की मूल आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए पर्याप्त नहीं है; और

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

शिक्षा मंत्रालय में सांस्कृतिक कार्य मंत्री (श्री हजरनवीस) : (क) और (ख): तीसरी आयोजना के दौरान विश्वविद्यालय अनुदान आयोग को अतिरिक्त रकम देने का प्रश्न सरकार के विचाराधीन है।

बम्बई के निकट पेट्रोलियम-रसायन उद्योग समूह

*637. **महाराजकुमार विजय आनन्द** : क्या **पेट्रोलियम** और **रसायन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) बम्बई में स्थापित किये जाने वाले पेट्रोलियम-रसायन उद्योग-समूह का ब्योरा है;

(ख) उद्योग कब स्थापित किये जायेंगे; और

(ग) क्या उद्योग स्थापित करने को उच्चतम प्राथमिकता दी जा रही है ?

पेट्रोलियम और रसायन मंत्रालय में राज्य-मंत्री (श्री अलगेसन) : (क) एक विवरण पत्र सभा-पटल पर रख दिया गया है। **(पुस्तकालय में रखा गया। देखिये संख्या एल० टी०-4856/65)।**

(ख) 1966 के मध्य से शुरू करके 1967 के आखिर तक इन उद्योगों के चरणों में उत्पादन करने की आशा है।

(ग) जी हां।

राष्ट्रीय प्रयोगशालाओं में पद

*638. **डा० लक्ष्मीमल्ल सिंघवी** : क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) विभिन्न राष्ट्रीय प्रयोगशालाओं और सरकार द्वारा चलायी जा रही जा रही इस प्रकार की अन्य संस्थाओं में प्रशासनिक पदों तथा तकनीकी पदों में क्या अनुपात है;

(ख) क्या सरकार वैज्ञानिक कर्मचारियों की तुलना मे प्रशासनिक कर्मचारियों का अनुपात घटाने के किसी प्रस्ताव पर विचार कर रही है; और

(ग) यदि हां, तो प्रस्ताव का ब्योरा क्या है ?

शिक्षा मंत्रालय में उप-मंत्री (श्रीमती सौन्दरम रामचन्द्रन): (क) प्रशासनिक तथा वैज्ञानिक अथवा तकनीकी पदों का अनुपात विभिन्न प्रयोगशालाओं में अलग अलग हैं।

(ख) और (ग) : प्रशासनिक कर्मचारी की नियुक्ति के प्रस्तावों की जांच सावधानी से की गई ह और आवश्यक समझे गए कम से कम स्टाक को ही मंजूरी दी गई है।

रूस से आयात डीजल तेल

639. **श्री कपूर सिंह** :
श्री सोलंकी :

क्या **पैट्रोलियम** और **रसायन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पिछले तीन महीनों में रूस से मिट्टी के तेल तथा डीजल तेल की कितनी मात्रा आयात की गई;

(ख) इसमें से कितनी मात्रा बाजार में बेचने के लिये दे दी गई है;

(ग) इसमें से कितनी मात्रा का वितरण नहीं किया गया है; और

(घ) वितरण न करने के क्या कारण है ?

पैट्रोलियम और रसायन मंत्री (श्री हुमायुन कबिर) : (क) से (घ) : मई से लेकर जुलाई 1965 की अवधि में इण्डियन आयल कारपोरेशन लि० ने रूस से मिट्टी का तेल और हाई स्पीड डीज़ल तेल, प्रत्येक का लगभग 1.5 लाख मीटरी टन आयात एवं विक्रय किया। इस अवधि में उक्त कारपोरेशन ने कुल लगभग 2.1 लाख मीटरी टन मिट्टी का तेल और 2.2 लाख मीटरी टन डीज़ल तेल की बिक्री की, जिसमें रूस से आयात तथा गोहाटी एवं बरौनी शोधनशालाओं के उत्पादन शामिल है।

पाकिस्तान जाने वाले सेवा निवृत्त अधिकारी

***640. श्री दलजीत सिंह :**

श्री साधू राम :

क्या **गृह-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि भारत सरकार की सेवा में लगे मुस्लिम अधिकारियों में से अधिकतर अधिकारी सेवा निवृत्त होने पर पाकिस्तान जाते हैं और वहां नौकरी में लग जाते हैं; और

(ख) यदि हां, तो इसके लिये सरकार ने क्या कार्यवाही की है या करने का विचार रखती है कि यदि किसी अधिकारी को भारत में सेवा करते समय किन्ही भेदों का पता लगा हो तो वे उन्हें पाकिस्तान को न बतायें ?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री हाथी) : (क) भारत सरकार के सेवानिवृत्त मुस्लिम अधिकारियों की पाकिस्तान में नियुक्ति के लिये चले जाने की कोई सामान्य प्रवृत्ति हमारे ध्यान में नहीं लाई गई।

(ख) प्रश्न ही नहीं उठता।

पंजाब नेशनल बैंक से सम्बधित व्यक्तिओं के स्थानों पर छापा

***641. श्री हरि विष्णु कामत :**

श्री स० मो० बनर्जी :

क्या **गृह-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि केन्द्रीय जांच विभाग ने हाल में पंजाब नेशनल बैंक से सम्बद्ध कुछ व्यक्तियों के मकानों आदि पर छापे मारे थे;

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण है;

(ग) किन स्थानों पर छापे मारे गये; और

(घ) छापों के क्या परिणाम रहे ?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री हाथी) : (क) जी, हां।

(ख) इस आरोप की शिकायते मिली थीं कि सन् 1958 तथा 1960 के दौरान पंजाब नेशनल बैंक की ओर से राजस्थान तथा उत्तर प्रदेश जमींदारी बाण्डों तथा अन्य सरकारी प्रतिभूतियों की खरीद के सम्बन्ध में उससे अधिक मूल्य अदा किये गये थे, जिस पर कि यह प्रतिभूतियां उस समय उपलब्ध थीं, तथा वह अतिरिक्त राशि दलालों और बैंक के कुछ अधिकारियों में बांट ली गई थीं।

(ग) दिल्ली, बम्बई, कलकत्ता, जयपुर, जोधपुर तथा लखनऊ।

(घ) इकट्ठे किये गये काग़ज़ात की जांच की जा रही है।

आसाम-पूर्वी पाकिस्तान सीमा पर बाड़ लगाना

*642. **श्री जसवन्त मेहता :** क्या **गृह-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि आसाम सरकार ने केन्द्रीय सरकार को आसाम-पूर्वी पाकिस्तान सीमा पर बाड़ लगाने का सुझाव दिया है; और

(ख) यदि हां, तो सरकार ने इस पर क्या कार्यवाही की है ?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री हाथी) : (क) और (ख) : यह प्रस्ताव, जो केन्द्रीय सरकार ने प्रारम्भ किया था, विचाराधीन है।

राष्ट्र गान

*643. **श्रीमती अकम्मा देवी :** क्या **गृह-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को पता है कि सारे देश में यह आम प्रवृत्ति है कि सिनेमा देखने वाले फिल्म की समाप्ति पर राष्ट्रगान के समय खड़े नहीं होते; और

(ख) यदि हां, तो नयी पीढ़ी में अनुशासन के स्वस्थ विकास के लिये ऐसी अपमानजनक प्रवृत्तियों को समाप्त करना सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सरकार ने क्या शैक्षणिक तथा अन्य उपाय निकाले हैं ?

गृह-कार्य मंत्रालय में उप-मंत्री (श्री ल० ना० मिश्र) : (क) ऐसी सूचनाएं मिली है कि कभी-कभी सिनेमाओं में कुछ दर्शक राष्ट्रगान के समय खड़े नहीं होते।

(ख) राज्य सरकारों से अनुरोध किया गया है कि वे जनता को इस बारे में शिक्षित करने के लिये उपयुक्त कदम उठायें और साथ ही समाचार पत्रों का तथा सिनेमाओं के मालिकों का (जो दर्शकों से राष्ट्रगान के समय खड़े होने का अनुरोध करने लिये उपयुक्त स्लाइड दिखाते हैं) सहयोग प्राप्त करें। एक वृत्तचित्र का भी निर्माण किया जा रहा है, जिसमें यह बताया गया है कि दर्शकों को राष्ट्रगान के समय किस प्रकार का आचरण करना चाहिए।

Veer Savarkar

*644. **Shri Onkar Lal Berwa :**
Shri Bade :
Shri Hukum Chand Kachhavaiya :

Will the Minister of **Home Affairs** be pleased to state :

(a) whether attention of Government has been drawn to a news item published in some newspapers in which the condition of Veer Savarkar has been described as serious;

(b) if so, whether Government have decided to provide him with medical treatment and financial assistance;

(c) whether Government have restored to him his property which had been forfeited by the British Government; and

(d) if not, the reasons therefor ?

The Deputy Minister in the Ministry of Home Affairs (Shri L. N. Mishra) : (a) Yes, Sir,

(b) A sum of Rs. 900 has been sanctioned to Shri Savarkar from the Home Minister's Discretionary Grant for meeting his medical expenses.

(c) and (d): Attention is invited to the statement laid on the Table of the House on 6th September, 1965 in fulfilment of the assurance given in reply to part (b) of Unstarred Question No. 2055 on 7th April, 1965 by Shri Hukum Chand Kachhavaiya.

Pay Scales of Universities and College Teachers

***645 Shri. Madhu Limaye :**
Shri Kishen Pattanayak :

Will the Minister of **Education** be pleased to refer to the reply given to Starred Question No. 332 on the 1st September, 1965 and state the broad details of the proposals formulated in respect of giving encouragement to studies in science, medical science, technical and engineering education and for effecting improvements in the educational standard as envisaged in the recommendations of the University Grants Commission in the context of the enhanced pay scales ?

The Minister of Cultural Affairs in the Ministry of Education (Shri Hajarnavis) : As a major step towards improvement in the quality of higher Education, the Commission is of the view that it is essential to raise substantially the salary scales of teachers, specially teachers in affiliated colleges. Teachers with comparable qualifications whether working in colleges or university departments, should have reasonably similar salary scales.

Further, the Commission has considered the recommendations made by the committee appointed, to examine the question of revision of salary scales of university teachers, including those of engineering and technological institutions/ departments. While accepting the Committee's recommendations towards establishing parity between the scales of pay at the universities and the Indian Institute of Technology, the Commission felt that the salary scales of university teachers may be revised with effect from the beginning of the Fourth Plan and the revised scales may be as follows (these scales are comparable to those prescribed for teachers in I.I.T.'s):—

	Rs.
Professor	1100—1600
Reader	700—1250
Lecturer	400—950

In the case of Central Universities as well as other universities, the Commission has already decided that the scales of pay of different categories of teachers in all faculties, including teachers in technical departments (except for teachers in Polytechnics) be the same.

लाटीटोला-दूमाबाड़ी क्षेत्र से निष्कासित परिवारों का पुनर्वास

***646. श्री नि० रं० लास्कर :** क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि 'लाटीटोला-दूमाबाडी क्षेत्र' में पाकिस्तानियों द्वारा लगातार गोली चलाए जाने के कारण कारखाना-पुटनी तथा बड़ा-पुटनी गांवों के लगभग 80 परिवारों को अपने घर छोड़ने पड़े;

(ख) क्या उनके अस्थायी पुनर्वास जैसे उन्हें अन्न तथा आश्रय देने की कोई व्यवस्था की गई है;

(ग) क्या यह सच है कि पाकिस्तान की गोलीबारी के इन पीड़ितों को कोई राशन नहीं दिया जा रहा है; और

(घ) क्या सरकार का विचार इन परिवारों को किन्ही अन्य सुरक्षित स्थानों पर बसाने का है ?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री हाथी) : (क) तथा (ख) : जी हां।

(ग) जी नहीं।

(घ) जब तनातनी कम हो गई, तो अधिकतर परिवार गांवों में वापिस चले गये। फिर भी राज्य सरकार कुछ ऐसे परिवारों के पुनर्वास के सम्बन्ध में विचार कर रही है, जिनकी काष्त की भूमि बोरपुटनी तथा कारखाना पुटनी गांवों में पुटनीनाला के पूर्वी किनारे के बिल्कुल समीप है।

गैर-सरकारी इंजीनियरी कालेज

*947. **श्री स० चं० सामन्त :**
श्री सुबोध हंसदा :
श्री सिद्दय्या :

क्या **शिक्षा** मंत्री गैर-सरकारी इंजीनियरी कालेजों के सम्बन्ध में 24 फरवरी, 1965 के अतारांकित प्रश्न संख्या 280 के उत्तर के सम्बद्ध में यह बताने की कृपा करेंगें कि :

(क) क्या मैसूर सरकार तथा सम्बन्ध करने वाले विश्वविद्यालय को भेजी गई विशेष निरीक्षण समिती की रिपोर्ट वापस आ गई है,

(ख) यदि हां, तो क्या विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की सलाहसे उस पर पूर्ण-रूपेण विचार कर लिया गया है; और

(ग) क्या निर्णय किये गये है ?

शिक्षा मंत्रालय में उप मंत्री (श्री भक्त दर्शन): (क) प्रतिवेदन पर मैसूर और कर्नाटक विश्वविद्यालयों की टिप्पणियां प्राप्त हो गई है।

(ख) और (ग) : प्रश्न नहीं उठता।

Left Communists

***648. Shri Prakash Vir Shastri :**
Shri Jagdev Singh Siddhanti :

Will the Minister of **Home Affairs** be pleased to state :

(a) whether any further information about the anti-national activities of the Left Communists after their detention has been received;

(b) whether Government have received any suggestions that such an anti-national political Party should be banned; and

(c) if so, Government's reaction thereto ?

The Minister of State in the Ministry of Home Affairs (Shri Hathi): (a) Government have been receiving reports of prejudicial and anti-national activities of the members of the Left-C.P.I. in several States, such as subversive propaganda and advocacy of capturing power by violent revolution. They have been responsible for the circulation of some documents in West Bengal and other States with a view to fomenting dissatisfaction unrest and violence. There are also reports with the Government that attempts are being made to strengthen

the Party organisation by inducting new cadres and activising some of the Party organs. These activities are under close watch.

(b) Yes, Sir. Thi· is one of the suggestions received from time to time.

(c) Government have not so far considered such a step necessary.

दिल्ली में अपराध

***649 श्री रामेश्वर टांटिया :**

श्री स० चं० सामन्त :

क्या गृह-कार्य मंत्री 3 मार्च, 1965 के अतारांकित प्रश्न संख्या 548 के उत्तर के संबंध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को दिल्ली में अपराधों के सम्बन्ध में मि० पारकार की रिपोर्ट मिल गई है;

(ख) यदि हां, तो उसके मुख्य निष्कर्ष क्या है; और

(ग) उन्हें लागू करने के लिये क्या कार्यवाही की गई है ?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री हाथी) : (क) जी हां ।

(ख) एक विवरण सभापटल पर रखा दिया गया है । [**पुस्तकालय में रखा गया । देखिये संख्या एल० टी० 4857/65** ।]

(ग) स्थानीय स्थितियों तथा आवश्यकताओं को दृष्टि में रखते हुए इस रिपोर्ट में किये गये सुझावों और सिफारिशों पर विचार करने के लिये रिपोर्ट की प्रतिलिपियां राज्य सरकारों तथा संघ राज्य क्षेत्रों की सरकारों/प्रशासनों को बांटी गई हैं ।

बिहार में पैट्रो-रसायन उद्योगसमूह

***650. श्री प्र० रं० चक्रवर्ती :**

श्री प्र० चं० बरुआ :

श्री मधु लिमये :

श्री राम सेवक यादव :

क्या पैट्रोलियम और रसायन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने चौथी पंचवार्षीक योजना में बरौनी (बिहार) में पेट्रो-रसायन उद्योग समूह स्थापित करने के लिये अंतिम रूप से निर्णय कर लिया है ;

(ख) क्या राज्य सरकार को प्रारम्भिक सर्वेक्षण आरम्भ करने के लिये कहा गया है;

(ग) क्या राज्य सरकार ने तेल शोधक कारखाने के उत्पादों का प्रयोग करने के लिये बरौनी में एक उर्वरक तथा एक कास्टिक सोडे का कारखाना खोलने का अनुरोध किया है; और

(घ) उद्योग समूह पर कितना व्यय होने का अनुमान है ?

पैट्रोलियम और रसायन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अलगेसन): (क) जी हां ।

(ख) जी नहीं ।

(ग) जी हां ।

(घ) पैट्रो-केमीकल उद्योगों की अनुमानित लागत 20.1 करोड़ रूपये की है । उर्वरक योजना के आकार आखरी उत्पादों पर निर्भर होते हुए, जिनका आगे निश्चय किया जायेगा, उक्त योजना की लागत 25 करोड़ से लेकर 35 करोड़ रूपये हो सकती है । गैर सरकारी क्षेत्र में कास्टिक सोडा को तयार करने का प्रस्ताव विचाराधीन है ।

3—35 Lok Sabha/65

दिल्ली में विधि संबंधी प्रयोगशाला

*651. **श्री सुरेन्द्र पाल सिंह** : क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या दिल्ली पुलिस ने कुछ वर्ष पूर्व दिल्ली में विधि सम्बन्धी प्रयोगशाला स्थापित किये जाने की प्रार्थना की थी ताकि अपराधों की तेज़ी से तथा प्रभावी रूप से जांच की जाये ;

(ख) यदि हां, तो दिल्ली में ऐसी प्रयोगशाला स्थापित न किये जाने के क्या कारण हैं; और

(ग) क्या सरकार ने अब दिल्ली में ऐसी प्रयोगशाला स्थापित करने का निर्णय कर लिया है ?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री हाथी) : (क) जी, हां ।

(ख) और (ग) : केन्द्रीय जांच ब्यूरो तथा दिल्ली पुलिस की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिये केन्द्रीय जांच ब्यूरो के अधीन में दिल्ली एक अपराध विज्ञान प्रयोगशाला स्थापित करने का विचार है।

तटवर्ती तेलशोधक कारखानों में पैट्रोलियम का उत्पादन

*652. **श्री प्र० चं० बरुआ :**
श्री प्र० रं० चक्रवर्ती :

क्या **पैट्रोलियम** और **रसायन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का विचार गैर-सरकारी क्षेत्र के तीन तटवर्ती तेल शोधक कारखानों में पैट्रोलियम उत्पादन के वर्तमान ढांचे को बदलने का है ताकि इन के विदेशी मुद्रा सम्बन्धी व्यय को कम किया जा सके;

(ख) यदि हां, तो इस का ब्यौरा क्या है; और

(ग) इस पर इन कारखानों की प्रतिक्रिया क्या है ?

पैट्रोलियम और रसायन मंत्री (श्री हुमायुन कबिर) : (क) से (ग) : जी हां । आवश्यक कम उत्पादों के अधिक उत्पादन के लिए उत्पादन के ढांचे को बदलने के लिये शोधनशालाएं सहमत हो गई हैं ।

गुरु गोविन्द सिंह का 300 वां जन्म दिवस

*653. **श्री बलजीत सिंह :**
श्री साधू राम :

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को पता है कि गुरु गोविन्द सिंह का 300 वां जन्म दिवस जनवरी, 1966 में है; और

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार का विचार इसे राष्ट्रीय स्तर पर मनाने का है ?

शिक्षा मंत्रालय में सांस्कृतिक कार्य मंत्री (श्री हाजरनवीस) : (क) जी, हां ।

(ख) ऐसे शताब्दी-समारोह प्राय: गैर सरकारी संस्थाओं द्वारा आयोजित किए जाते हैं, समुचित मामलों में यदि सरकार से प्रार्थना की जाती है तो वह ऐसी संस्थाओं की सहायता करती है ।

नगर सुरक्षा

*654. **श्री हरि विष्णु कामत :**

डा० महादेव प्रसाद :

क्या **गृह-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) क्या हमारे देश को, विशेषकर बड़े शहरों तथा औद्योगिक क्षेत्रों की, सुरक्षा के लिये कोई एकीकृत योजना बनाई गई है; और

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

गृह-कार्य मंत्रालय में उपमंत्री (श्री ल० ना० मिश्र) : (क) जी हां।

(ख) सरकार द्वारा नागरिक सुरक्षा के लिये किये जाने वाले उपायों का रेडियों तथा समचार पत्रों ब्दारा प्रचार किया गया है। इससे अधिक विस्तार म जाना जनहित की दृष्टीस उचीत नही होगा।

जन शक्ति सम्बन्धी आवश्यकतायें

*655 **श्री प्र० रं० चक्रवर्ती :**

श्री प्र० चं० बरुआ :

श्रीमती रामदुलारी सिन्हा :

क्या **गृह-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या जनशक्ति निदेशालय ने आगामी दश वर्षों में कुशल कर्मचारियों सम्बन्धी आवश्यकता का अनुमान लगाने के लिये जनशक्ति के प्रयोग के संबन्ध में अध्ययन आरम्भ किया है;

(ख) तीसरी पंचवर्षीय योजना काल के अनुभव की समीक्षा से कहां तक यह पता चला है कि जैसे और जितने कुशल कर्मचारियों की आवश्यकता थी, उनकी उपलब्धि कहां तक उसके अनुरूप थी; और

(ग) क्या राज्यों से लोक सेवा आयोग के भर्ती के अनुभव और रोजगार सम्बन्धी सूचना अभिकरणों के प्रतिवेदन की छानबीन करने के लिये कहा गया है ?

गृह-कार्य मंत्रालय में उपमंत्री (श्री ल० ना० मिश्र) : (क) जी हां।

(ख) तीसरी पंचवर्षीय योजना के अनुभव की सम्पूर्ण समीक्षा योजना के पूर्ण होने पर ही की जा सकेगी।

(ग) रोज़गार सम्बंधी सूचना का सामायिक पुनरीक्षण राज्य-सरकारों को नियमित रूप से उपलब्ध होती है। इसी प्रकार राज्य लोक सेवा आयोग भी प्रतिवेदन प्रकाशित करते हैं। जनशक्ति की कमी दूर करन के लिये नीतियां निर्धारित करते समय सामान्यतः राज्य सरकारें इन प्रतिवेदनों तथा अन्यों का अध्ययन करती है। लगातार रूप में ऐसे अध्ययनों की वांछनीयता उनके ध्यान में लायी जायगी।

बर्मा आयल कम्पनी

*656. **श्री रामेश्वर टांटिया :**
श्री स० चं० सामन्त :
श्री सुबो हंसदा :
श्री प्र० चं० बरुआ :
श्रीमती सावित्री निगम :
श्री यशपाल सिंह :
श्री दे० जी० नायक :
श्री सोलंकी :
श्री प्र० के० देव :
श्री नरसिम्हा रेड्डी :
श्री बागड़ी :

क्या **पैट्रोलियम और रसायन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि बर्मा आयल कम्पनी ने केन्द्रीय सरकार को सूचित किया है कि वह रुपये में भुगतान वाले देशों से पेट्रोलियम उत्पादों का आयात करने के लिये तैयार है ;

(ख) यदि हां, तो किन शर्तों पर; और

(ग) बर्मा आयल कम्पनी के निर्णय से देश में पेट्रोलियम उत्पादों के वितरण में कितनी सहायता मिलेगी ?

पैट्रोलियम और रसायन मंत्री (श्री हुमायुन कबिर) : (क) जी हां।

(ख) इण्डियन आयल कारपोरेशन और बर्मा आयल कम्पनी के बीच में परस्पर तय होने वाली शर्तों के आधार पर इण्डियन आयल कारपोरेशन द्वारा उक्त कम्पनी को कुछ मात्राएं दी जायेंगी।

(ग) बर्मा आयल कम्पनी के वितरण केंद्रों की आवश्यकताओं के लिये दिगबोई शोधनशाला का उत्पादन सामान्यता पर्याप्त है। शेष रूपये में भुगतान वाले तेल से पूरा किया जायेगा और इस का प्रभाव केवल मामूली होगा।

Central Universities in States

*657. **Shri Prakash Vir Shastri :**
Shri P. C. Borooah :
Shri Surendra Pal Singh :
Shri Ram Sewak :
Shri P. G. Sen :

Will the Minister of **Education** be pleased to state :

(a) whether it is a fact that there is a scheme to provide a Central University in each State;

(b) if so, whether the State Governments have been consulted in this regard; and

(c) the reaction of the State Governments thereto ?

The Minister of Cultural Affairs in the Ministry of Education (Shri Hajarnavis) : (a) to (c). There is no scheme as such in the Ministry of Education to provide a Central University in each State.

However, the Conference of State Education Ministers held in October, 1962 and subsequently the Committee of Members on Higher Education in their report published in 1964 recommended setting up of a Central University in each State to promote emotional integration as well academic standards in the country. The University Grants Commission to whom the recommendations were referred to has supported them in principle but suggested that priority should be given to the improvement of the existing institutions and that when sufficient funds are available some of the existing universities in different States might be taken over and developed as Central Universities.

Since the question is also under the consideration of the Education Commission, decision on it has been deferred till the commission has given its findings. Pending decision on this issue, the State Governments have not been consulted.

गोआ का भविष्य

*658. **श्री हरि विष्णु कामत :** क्या गृह-कार्य मंत्री, 1 सितम्बर, 1965 के तारांकित, प्रश्न संख्या 333 के उत्तर के सम्बन्ध मे यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या गोआ के भविष्य के प्रश्न पर निर्णय कर लिया गया है तथा उसे कैसे कार्यान्वित किया जायेगा;

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण है ?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री हाथी) : (क) जी नहीं ।

(ख) प्रश्न ही नहीं उठता ।

(ग) इस मामले के सभी पहलुओं पर बहुत ध्यान से विचार करना आवश्यक है ।

स्कूलों के विद्यार्थियों के लिये भारत का इतिहास

2138. **श्री हेम राज :** क्या शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या समस्त भारत में स्कूलों के शिक्षा सम्बन्धी पाठ्क्रम में सम्मिलित करने के लिये स्कूलों के विद्यार्थियों के लिये भारत का प्रामाणिक इतिहास तैयार किया गया है;

(ख) यदि नहीं, तो क्या राज्यों ने अपने संस्करण तैयार कर लिये है; और

(ग) विभिन्न संस्कारणों मे सामंजस्य लाने तथा ब्रिटिश इतिहासकारों द्वारा घटनाओं को तोड़ मरोड़ कर तैयार किये गये संस्करणों को समाप्त करने के लिये क्या कार्यवाही की जा रही है ?

शिक्षा मंत्रालय में उपमंत्री (श्री भक्त दर्शन) : (क) तथा (ख) : स्कूलों की कक्षाओं के लिय भारतीय इतिहास की आदर्श पाठ्य-पुस्तके तैयार करने के लिये प्रसिद्ध इतिहासकारों की एक सूची बनाई गई है ।

(ग) ये पाठ्य-पुस्तक, राज्य सरकारों को, स्कूलो में उपयोग के लिये दी जायगी ।

नंदमबाकम में शल्य चिकित्सा औज़ार कारखाना

2139. **श्री अ० क० गोपालन :** क्या पैट्रोलियम और रसायन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) नंदमबाकम स्थित शल्य चिकित्सा औजार कारखाने में कब उत्पादन आरम्भ हो जायगा;

(ख) वहां पर कितनी किस्म के औजार बनाए जायेंगे; और

(ग) इस के लिये कुल कितने सहायक श्रमिकों की आवश्यकता होगी ?

पैट्रोलियम और रसायन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अलगेसन) : (क) से (ग) : शल्य चिकित्सा औजार कारखाने में उत्पादन शुरु हो गया है और वहां पर 166 किस्मों के औजारों को तयार किया जायेगा । जब कारखाना पूर्ण रूप से उत्पादन करने लगेगा तब लगभग 1400 व्यक्तियों को काम मिलेगा ।

केरल में पुलिस की ज्यादतियां

2140. **श्री अ० क० गोपालन :** क्या **गृह-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पिछले तीन महीनों में सरकार को केरल में पुलिस द्वारा की गई ज्यादातियों के विरुद्ध कितने अभ्यावेदन प्राप्त हुए हैं;

(ख) क्या पुलिस द्वारा अत्याधिक बल प्रयोग किये जाने के कारण कुछ व्यक्तियों को मृत्यु हुई है;

(ग) यदि हां, तो कितनी; और

(घ) सरकार ने इस के लिये उत्तरदायी व्यक्तियों के विरुद्ध क्या कार्यवाही की है ?

गृह-कार्य मंत्रालय म उपमंत्री (श्री ल० ना० मिश्र) : (क) केरल में पुलिस की ज्यादतियों के ख़िलाफ राज्य सरकार को पिछले तीन मास में 59 अभ्यावेदन प्राप्त हुए थे।

(ख) जी, हां।

(ग) कुंजु मुहम्मद नामक एक व्यक्ति पुलिस द्वारा अधिक बलप्रयोग के कारण मर गया।

(घ) कुंजु मुहम्मद को मृत्यु के लिये उत्तरदयी पुलिस कर्मचारियों को निलम्बित कर दिया गया हैं और भारतीय दंड संहिता की 304, 323 और 324 वीं धाराओं के अधीन उनके ख़िलाफ़ कार्यवाही की जा रही है।

केरल में चालियार नदी के पानी का दूषित हो जाना

2141. **श्री अ० क० गोपालन :** क्या **गृह-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को केरल में मावूर रेयन्स फैक्टरी, कालिकट के निकटवर्ती 14 गांवों की पंचायतों के प्रधानों की और से, ग्वालियर रेयन्स फैक्टरी द्वारा चालियर नदी मे बेकार रासायनिक पदार्थ बहा दिये जाने के कारण नदी के पानी के दूषित हो जाने के विरोध में अभ्यावेदन प्राप्त हुए है;

(ख) क्या सरकार को मालूम है कि पीने के लिये इस पानी का प्रयोग करने वाले हजारों परवारों को इस से बड़ी कठिनाई होती है; और

(ग) यदि हां, तो इस स्थिति को सुधारने के लिये सरकार का क्या उपाय करने का विचार है ?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री हाथी) : (क): जी, हां।

(ख) जी, हां।

(ग) नदी के पानी के सैम्पल लेकर उनका विश्लेषण किया गया। क्योंकि उन मे हानिकारक रसायन पाये गये, अतः फैक्टरी के प्रबंधकरण को यह कहा गया कि बेकार पदार्थों को रासायनिक प्रक्रिया करने के बाद नदी के बहाव की ओर $2\frac{1}{2}$ मील आगे फेंका जाय। इस उदेश्य से कम्पनी के लिये भूमि का एक प्लाट प्राप्त किया गया है ; तथा शीघ्र ही उन्हें दे दिया जायेगा। ऐसी आशा हैं कि उपरोक्त प्रक्रिया अपनाने पर चालियार नदी के पानी के दूषित होने की समस्या हल हो जायेगी।

थोतड़ पालिटैक्निक

2142. **श्री अ० क० गोपालन :** क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को मालूम है कि थोतड़ पालिटैक्निक, कन्नानूर, केरल के कर्मचारियों तथा विद्यार्थियों को अत्यावश्यक उपकरण न मिलने के कारण बड़ी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है;

(ख) क्या सरकार को मालूम है कि विदेशी मद्रा सम्बन्धी कठिनाई के कारण इस प्रयोजन के लिये नियत की गई राशि खर्च नहीं की जा सकी; और

(ग) यदि हां, तो ईस कठिनाई को दूर करने के लिए सरकार का क्या कारवाही करने का विचार है ?

शिक्षा मंत्रालयमें उप मंत्री (श्री० भक्त दर्शन) : (क) पता लगा है कि सिविल, यांत्रिक, बिजली और कपडा विभाग में से केवल कपड़ा विभाग में ही उपकरण कम है।

(ख) जी हां, अंशता विदेशी मुद्रा की कठिनाई के कारण।

(ग) विदेशी मुद्रा की प्राप्य सीमित राशि में से जितनी भी राशि हो सकती है इस पालिटैक्निक को दी जा रही है।

केरल में नगरपालिका कर्मचारियों सम्बन्धी नियम

2143. **श्री अ० क० गोपलान** : क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या केरल के नगरपालिका कर्मचारियों सम्बन्धी सामान्य नियम बनाये जा चुके हैं; और

(ख) यदि हां, तो कर्मचारियों को नियुक्त करने तथा उनकी संख्या निर्धारित करने का अधिकार किस को दिया गया है ?

गृह-कार्य मंत्रालय मे राज्य मंत्री (श्री हाथी) : (क) जी, नहीं।

(ख) प्रश्न ही नहीं उठता।

Allotment of Land to Migrants from East Pakistan

2144. **Shrimati Minimata** : Will the Minister of **Rehabilitation** be pleased to state :

(a) whether Government are considering a scheme for the allotment of land to the migrants from East Pakistan; and

(b) if so, the details thereof ?

The Minister of Rehabilitation (Shri Tyagi) : (a) and (b) : It has been decided that wherever agricultural land in compact blocks of 250 acres or more is available, Group Farms may be set up for the resettlement of the migrants from East Pakistan. Where, however, agricultural land is available in blocks of less than 250 acres, the allotment of land on an individual basis may be made. The size of individual holding of agricultural land may, however, vary from State to State from three to five acres depending upon the availability, cost and type of land.

For homestead purposes, the size of plot may vary from one third to half an acre in rural areas and will be about 150 sq. yards in urban areas.

प्रशासनिक समस्यायें

2145. **श्रीमती रामदुलारी सिन्हा** : क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि गृह-मंत्रालय की 1964-65 की वार्षिक रिपोर्ट हिन्दी संस्करण के पृष्ठ 20-21 (अंग्रजी रिपोर्ट के पृष्ठ 18) के पैरा 27 में जैसा संकेत है उसके अनुसार कितने और किस प्रकार के समस्या वाले क्षेत्रों का निर्धारण किया गया है और उसके क्या परिणाम निकले हैं ?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री हाथी) : गृह मंत्रालय के वार्षिक प्रतिवेदन के 24 से 26 अनुच्छेद तक तथा प्रशासनिक सुधार विभाग के 1964-65 के वार्षिक प्रतिवेदन के अध्याय 2,3 और 5 में वे समस्या वाले क्षेत्र बताए गए हैं जिनकी जांच की जा रही है। इन प्रतिवेदनों के प्रकाशन के बाद और भी समस्या वाले क्षेत्र निर्धारित किये गए हैं और निम्नलिखित अध्ययन भी शुरू किये गए हैं या करने की योजना है :—

1. लौह तथा इस्पात नियंत्रण संगठन का मिश्रित अध्ययन।
2. वान (वस्त्र) आयुक्त के संगठन का मिश्रित अध्ययन।

3. सीमा-शुल्क विभाग का मिश्रित अध्ययन ।

4. कोयला नियंत्रक के संगठन का मिश्रित अध्ययन ।

5. सभी राज्यों में जिला प्रशासन का अध्ययन, समाहता के दायित्व पर विशेष रूपसे ध्यान देते हुए ।

6. केन्द्र में भारतीय प्रशासन सेवा के दायित्व का अध्ययन ।

7. मंत्रालयों आदि की कर्मचारी शक्ति का प्रकार :—

(i) वाणिज्य मंत्रालय का अध्ययन ।

(ii) राजस्व तथा समायोजन विभाग, वित्त मंत्रालय का अध्ययन ।

(iii) वित्त (प्रतिरक्षा) मंत्रालय तथा प्रतिरक्षा महालेखा नियंत्रक के बीच संगठनात्मक सम्बन्ध का अध्ययन ।

8. दिल्ली कोषागार में भुगतान तथा वसूली की प्रक्रिया का अध्ययन (दिल्ली प्रशासन के सहयोग से) ।

9. पेंशन की मंजूरी का नियंत्रण करने वाली प्रक्रियाओं तथा नीतिओं का अध्ययन ।

10. भूरा कोयला निगम कार्यालय का संगठन तथा प्रक्रिया सम्बन्धी अध्ययन ।

11. वरिष्ठ अधिकारियों के वैयक्तिक कर्मचारियों के दायित्व का अध्ययन ।

12. गृह मंत्रालय, वित्त मंत्रालय आदि जैसे सामान्य सेवा संगठनों द्वारा विहित विवरणों में कमी/सुव्यवस्था ।

13. वित्तीय शिष्ट मण्डल का अध्ययन ।

अब तक निम्नलिखित संगठनों के अध्ययनों पर सिफारिशों के साथ प्रतिवेदन दिये गए हैं :—

(क) आयात व निर्यात के मुख्य नियंत्रक का संगठन (केवल भाग I)

(ख) तकनीकी विकास का महानिदेशालय (केवल भाग I)

(ग) केन्द्रीय सार्वजनिक निर्माण विभाग

(घ) सम्भरण व निपटान का महानिदेशालय (केवल भाग I)

(ङ) निर्माण तथा आवास मंत्रालय (भाग I) निर्माण स्कन्ध-स्कन्ध संगठन तथा कार्य प्रक्रिया का पुनर्गठन ।

(क) और (घ) क्रम संख्या पर दिये गए प्रतिवेदनों पर कार्यवाही कर ली गई है और उन्हें लागू किया जा रहा है । अन्य प्रतिवेदनों पर कार्यवाही चालू है और शीघ्र ही अन्तिम निर्णय कर लिये जाने की आशा है ।

नशाबन्दी

2146. **श्री सिद्दय्या :**
श्री ओंकार लाल बेरवा :

क्या गृह-कार्य मंत्री 18 अगस्त 1965 के तारांकित प्रश्न संख्या के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) नशाबन्दी संबंधी अध्ययन दल के प्रतिवेदन पर मैसूर सरकार से प्राप्त हुई टिप्पणियों का ब्योरा क्या है; और

(ख) सरकार द्वारा इस प्रतिवेदन पर कब तक अन्तिम निर्णय किये जाने की संभावना है ?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री हाथी) : (क) वर्तमान हालात में नशाबन्दी अध्ययन दल के प्रतिवेदन पर राज्य सरकार की टिप्पणियां बताना वांछनीय नहीं समझा जाता है।

(ख) इस प्रतिवेदन पर राज्य सरकारों को सलाह से जोर शोर से विचार किया जा रहा है और आशा है कि शीघ्र ही निर्णय कर लिये जायेंगे किन्तु कोई निश्चित तिथि नहीं बताई जा सकती।

सरकारी कर्मचारियों की सेवा निवृत्ति की आयु

2147. **श्री राम हरख यादव :**

श्री मुरली मनोहर :

क्या **गृह-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने केन्द्रीय सरकार के कर्मचारियों की सेवा निवृत्ति की आयु को बढ़ाकर 60 वर्ष करने का निर्णय किया है;

(ख) यदि हां, तो इस परिवर्तन से कितने सरकारी कर्मचारि ों पर प्रभाव पड़ेगा; और

(ग) यह परिवर्तन कब से लागू होगा ?

गृह-कार्य मंत्रालय में उपमंत्री (श्री ल० ना० मिश्र) : (क) जी नहीं।

(ख) और (ग) : प्रश्न ही नहीं उठते।

खजुराहो मन्दिर

2148. **श्री लखमू भवानी :** क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को मालूम है कि खजूराहो मन्दिर की हालत अच्छी नहीं है;

(ख) यदि हां, तो इस मामले में सरकार का क्या कार्यवाही करने का विचार है; और

(ग) 1964-65 में इस मन्दिर की देखभाल पर कितनी राशि खर्च की गई ?

शिक्षा मंत्रालय में सांस्कृतिक-कार्य मंत्री (श्री हजरनवीस) : (क) मन्दिर बहुत ही अच्छी हालत में है और इन का परिरक्षण ठीक तरह से हो रहा है।

(ख) इस बात का प्रश्न ही उत्पन्न नहीं होता।

(ग) रु० 18,800।

कतिपय विश्वविद्यालयों में काम करने के दिन

2149. **श्री यशपाल सिंह :**

श्री बागड़ी :

श्री कर्णी सिंहजी :

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि एक राज्य में कई ऐसे विश्वविद्यालय है जो वर्ष भर में केवल 80 दिन खुलते है; और

(ख) यदि हां, तो उनके नाम क्या है ?

शिक्षा मंत्रालय में सांस्कृतिक-कार्य मंत्री (श्री हजरनवीस) : प्राप्त सूचना के अनुसार ऐसा कोई विश्वविद्यालय नहीं है जो वर्ष में केवल 80 दिन खुलता हो।

(ख) प्रश्न उत्पन्न नहीं होता।

विद्रोही नागाओं के साथ मुठभेड़

2150. श्री दी० चं० शर्मा :

श्री हेडा :

क्या **गृह-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या 23 मई, 1965 को मनीपुर के तेंगनोनपाल सब-डिवीज़न में अनलखुल्ले गांव के निकट मनीपुर राइफल के एक गश्ती दल ने भूमिगत विद्रोही नागाओं द्वारा चलाई गई गोलियों के जबाब में गोली चलाई; और

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री हाथी) : (क) जी, हां ।

(ख) 23 मई को मनीपुर राइफल के एक दल तथा अनल विद्रोहियों के बीच गोली चलाई गई, जबकि सुरक्षा-दल ने तेंगनोनपाल सब-डिविज़न में अनल-खुल्ले ग्राम के समीप थोरियम में उनके छुपने के स्थान पर छापा मारा था । विद्रोही समीप के जंगल में भाग गये । दोनों दलों मे से कोई आहत नहीं हुआ । छुपने के स्थान को तलाशी करने पर सुरक्षा-दल को एक एस० एम० बी० एल० गत, कुछ वर्दियां और बर्तन मिले । एक खम्बा मारिंग को बचाया गया जिसे विद्रोहो 16 अप्रल को भगा ले गये थे ।

केन्द्रीय सचिवालय सेवा के अधिकारियों की पदोन्नतियां

2151. श्री सुबोध हंसदा :

श्री स० चं० सामन्त :

डा० पू० ना० खां :

श्री म० ला० द्विवेदी :

श्रीमती सावित्री निगम :

क्या **गृह-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि केन्द्रीय सचिवालय सेवा के अधिकारियों ने यह मांग की है कि उनको पदोन्नतियोंसे संबंधित उनकी शिकायतों कि जांच करने के लिये एक स्वतंत्र आयोग नियुक्त किया जाये;

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में सरकार की क्या प्रतिक्रिया है; और

(ग) उन अधिकारियों की शिकायतों को दूर करने के लिये सरकार क्या उपाय करने का विचार कर रही है जिनको 10 वर्ष से अधिक समय से पदोन्नति नहीं हुई है ?

गृह-कार्य मंत्रालय में उपमंत्री (श्री ल० ना० मिश्र) : (क) सम्भवत: केन्द्रीय सचिवालय सेवा (ग्रेड I) एसोसियेशन द्वारा 23 जून, 1965 को पारित प्रस्ताव की ओर निदेश किया गया है । यदि ऐसा है, तो उत्तर हां है ।

(ख) और (ग) : इन प्रश्नों से ऐसे सैद्धांतिक प्रश्न उठ खड़े होते हैं जो उतने बड़े हैं कि उन पर एक प्रश्न के सीमित क्षत्र में कार्यवाही नहीं की जा सकती ।

अग्रता-प्राप्त शिक्षा परियोजनायें

2152. श्री यशपाल सिंह : क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या चौथी पंचवर्षीय योजना की कुछ अग्रता-प्राप्त शिक्षा परियोजनाओं के लिए राज्यों द्वारा बराबरी के आधार पर अंशदान दिये जानेको समाप्त करने का निर्णय किया गया है; और

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण है ?

शिक्षा मंत्रालय में उपमंत्री (श्रीमती सौन्दरम रामचन्द्रन) : (क) अभी तक ऐसा कोई निर्णय नहीं लिया गया है।

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

नवीन अखिल भारतीय सेवायें

2153. **श्रीमती सावित्री निगम** : क्या गृह-कार्य मंत्री 16 दिसम्बर, 1964 के अतारांकित प्रश्न संख्या 1465 के उत्तर के संबंध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या नवीन अखिल भारतीय सेवाओं के भरती तथा सेवा की शर्तों संबधी नियमों तथा विनियमों को अन्तिम रूप दिया जा चुका है; और

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री हाथी) : (क) अभी तक नहीं।

(ख) प्रश्न ही नहीं उठता।

Raman Committee's report on Bihar University

2154. **Shri Bibhuti Misra :**
Shri K. N. Tiwary :

Will the Minister of **Education** be pleased to state :

(a) whether it is a fact that Chancellor of Bihar University has forwarded the Raman Committee's report to the Central Government; and

(b) if so, the action taken thereon ?

The Minister of Cultural Affairs in the Ministry of Education (Shri Hajarnavis) : (a) A copy of the report was sent to the Union Minister for Education by the Chancellor of the Bihar University for his perusal.

(b) According to the provisions of the Bihar State Universities (University of Bihar, Patna, Bhagalpur and Ranchi) Act, 1960, as amended, it is for the Chancellor to take necessary action on the report in consultation with appropriate university authorities.

Punctuality in Central Secretariat and Central Government Offices

2155. **Shri M. L. Dwivedi :**
Shri Subodh Hansda :
Shrimati Savitri Nigam :

Will the Minister of **Home Affairs** be pleased to state :

(a) the arrangements made by the Ministry to ensure that the staff and Officers of the Central Secretariat and other Central Government offices attend office punctually and have full day's work;

The Deputy Minister in the Ministry of Home Affairs (Shri L. N Mishra) : (a) and (b) One scooter and two Motor Cycles were stolen from the premises of the Central Secretariat and from the M.P.'s flats during 1964.

(c) One scooter was recovered.

5—35 Lok Sabha/65

उत्तर प्रदेश को प्राथमिक तथा माध्यमिक शिक्षा के लिये अनुदान

2214. **श्री विश्वनाथ पाण्डे :** क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 1964-65 में उत्तर प्रदेश सरकार को प्राथमिक तथा माध्यमिक शिक्षा के लिये कित ी राशि के अनुदान तथा ऋण दिये गये, और

(ख) 1965-66 में इस राज्य को उस प्रयोजना के लिये कितनी धनराशि नियत किये जाने का विचार है ?

शिक्षा मंत्रालय में उपमंत्री (श्रीमती सौन्दरम रामचन्द्रन) : (क) और (ख) : 1964-65 के दौरान 29,06,576 रुपयों का अनुदान पेशगी दिया गया था और 65-66 के लिये 75,82,500 रुपयों की राशि नियत की गई थी। कोई ऋण नहीं दिया गया है अथवा न दिए जाने का विचार है।

पांडिचेरी में सरकारी कर्मचारियों के वेतनक्रम

2215. **श्री कु० शिवप्रघाशन :** क्या **गृह-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि पांडिचेरी संघ राज्यक्षेत्र के विलय से पहले के सरकारी कर्मचारियों के वेतन-क्रमों का पिछले चोदह वर्षों से पुनरीक्षण नही हुआ है हालांकि उन्हांने इस की बार-बार मांग की है ; और

(ख) क्या बढ़े हुए निर्वाह व्यय की दृष्टि से अधिक नगर भत्ता देने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है ?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री हाथी) : (क) विलय से पूर्व स्थायी कर्मचारियों के वेतन-क्रम सामान्य तौर पर उनके समान पदों के लिये भारतीय वेतनक्रमों से ऊंचे थे। इन वतनक्रमों को विलय की संधी द्वारा सुरक्षित रखा गया था। इसलिये उनके वेतन क्रमों के उन्नत किये जाने का प्रश्न हीं नही उठता। विलय से पहले के अस्थायी कर्मचारियों को उनकी इच्छानुसार विलय पूर्व के फांसीसी वेतनक्रम अथवा मद्रास के वतनक्रमों में से कोई चुन लेने को कहा गया था। मद्रास के वेतन क्रमों तथा भत्तों में समय समय पर संशोधन भी हो सकता है।

(ख) विलयपूर्व के वेतनक्रम पर नियुक्त स्थायी भूतपूर्व फ्रांसीसी कर्मचारियों को 1960 में एतदर्थ क्षतिपूरक भत्ता दिया गया था। अभी हाल ही में 1965 में क्षतिपूरक भत्ते की दरें बढ़ाई गई थी।

मैसूर में तेल शोधन कारखाना

2216. **श्री लिंग रेड्डी :** क्या **पैट्रोलियम और रसायन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या मैसूर राज्य में एक तेल शोधन कारखाना स्थापित करने के लिये मैसूर राज्य सरकार से कोई प्रस्ताव प्राप्त हुआ है;

(ख) यदि हां, तो कब;

(ग) इस विषय में क्या कार्यवाही की गई है ; और

(घ) क्या सरकार का विचार प्रत्येक राज्य में कम से कम एक तेल शोधक कारखाना स्थापित करने का है ?

पैट्रोलियम और रसायन मंत्री (श्री हुमायुन कबिर) : (क) से (ग): जनवरी 1963 में इस सम्बन्ध में मैसूर के मुख्य मंत्री ने प्रार्थना की थी किन्तु उस क्षेत्र में मांग के आधार पर चौथी योजना में मैसूर में एक शोधनशाला की व्यवस्था करना सम्भव नहीं हुआ।

(घ) इस सम्बन्ध में 16-8-65 को तेल नीति पर दिये गये मेरे विवरण पत्र की ओर ध्यान दिलाया जाता है।

तिहाड़ सेन्ट्रल जेल, दिल्ली

2217. **श्री बागड़ी :** क्या **गृह-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि डाक्टरी सहायता उपलब्ध न होने के कारण दिल्ली की तिहाड़ सेन्ट्रल जेल में जून 1965 में एक महिला की मृत्यू हो गई थी;

(ख) क्या इस मामले की जांच कराई गई है;

(ग) यदि हां, तो जांच का क्या परिणाम निकला; और

(घ) संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध क्या कार्यवाही की गई है ?

गृह-कार्य मंत्रालय में उपमंत्री (श्री ल० ना० मिश्र) : (क) से (घ) : श्रीमती सावित्री देवी नामक एक मानसिक रोगिणी महिला जो तिहाड़ सेन्ट्रल जेल में थी, अचानक 15 जून 1965 को मर गई। दिल्ली प्रशासन के एक वरिष्ठ अधिकारी द्वारा इस घटना की जांच की जा रही है।

ट्रावंकोर देवास्वम बोर्ड कर्मचारी

2218. **श्री वारियर :**

श्री प्रभात कार :

क्या **गृह-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या ट्रावंकोर देवास्वम बोर्ड कर्मचारियों ने मांग की है कि उनके वेतन तथा महंगाई भत्ते का पुनरीक्षण किया जाय; और

(ख) यदि हां, तो उनकी मांगे पूरी करने के लिये क्या कार्यवाही की गई है ?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री हाथी) : (क) जी हां।

(ख) ट्रावंकोर देवास्वम बोर्ड ने जो एक स्वायत्तता प्राप्त निकाय है, इस प्रश्न की जांच करने और अपने कर्मचारियों की मांगों को पूरा करने के उपायों के बारे में सिफारिश करने के लिए एक समिति नियुक्त की है।

प्रादेशिक इंजीनियरी कालेज, आसाम

2219. **श्री नि० रं० लास्कर :**

श्रीमती ज्योत्सना चन्दा :

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या आसाम का प्रादेशिक इंजीनियरी कालेज स्थापित करने के लिये आसाम के कछार जिले में सिलचर को अन्तिम रूप से चुन लिया गया है;

(ख) यदि हां, तो अब तक भूमि का अर्जन तथा उसे समतल करना इमारतों का निर्माण आदि जैसा प्रारंभिक कार्य कितना किया गया है; और

(ग) कालेज कब से चालू हो जायेगा ?

शिक्षा मंत्रालय में उप-मंत्री (श्री भक्त दर्शन) : (क) जी, हां।

(ख) राज्य सरकार ने सिलचर में कालेज की स्थापना के लिये ठीक स्थान के बारे में अभी निश्चय करना है।

(ग) चौथी पंचवर्षीय योजना के पहले या दूसरे वर्ष में यह कालेज चालू हो जायेगा।

Study Course for Asian Educationists

2220. **Dr. Mahadeva Prasad :** Will the Minister of **Education** be pleased to state :

(*a*) whether it is a fact that educationists from 22 Asian countries came to India in the last week of August to participate in a four-month study course in Delhi; and

(*b*) if so, the main features thereof ?

The Deputy Minister in the Ministry of Education (Shri Bhakt Darshan) : (*a*) Twenty officials of the Education Department of ten Asian Governments have joined the four-month Course for educational planners and administrators which started at the Asian Institute of Educational Planning and Administration, New Delhi, on the 23rd August, 1965.

(*b*) A summary of the syllabus giving the main features of the Course is given in the statement laid on the Table of the House. [*Placed in the Library. See No. LT*-4863/65.]

साधना चिट फण्ड

2221. **श्री बालगोविन्द वर्मा :** क्या **गृह-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगें कि :

(क) क्या साधना चिट फण्ड, चांदनी चौक, दिल्ली के विरुद्ध जनता को धोखा देने के **बारे में** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा से कोई शिकायतें की गई थी ?

(ख) यदि हां, तो क्या शिकायतें की गई थी; और

(ग) इस सम्बन्ध में क्या कार्यवाही की गई है ?

गृह-कार्य मंत्रालय में उपमंत्री (श्री ल० ना० मिश्र) : (क) जी, हां।

(ख) 1965 के दौरान कम्पनी के प्रबन्धकों द्वारा जमा की गई राशियों के दुर्विनियोग तथा नियमित रूप से नीलामी न कराने के बारे में 22 और भुगतान न किये जाने के बारे में 9 शिकायतें दिल्ली पुलिस को प्राप्त हुई । इनमें से 4 शिकायतें दाखिल दफ्तर कर दी गई क्योंकि उनमें कोई हस्तक्षेप योग्य अपराध नहीं बन सका तथा 14 शिकायतों पर कम्पनी के साथ समझौता कर लिया गया। 10 शिकायतों की अभी जांच की जा रही है। शेष 3 शिकायतों में शिकायत करने वालों ने अपनी मर्जी से अपनी किश्तों का भुगतान रोक दिया था और उनकी चिटें कम्पनी द्वारा जप्त कर ली गई थी।

विदेशों में पढ़ने वाले मध्य प्रदेश के विद्यार्थी

2222. **श्री लखमू भवानी :** क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) मध्य प्रदेश के कितने विद्यार्थी सरकारी खर्चे पर तथा कितने अपने खर्चे पर विदेशों में पढ़ रहे है; और

(ख) उनमें यदि कुछ आदिवासी है तो कितने ?

शिक्षा मंत्रालय में उपमंत्री (श्रीमती सौन्दरम रामचन्द्रन) : (क) और (ख) : सूचना एकत्र की जा रही है और जैसे ही यह प्राप्त होगी, सभा पटल पर रख दी जायेगी।

केरल में एक पुराने कब्रिस्तान की खोज

2223. **श्री वारियर :**

श्री वासुदेवन नायर :

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को केरल राज्य के पुरातत्व विभाग से उसके द्वारा पालघाट जिले में खोजे गये एक बाईस सौ वर्ष पुराने कब्रिस्तान के बारे में कोई रिपोर्ट प्राप्त हुई है; और

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

शिक्षा मंत्रालय में सांस्कृतिक-कार्य मंत्री (श्री हजरनवीस) : (क) जी, नहीं।

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

गोहाटी तेल शोधक कारखाने की गैस

2224. **श्री प्र० चं० बरुआ :** क्या **पैट्रोलियम** और **रसायन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) घरों में इंधन के रुप में प्रयोग किए जाने के लिये गौहाटी तेल शोधक कारखाने की गैस को बोतलों में बन्द करने तथा उनके वितरण सम्बन्धी प्रस्ताव को कार्यान्वित करने के लिये क्या कार्यवाही की गई है;

(ख) क्या गोहाटी तेल शोधक कारखाने में अवशिष्ट गैसों से तरल पेट्रोलियम गैस पैदा करने के लिये आवश्यक उपकरण प्राप्त कर लिये गये हैं ; और

(ग) यदि नहीं। तो इस दिशा में क्या कार्यवाही की जा रही है ?

पैट्रोलियम और रसायन मंत्री (श्री हुमायुन कबिर) : (क) सरकार गौहाटी शोधनशाला में तरल पेट्रोलियम गैस के उत्पादन-योजना की जांच कर रही है।

(ख) और (ग) : प्रश्न नहीं उठता।

दिल्ली में अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित आदिम जातियों के हैड कांस्टेबलों को असिस्टेंट सबइन्स्पेक्टर बनाना

2225. **श्री वाडीवा :** क्या **गृह-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 1964-65 में दिल्ली पुलिस के अनुसूचित जातियों/अनुसूचित आदिम जातियों के कितने हैड कांस्टेबलों को विभागीय परीक्षा द्वारा पदोन्नत करके असिस्टेंट सब-इन्स्पेक्टर बनाया गया ; और

(ख) क्या रक्षित कोटे के सभी पद भरे गये हैं ?

गृह-कार्य मंत्रालय में उपमंत्री (श्री ल० ना० मिश्र) : (क) और (ख) : अभीष्ट सूचना एकत्रित की जा रही है, तथा प्राप्त होने पर सभापटल पर रख दी जायगी।

मिट्टी के तेल के भाव में वृद्धि

2226. **श्रीमती मैमूना सुल्तान :** क्या **पैट्रोलियम** और **रसायन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि उत्पादन शुल्क में हाल ही में वृद्धि किये जाने के पश्चात दिल्ली में मिट्टी के तेल का भाव बढा दिया गया है;

(ख) यदि हां, तो कितनी वृद्धि हुई है; और

(ग) उत्पादन शुल्क में हुई वृद्धि को पूरा करने के लिये कितनी वृद्धि करना आवश्यक है और बढ़े हुए उत्पादन शुल्क का कितना भाग उपभोक्ताओं को सहन करना होगा ?

पैट्रोलियम और रसायन मंत्री (श्री हुमायुन कबिर) : (क) से (ग) : जी, हां। कर में वृद्धि होने के कारण बढ़िया मिट्टी के तेल के विक्रय मूल्य में 51.30 रुपये प्रति किलो लिटर की वृद्धि हुई है। कर की सम्पूर्ण धनराशि उपभोक्ताओं से वसूल की जाती है।

दिल्ली नगर निगम के चुनाव

2227. **श्री बागड़ी :** क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि दिल्ली नगर निगम के चुनाव एक वर्ष के लिये स्थगित कर दिये गये हैं;

(ख) यदि हां, तो उसके क्या कारण हैं; और

(ग) क्या यह स्थगन चुनाव कानून के विरुद्ध नहीं है ?

गृह-कार्य मंत्रालय में उपमंत्री (श्री ल० ना० मिश्र) : (क) जी, नहीं ।

(ख) प्रश्न ही नहीं उठता ।

(ग) जी, नहीं । दिल्ली नगर निगम अधिनियम की धारा 4(1) के परन्तुकों से सरकार को पार्षदों तथा नगर-वृद्धों (आल्डरमैनों) के कार्यकाल में वृद्धि करने का (एक वर्ष से अधिक नहीं) अधिकार है ।

भारत में पाकिस्तान-समर्थक मुसलमान

2228. **श्री दी० चं० शर्मा :** क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या अखिल भारतीय हिन्दू महासभा की अन्तरंग सभा ने सरकार से यह अनुरोध किया है कि उन भारतीय मुसलमानों को, जिनके परिवार पाकिस्तान में रहते हैं, तथा जिनका अधिकांश कारोबार अथवा सम्पत्ति पाकिस्तान में है, संदिग्ध व्यक्ति घोषित किये जाने के लिये कानून बनाया जाये;

(ख) यदि हां, तो इस सम्बन्ध में सरकार की क्या प्रतिक्रिया है; और

(ग) इस मामले में क्या कार्यवाही करने का विचार किया गया है ?

गृह-कार्य मंत्रालय में उपमंत्री (श्री हाथी) : (क) जी, हां ।

(ख) सरकार उन लोगों के बारे में सतर्कता वर्तने के प्रश्न पर जागरूक है जिनके हित पाकिस्तान में हैं । फिर भी ऐसे कोई कानून बनाना सम्भव नहीं होगा जैसे हिन्दू महासभा द्वारा सुझाये गये हैं क्योंकि वे हमारे संविधान में की गई व्यवस्थाओं के विरुद्ध होंगे । राज्य सरकार द्वारा समाज विरोधी तथा राष्ट्रविरोधी तत्वों की सूचियां रखी जाती हैं ताकि साम्प्रदायिक उपद्रवों अथवा अन्य आंतरिक गड़बड़ों के समय या इस समय की तरह बाहरी आक्रमण का सामना करते समय उनके खिलाफ़ उपयुक्त कार्यवाही की जा सके ।

(ग) भारत सरकार सुरक्षा उपायों को मज़बूत बनाने के विभिन्न सुझावों पर विचार करती रही है और वर्तमान स्थिति में इन पर पहले ही अमल किया जा रहा है ।

युद्ध सेवा कर्मचारियों को पेंशन

2229. **श्री जेधे :** क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि यदि कोई युद्ध सेवा कर्मचारी असैनिक विभाग में अस्थायी पद पर नियुक्त होने के पश्चात स्थायी कर दिया जाता है तो उसको सम्पूर्ण युद्ध सेवा अवधि असैनिक पद की पेन्शन के निमित्त गिनी जाती है, और उससे वह उपदान वापिस नहीं मांगा जाता जो उसे सेना की सेवा से मुक्त होने पर मिला हो;

(ख) क्या यह भी सच है कि मृत्यु एवं सेवा निवृत्ति लाभ नियम, 1958 के नियम 8(3)(क)(दो) के अनुसार सिविल पद में पेन्शन के लिये अधिक से अधिक 5 वर्ष की युद्ध सेवा ही गिनी जाती है, पूरी युद्ध सेवा नहीं ; और

(ग) यदि हां, तो क्या सरकार का विचार सभा पटल पर आदेशों की एक प्रति रखने का है ?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री हाथी) : (क) जी, हां।

(ख) जी, नहीं। मृत्यु एवं सेवा निवृत्ति लाभ नियम, 1958 (29-10-63 के संशोधित रूप में) के अनुसार भारतीय प्रशासन सेवा तथा भारतीय पुलिस सेवा में पेंशन के लिये कुल युद्ध सेवा के पूरे किये गए वर्ष गिने जाते हैं।

(ग) इस विषय पर सम्बन्धित नियमित संशोधन नियमों की एक प्रति 11 मार्च, 1964 को सदन के सभा-पटल पर रख दी गई थी।

अवलम्बनीय लोक महत्व के विषय की और ध्यान दिलाना

CALLING ATTENTION TO THE MATTER OF URGENT PUBLIC IMPORTANCE

जकार्ता में "अेयर इंडिया" के कार्यालय पर हमला

श्री प्र० चं० बरुआ (शिवसागर) : मैं वैदेशिक कार्य मंत्री का ध्यान अविलम्बनीय लोक महत्व के निम्नलिखित विषय की ओर दिलाता हूं और प्रार्थना करता हूं कि वह इस बारे में एक वक्तव्य दें :

"13 सितम्बर, 1965 को जकार्ता में एयर इण्डिया के कार्यालय पर इंडोनेशिया के लोगों की एक भीड़ द्वारा हमले का समाचार।"

श्री स० मो० बनर्जी (कानपुर) : मेरा एक व्यवस्था का प्रश्न है। कब जब इस सभा में यह मामला उठा था और अध्यक्ष महोदय ने मंत्री महोदय से एक वक्तव्य देने को कहा था तो उन्होंने बताया था कि वह विदेशी कार्यालय से कुछ जानकारी प्राप्त होने की प्रतीक्षा कर रहे हैं। हमने इसको ठिक समझा और आज तक प्रतीक्षा करने को तैयार रहे। लेकिन इतने समय में आज के समाचारपत्रों में यह समाचार पढ कर मुझे आश्चर्य हुआ कि वैदेशिक कार्य मंत्रालय में उपमंत्री ने राज्य सभा में एक ऐसे ही ध्यानाकर्षण सूचना का उत्तर दिया। यह बड़ी आश्चर्य जनक बात है कि उन्हें पहले जानकारी दे दी गई और हमे इन्कार कर दिया गया।

केवल इतना ही नहीं। "टाइम्स ऑफ इंडिया" में प्रकाशित एक समाचार के आधार पर युद्ध-विराम के बारे में भी एक ध्यानाकर्षण सूचना दी गई थी। इस सभा में इस को यह कह कर अनुमति नहीं दी गयी कि यह बडा नाजुक मामला है और राज्य सभा में एक अन्य सदस्य ने जब यह प्रश्न उठाया, तो श्री ति० त० कृष्णमाचारी ने इसका उत्तर दिया और कहा इस बारे में उनको अधिक जानकारी नहीं है, महासचिव यहां पर है और वह स्वयं इस नाजुक मामले पर विचार कर रहे हैं।

अत: इस पर मैं आपका विनिर्णय चाहता हूं कि क्या इस सभा की इस प्रकार उपेक्षा की जानी चाहिए और राज्य सभा को विशेषाधिकारी रूप में माना जाये। आखिर हम निर्वाचित सदस्य हैं। हमें गांधी जी के समझदार बंदर नहीं माना जा सकता कि 'कोई प्रश्न न पूछो, कोई बात न सुनो, कुछ चीज न देखो'।

श्री कपूर सिंह : इसमें कोई असामान्य या आश्चर्यजनक नहीं है। अक्सर ऐसा होता है और हम सहन करते रहे हैं।

वैदेशिक-कार्य मंत्री (श्री स्वर्ण सिंह) : माननीय सदस्य का यह कहना गलत है कि इस बारे में कल राज्य-सभा में एक ध्यानाकर्षण सूचना का उत्तर दिया गया था। वास्तव में उसका सम्बन्ध इससे पहले की घटना से था जिसके बारे में मैं यहां पर एक ध्यान दिलाने वाली सूचना का उत्तर दे चुका हूं। वह ध्यान दिलाने वाली सूचना हमारे दूतावास पर प्रदर्शन के बारे में थी। इस एयर इण्डिया की घटना के बारे में कोई ध्यान दिलाने वाली सूचना नहीं थी। वास्तव में इस बारे में राज्य सभा में आज या कल उत्तर दिया जाएगा।

उपाध्यक्ष महोदय : इसमें कोई व्यवस्था का प्रश्न नहीं है । यहां प्रश्न यहां पर कल उठाया गया था और मंत्री महोदय कुछ समय चाहते थे और अध्यक्ष महोदय ने उन्हें आज तक का समय दे दिया था ।

श्री स० मो० बनर्जी : दूसरी बात का क्या हुआ । इसका उत्तर वहां पहले दिया गया था ।

श्री स्वर्ण सिंह : उपलब्ध जानकारी के अनुसार 13 सितम्बर, 1965 को लगभग 1.30 बजे म० प० जकार्ता में 'एयर इण्डिया' के मुख्य कार्यालय पर 300 व्यक्तियों की एक भीड ने हमला किया। भीड ने अभिलेखों, फर्नीचर आदि को बाहर निकाल कर आग लगा दी । कार्यालय की खिडकियों को इश्तिहारों से, जिनपर प्रचार सम्बन्धी नारे छपे हुए थे, ढक दिया । हमे बहुत खेद है कि इंडोनेशियाई अधिकारी भीड को यह भद्दा प्रदर्शन करने से न रोक सके और कोई रक्षा व्यवस्था न कर सके ।

इससे हुई क्षति का अभी अनुमान नहीं लगया गया है ।

इससे पहले 11 सितम्बर को इंडोनेशियाई असैनिक उड्डयन विभाग के मंत्री ने भारतीय राजदूत की उपस्थिति में "एयर इण्डिया" के स्टेशन मैनेजर को बुलाकर सूचित किया था कि वर्तमान परिस्थितियों में जकार्ता को एयर इण्डिया की विमान सेवाओं को दो सप्ताहों की अवधि के लिये बन्द कर दिया जाये । वास्तव में "एयर इण्डिया" ने 10 सितम्बर से यह सेवा बन्द कर दी थी ।

हमने अपने राजदूत को सत्यानाश की इस कार्यवाही के विरुद्ध इंडोनेशियाई वैदेशिक-कार्य मंत्रालय को एक कडा विरोध-पत्र भेजने के लिये निदेश दिये हैं ।

समाचार मिला है कि बम्बई में "एयर इण्डिया" के कर्मचारियों ने यह निर्णय किया है कि वे जकार्ता में "एयर इण्डिया" के कार्यलय को नष्ट करने और इंडोनेशियाई अधिकारियों के रवैये के कारण बम्बई में "गरुड (इंडोनेशियन) एयरवैज" के विमानों की मरम्मत आदि का काम नहीं करेंगे । "गरुड एयरवेज" की बम्बई होकर उड़ाने बन्द कर दी गयी हैं ।

श्री इन्द्रजित गुप्त (कलकत्ता दक्षिण-पश्चिम) : कलकत्ता में भी ऐसा हुआ है ।

श्री प्र० चं० बरुआ : क्या सरकार यह समझती है कि इंडोनेशिया में बारबार भारतविरोधी प्रदर्शन और भारतीय सम्पती को जान बूझ कर नष्ट करना केवल इंडोनेशियाई सरकार की सहमति अथवा समर्थन पर ही संभव है ; यदि हाँ, तो सरकार इस बारे में क्या कार्यवाही करेगी कि यदि आवश्यक हुआ तो इंडोनेशिया से कूटनीतिक सम्बन्ध तथा अन्य सम्बन्ध तोड लिये जाये ?

श्री स्वर्ण सिंह : यह स्पष्ट है कि इस प्रकार के सत्यानाश की कार्यवाही को इंडोनेशियाई आधिरियों द्वारा न रोक सकना बड़ी गंभीर बात है । हम जानते हैं कि दिल्ली में विद्यार्थियों ने अपनी इच्छा से इंडोनेशियाई राजदूतावास पर प्रदर्शन किया था । लेकिन हमारी पुलिस ने कडी कारवाई करके उनकी सम्पत्ति की रक्षा की । अतः भारतीय दूतावास के कर्मचारियों की भारतीय सम्पत्ति और व्यक्तियों की सुरक्षा में इंडोनेशियाई सरकार अपना उत्तरदायित्व निभाने में बुरी तरह असफल रही है ।

श्री प्र० चं० बरुआ : सरकार इस बारे में क्या कदम उठा रही है ?

श्री स्वर्ण सिंह : उनकी विमान सेवायें बन्द कर दी गयी हैं । यहां पर अब गरुड इन्डोनेशियन विमान सेवा के विमान नहीं आ सकेंगे ।

श्री हेम बरुआ : क्या मैं सरकार का ध्यान इस और दिला कर, कि इंडोनेशिया सरकार ने हाल में बरास्ता चीन, पाकिस्तान को शस्त्रास्त्र और लडाकू विमान भेजने का फैसला किया है, यह पूछ सकता हूं कि क्या हमारी सरकार ने सरकारी तौर पर इंडोनेशिया सरकार को यह बता दिया है कि यह कायवाही शत्रुतापूर्ण समझी जायेगी और क्या हमारी सरकार ने श्रीलंका सरकार को इंडोनेशिया के लडाकू विमानों को अपने यहां से गुजरने से इन्कार कर देने पर बधाई दी है ?

उपाध्यक्ष महोदय : यह प्रश्न उत्पन्न नहीं होता है। केवल प्रथम भाग का ही उत्तर दिया जाये।

श्री स्वर्ण सिंह : जहां तक पहले भाग का सम्बन्ध है, मैंने इंडोनेशिया में अपने राजदूतावास पर प्रदर्शन के बारे में इस सभा को सूचित करते हुए एक वक्तव्य दिया था कि जब पाकिस्तान ने भारत पर आक्रमण किया है और आक्रमण करना जारी है तो किसी भी सरकार द्वारा पाकिस्तान को शस्त्रास्त्र देना शत्रुता पूर्ण है।

श्री हरि विष्णु कामत : क्या आपने उनको बता दिया है ?

श्री स्वर्ण सिंह : हमने सभी देशों को बता दिया है और निश्चित ही इंडोनेशिया को इस बारे में हमारे दृढ़ विचारों का पता है।

श्री हेम बरुआ : मैं ने साफ साफ पूछा था कि क्या इंडोनेशिया सरकार को सरकारी तौर पर यह बता दिया गया है कि भारत इस कार्यवाही को शत्रुतापूर्ण समझता है। मैं यह भी चाहता हूं कि हमारी सरकार श्रीलंका सरकार को उनकी कार्यवाही के लिये बधाई दे।

श्री स्वर्ण सिंह : संसद में दिये गये वक्तव्य का मतलब है कि मैं सरकारी की सहमति पर वक्तव्य दे रहा हूं और यह केवल इंडोनेशिया के लिये ही नहीं बल्कि समूचे संसार के लिये एक स्पष्ट चेतावनी है लकिन इसके अतिरिक्त मैं ने इंडोनेशिया सरकार को सरकारी तौर पर पत्र भी लिखा है

श्री सुरेन्द्रनाथ द्विवेदी (केन्द्रपाडा) **:** जैसा कि इंडोनेशिया के विदेश मंत्री के अब तक के वक्तव्यों ने पता चलता है, हमारे दूतावास पर तथा "एयर इण्डिया" के कार्यालय पर इस प्रदर्शन और विध्वंस के पीछे सरकारी हाथ था, क्या मैं जान सकता हूं कि क्या सरकार इंडोनेशिया के साथ कूटनीतिक सम्बन्ध तोडनेपर विचार करेगी?

उपाध्यक्ष महोदय : यह एक सुझाव है ।

श्री सुरेंद्रनाथ द्विवेदी : मैं पूछ रहा हुं कि क्या उनका ऐसा विचार है। वे किस प्रकार वहां पर हमारे व्यक्तियों का संरक्षण करेंगे, क्या ये कटु सम्बन्ध इसी प्रकार चलते रहेंगे ?

श्री स्वर्ण सिंह : अन्तर्राष्ट्रीय प्रथा के अनुसार दूतावास के कर्मचारियों अथवा अन्य पदाधिकारियों की सुरक्षा की जिम्मेदारी परस्पर आधार पर वहां की सरकार की होती है जहां वे लोग कार्य करते हैं और इस मामले में इंडोनेशिया सरकार स्पष्टत: अपनी इस जिम्मेवारी को निभाने में असफल रही है। इस समय स्थिति ऐसी नहीं है कि हम उनसे कूटनीतिक सम्बन्ध-विच्छेद करलें।

श्री अ० प्र० शर्मा : अभी अभी मंत्री महोदय ने कहा है कि इंडोनेशिया सरकार हमारे लोगों का संरक्षण करने में असफल ही नहीं रही है बल्कि उन्होंने ऐसा करने से इन्कार भी कर दिया है। इस बात को देखते हुए इंडोनेशिया के साथ कूटनितिक सम्बन्ध विच्छेद करने में और वहां से अपने व्यक्तियों को वापस बुलाने में क्या कठिनाई है। जब लोगों को वहां संरक्षण नहीं दिया जा रहा है, तो क्या हमारी सरकार उनको संरक्षण देगी ?

श्री स्वर्ण सिंह : मै ने यह नहीं कहा कि उन्होंने संरक्षण देने से इन्कार कर दिया है। वे संरक्षण देने में असफल रहे हैं। यह उनकी जिम्मेवारी है।

आचार्य कृपलानी : जब मंत्री महोदय का यह कहना है कि ये सम्बन्ध पारस्परिक आधार पर हैं तो क्या हमको भी उनके दूतावास को आग लगाने का अधिकार है ?

Shri Hukam Chand Kachhavaiya (Dewas) **:** The Hon. Minister has said that the Government organised this vandalism. I want to know whether the Government want to take some retaliatory action against their embassy here ? How far we shall be tolerating insult ?

श्री स्वर्ण सिंह : मै ने यह नहीं कहा कि उनकी सरकार ने इसका आयोजन किया । कठोर भावनाएं होते हुए भी बदला लेने का यह तरीका नहीं है कि हम इंडोनेशियाई सम्पत्ति को क्षति पहुंचाएं। हमें कुछ भिन्न प्रकार का इज्जतदार लेकिन दृढ रवैया अपनाना चाहिये ।

Shri Hukam Chand Kachhavaiya : How far shall we be tolerating our insult ?

उपाध्यक्ष महोदय : उन्होंने कहा कि हमें एक समझदार राष्ट्र की तरह बर्ताव करना चाहिये ।

श्री प्र० रं० चक्रवर्ती : क्या यह सच है कि ये प्रदर्शन एक विशेष बस्ती, सुषमा बाजार में किये गये हैं जो कि इंडोनेशियाई साम्यवादी दल का गढ है और यदि हों, तो क्या सरकार किसी कारण यह सोच सकती है कि इसमें चीनियों का कुछ हाथ है ?

श्री स्वर्ण सिंह : ये घटनाएं, एक भारतीय दूतावास में और दूसरी एयर इण्डिया के कार्यालय में, दो भिन्न स्थानों पर हुई । मैं बता चुका हूं कि पहले के प्रदर्शन में इंडोनेशिया के साम्यवादी दल का हाथ था इस मामलेमें मैं निश्चित रूप से यह नहीं कह सकता कि इसमें चीनियों का कोई हाथ है या नहीं ।

Shri Ram Sewak Yadav (Barabanki) **:** Much time was spent on publicising our foreign policy in neutral and Afro-Asian countries but it had no ıesult as is evident from the Chinese attack and Indo-Pak hostilities or as has happened in Djakarta. So, whether some time would be spent in this connection in Russia and America ?

श्री स्वर्ण सिंह : यह नीति विषयक बडा व्यापक प्रश्न है जिस पर ध्यान दिलानेवाली सूचना पर चर्चा के समय विचार नहीं किया जा सकता ।

श्री कपूर सिंह : जकार्ता में बार बार हो रहे हमारे विरुद्ध प्रदर्शनों को देखते हुए, क्या सरकार ने यह पता लगाने का प्रयत्न किया है कि भारत के बारे में राष्ट्रपति सुकर्ण की क्या इच्छा है, विशेषतः यह कि क्या वह हमसे कूटनीतिक सम्बन्ध विच्छेद करनां चाहते हैं ?

श्री स्वर्ण सिंह : हमने इस बारे में राष्ट्रपति सुकर्ण की इच्छा जानने का प्रयत्न नहीं किया है ।

श्री कपूर सिंह : अब ऐसा किया जा सकता है; यह मेरा सुझाव है ।

श्री सोलंकी : वैदेशिक-कार्य मंत्री ने अभी बताया है कि सरकार ने एक कडा विरोध-पत्र भेजा है । एक अन्य दिन भी इन्होंने कहा था कि हमने इसको बडा गंभीर मामला समझा है और कडा विरोध प्रकट किया है । लेकिन तीन दिन पहले समाचार पत्रों में यह समाचार छपा था कि इंडोनेशिया के विदेश मंत्री ने खुले रूप से यह कहा कि "हम इन विरोध-पत्रों के आदि हो गये है ।" यदि इंडोनेशिया सरकार का यह विचार है तो सरकार और क्या उपाय कर रही है ?

श्री स्वर्ण सिंह : इंडोनेशियाई एयरलाइन्स के बारे में मैं बतला ही चुका हूं । इसके अतिरिक्त हम स्थिति पर गौर करेंगे और इस समय कोई भडकाने वाला कदम नहीं उठाएंगे ।

श्री स० मो० बनर्जी : क्या यह सच है कि वहां पर भारतीयों की, हमारे दूतावास की और "एयर इण्डिया" की सम्पत्ति नष्ट करने के अतिरिक्त इंडोनेशिया सरकार हमारे विरुद्ध इस्तेमाल के लिये पाकिस्तान को रूस में निर्मित विमान देने का प्रयत्न कर रही है ताकि रूस के साथ झगडा हो सके और यदि हां, तो क्या उनको कोई विरोधपत्र भेजा गया है ?

श्री स्वर्ण सिंह : पाकिस्तान को कोई विमान अथवा युद्ध सामग्री दिये जाने के बारे में हमें कोई जानकारी नहीं है; हम सारी स्थिति पर बडी सावधानी से गौर कर रहे हैं । लेकिन इस मामले में जो कुछ भी हम कर सकते हैं, करेंगे ।

श्री दाजी : क्या सरकार ने पूछा है या इंडोनेशिया सरकार ने बताया है कि इन सभी मामलों में पुलिस घटनास्थल पर विध्वंस-कार्य के बाद आराम से क्यों पहुंची ?

श्री स्वर्ण सिंह : हमारे बार बार पूछे जाने पर भी वह कोई संतोषजनक स्पष्टीकरण नहीं कर पा रहे हैं ।

Shri Onkar Lal Berwa (Kotah) **:** On the 12th September when students staged a peacefull demonstration before the Indonesian Embassy, our Government treated them harshly and they were not even allowed to give their protest note. I want to know whether Government allowed the Police to make lathi-charge on the students and the number of students injured in this incidence ?

उपाध्यक्ष महोदय : शांति, शांति । यह इस प्रश्न से उत्पन्न नहीं होता है । यह एक भिन्न विषय है । आप एक पृथक प्रश्न पूछ सकते हैं ।

श्री उ० मू० त्रिवेदी : प्रश्न यह था कि हमारी पुलिस ने इंडोनेशियाई दूतावास पर प्रदर्शन करने वाले छात्रों पर लाठी-चार्ज कैसे किया । इस मामले में सरकार का क्या रवैया है ?

उपाध्यक्ष महोदय : वह एक पृथक प्रश्न पूछ सकते हैं ।

Shri Madhu Limaye : The Hon. Minister of External Affairs stated about the Indonesian culture and Indian culture. Does it come in the Indian culture that lathi-charge should be made on students.

उपाध्यक्ष महोदय : मैंने इस प्रश्न की अनुमति नही दी है ।

श्री बड़े : मेरा एक व्यवस्था का प्रश्न है । मंत्री महोदय ने अपने उत्तर में कहा कि भारत में इंडोनेशियई दूतावास पर जबाबी प्रदर्शन न किया जाये और जिन छात्रों ने प्रदर्शन किया उन पर प्रतिबन्ध लगाये गये.........

उपाध्यक्ष महोदय : इसमें व्यवस्था का कोई प्रश्न नहीं है । मैं इसकी अनुमति नहीं देता । **(अन्तर्बाधा)**

Shri Hukam Chand Kachhavaiya : Why lathi charge was made ?

Shri Onkar Lal Berwa : It must be replied.

उपाध्यक्ष महोदय : अगर आप इस पर जिद करेंगे तो मैं आपसे सदन से बाहर चले जाने को कहूंगा । आपको अध्यक्ष-पीठ के आदेश मानने चाहिये । **(अन्तर्बाधा)**

श्री जी० अ० कृपलानी (अमरोहा) **:** जब हमारे जवान मोर्चे पर अपनी जान लड़ा रहे हैं तो संसद् में ऐसे दृश्य.......

Dr. Ram Manohar Lohia : Eight students received injuries including fracture.

श्री दी० चं० शर्मा : इंडोनेशिया में कई घटनाएं हुई हैं, हमारे दूतावास पर आक्रमण हुआ है, हमारी विमान-सेवा के कार्यालय पर आक्रमण हुआ है और हमारे दुकानदारों पर आक्रमण हुआ है । इंडोनेशिया चीनी शस्त्रास्त्र अपने देश से होकर पाकिस्तान भेज रहा है । इन सब बातों को देखते हुए क्या हमारी सरकार यह नहीं समझ सकती कि क्या होने वाला है ? क्या हमारी सरकार यह नहीं समझती कि इंडोनेशिया पाकिस्तान और चीन का साथी होते हुए भारत के साथ अघोषित युद्ध की स्थिति बनाई हुई है ।

उपाध्यक्ष महोदय : यह तो अपनी अपनी राय है ।

श्री स्वर्ण सिंह : वहां पर कई अवसरों पर जनता की भीड़ की कार्यवाही बडी आपत्तिजनक रही है और इंडोनेशिया सरकार उन पर नियंत्रण करने में असमर्थ रही है। लेकिन मैं अनुरोध करता हूं कि हमें ऐसी स्थिति के बारे में नहीं सोचना चाहिये जो कि नहीं है।

सभा पटल पर रखे गए पत्र

PAPERS LAID ON THE TABLE

कम्पनी अधिनियम के अन्तर्गत अधिसूचना

वित्त मंत्री (श्री ति० त० कृष्णमाचारी) : मैं कम्पनी अधिनियम, 1956 की धारा 620-क की उपधारा (3) के अन्तर्गत दिनांक 11 सितम्बर, 1965 की अधिसूचना संख्या जी०एस०आर० 1332 की एक प्रति सभा-पटल पर रखता हूं। [**पुस्तकालय में रखी गई। देखिए संख्या एल० टी० 4853/65**]

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के वार्षिक लेखे और उन पर लेखा-परीक्षा प्रतिवेदन

शिक्षा मंत्रालय में उपमंत्री (श्री भक्त दर्शन) : श्री मु० क० चागला की ओर से मैं विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अधिनियम, 1956 की धारा 19 की उप-धारा (4) के अन्तर्गत वर्ष 1963–64 के लिये विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के वार्षिक लेखों तथा उन पर लेखा परीक्षा प्रतिवेदन की एक प्रति सभा-पटल पर रखता हूं। [**पुस्तकालय में रखी गई। देखिये संख्या एल० टी० 4854/65।**]

उच्च न्यायालय न्यायाधीश यात्रा भत्ता (संशोधन) नियम, 1965

विधि मंत्रालय में उपमंत्री (श्री जगन्नाथ राव) : श्री हाथी की ओर से मैं उच्च न्यायालय के न्यायाधीश (सेवा की शर्तें) अधिनियम, 1954 की धारा 24 की उप-धारा (3) के अन्तर्गत उच्च न्यायालय न्यायाधीश यात्रा भत्ता (संशोधन) नियम, 1965 की एक प्रति सभा-पटल पर रखता हूं जो दिनांक 15 मई 1965 की अधिसूचना संख्या जी०एस०आर० 730 में प्रकाशित हुए थे तथा जिनमें दिनांक 5 जून, 1965 की जी०एस०आर० 784 द्वारा शुद्धि की गई। [**पुस्तकालय में रखा गया। देखिए संख्या एल० टी० 4855/65।**]

केरल विनियोग (संख्या 3) विधेयक, 1965

KERALA APPROPRIATION (NO. 3) BILL, 1965

वित्त मंत्री (श्री ति०त० कृष्णमाचारी) : मैं प्रस्ताव करता हूं कि 31 मार्च, 1962 को समाप्त हुए वित्तीय वर्ष के दौरान कुछ सेवाओं पर उन सेवाओं के लिए तथा उस वर्ष के लिए दी गई राशियों के अतिरिक्त व्यय की गई राशियों को पूरा करने के लिये केरल राज्य की संचित निधि में से राशियों के विनियोग का अधिकार देने की व्यवस्था करने वाले विधेयक को पुरःस्थापित करने की अनुमति दी जाये।

उपाध्यक्ष महोदय : प्रश्न यह है :

"कि 31 मार्च, 1962 को समाप्त हुए वित्तीय वर्ष के दौरान कुछ सेवाओं पर उन सेवा के लए तथा उस वर्ष के लिए दी गई राशियों के अतिरिक्त व्यय की गई राशियों को पूरा करने के लिये केरल राज्य की संचित निधि में से राशियों के विनियोग का अधिकार देने की व्यवस्था करने वाले वधेयक को पुरःस्थापित करने की अनुमति दी जाये।'

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।/*The motion was adopted.*

श्री ति० त० कृष्णमाचारी : मैं विधेयक को पुरःस्थापित करता हूं।

केरल विनियोग (संख्या 4) विधेयक, 1965

KERALA APPROPRIATION (NO. 4) BILL, 1965

वित्त मंत्री (श्री ति० त० कृष्णमाचारी) : मैं प्रस्ताव करता हूं कि केरल राज्य की संचित निधि में से वित्तीय वर्ष 1965–66 की सेवाओं के लिये कुछ और राशियों के भुगतान तथा विनियोग का अधिकार देने वाले विधेयक को पुरःस्थापित करने की अनुमति दी जाये।

उपाध्यक्ष महोदय : प्रश्न यह है :

"कि केरल राज्य की संचित निधि में से वित्तीय वर्ष 1965–66 की सेवाओं के लिये कुछ और राशियों के भुगतान तथा विनियोग का अधिकार देने वाले विधेयक को पुरःस्थापित करने की अनुमति दी जाये।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।/*The motion was adopted.*

श्री ति० त० कृष्णमाचारी : मैं विधेयक को पुरःस्थापित करता हूं।

विनियोग (संख्या 3) विधेयक, 1965

APPROPRIATION (NO. 3) BILL, 1965.

वित्त मंत्री (श्री ति०त० कृष्णमाचारी) : मैं प्रस्ताव करता हूं कि भारत की संचित निधि में से वित्तीय वर्ष 1965-66 की सेवाओं के लिये कुछ और राशियों के भुगतान तथा विनियोग का अधिकार देने वाले विधेयक को पुरःस्थापित करने की अनुमति दी जाये।

उपाध्यक्ष महोदय : प्रश्न यह है :

"कि भारत की संचित निधि में से वित्तीय वर्ष 1965–66 की सेवाओं के लिये कुछ और राशियों के भुगतान तथा विनियोग का अधिकार देने वाले विधेयक का पुरःस्थापित करने की अनुमति दी जाये।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।/*The motion was adopted.*

वित्त मंत्री (श्री ति० त० कृष्णमाचारी) : मैं विधेयक को पुरःस्थापित करता हूं।

विनियोग (संख्या 4) विधेयक, 1965

APPROPRIATION (NO. 4) BILL, 1965

वित्त मंत्री (श्री ति० त० कृष्णमाचारी) : मैं प्रस्ताव करता हूं कि 31 मार्च, 1963 को समाप्त हुए वित्तीय वर्ष के दौरान कुछ सेवाओं पर उन सेवाओं के लिये तथा उस वर्ष के लिये दी गई राशियों के अतिरिक्त व्यय की गई राशियों को पूरा करने के लिये भारत की संचित निधि में से राशियों के विनियोग का अधिकार देने की व्यवस्था करने वाले विधेयक को पुरःस्थापित करने की अनुमति दी जाये।

उपाध्यक्ष महोदय : प्रश्न यह है :

"कि 31 मार्च, 1963 को समाप्त हुए वित्तीय वर्ष के दौरान कुछ सेवाओं पर उन सेवाओं के लिये तथा उस वर्ष के लिये दी गई राशियों के अतिरिक्त व्यय की गई राशियों को पूरा करने के लिये भारत की संचित निधि में से राशियों के विनियोग का अधिकार देने की व्यवस्था करने वाले विधयक को पुरःस्थापित करने की अनुमति दी जाये।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।/*The motion was adopted.*

श्री ति० त० कृष्णमाचारी : मैं विधेयक को पुर:स्थापित करता हूं ।

विनियोग (रेलवे) संख्या 3 विधेयक, 1965

APPROPRIATION (RAILWAYS) NO. 3 BILL, 1965

रेलवे मंत्री (श्री स० का० पाटिल) : मैं प्रस्ताव करता हूं कि 31 मार्च, 1963 को समाप्त हुए वित्तीय वर्ष के दौरान रेलवे की कुछ सेवाओं पर उन सेवाओं के लिये तथा उस वर्ष के लिये दी गई राशियों के अतिरिक्त व्यय की गई राशियों को पूरा करने के लिये भारत की संचित निधि में से राशियों के विनियोग का अधिकार देने की व्यवस्था करने वाले विधेयक को पुर:स्थापित करने की अनुमति दी जाये ।

उपाध्यक्ष महोदय : प्रश्न यह है :

"कि 31 मार्च, 1963 को समाप्त हुए वित्तीय वर्ष के दौरान रेलवे की कुछ सेवाओं पर उन सेवाओं के लिये तथा उस वर्ष के लिये दी गई राशियों के अतिरिक्त व्यय की गई राशियों को पूरा करने के लिये भारत की संचित निधि में से राशियों के विनियोग का अधिकार देने की व्यवस्था करने वाले विधेयक को पुर:स्थापित करने की अनुमति दी जाये ।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ ।/*The motion was adopted.*

श्री स० का० पाटिल : मैं विधेयक को पुर:स्थापित करता हूं ।

विनियोग (रेलवे) संख्या 4 विधेयक, 1965

APPROPRIATION (RAILWAYS) NO. 4 BILL. 1965

रेलवे मंत्री (श्री स० का० पाटिल) : मैं प्रस्ताव करता हूं कि भारत की संचित निधि में से वित्तीय वर्ष 1965–66 की रेलवे की सेवाओं के लिये कुछ और राशियों के भुगतान और विनियोग का अधिकार देने वाले विधेयक को पुर:स्थापित करने की अनुमति दी जाये ।

उपाध्यक्ष महोदय : प्रश्न यह है :

"कि भारत की संचित निधि में से वित्तीय वर्ष 1965–66 की रेलवे की सेवाओं के लिये कुछ और राशियों के भुगतान और विनियोग का अधिकार देने वाले विधेयक को पुर:स्थापित करने की अनुमति दी जाये ।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ ।/*The motion was adopted.*

श्री स० का० पाटिल : मैं विधेयक को पुर:स्थापित करता हूं ।

श्री हरि विष्णु कामत (होशंगाबाद) : क्यों कि लड़ाई के बारे में जबरदस्त अफवाहें फैल रही हैं, क्या आप प्रधान मंत्री से अथवा प्रतिरक्षा मंत्री से या दोनों से यह पता लगाने की कोशिश करेंगे कि क्या आज सभा में कोई वक्तव्य दिया जाएगा ताकि हम उस समय यहां उपस्थित रह सकें ।

उपाध्यक्ष महोदय : मैं पता लगाऊंगा ।

भाण्डागारण निगम (अनुपूरक) विधेयक

WAREHOUSING CORPORATIONS (SUPPLEMENTARY) BILL

खाद्य तथा कृषि मंत्रालय में उपमंत्री (श्री दा० रा० चव्हाण): म प्रस्ताव करता हूं कि भाण्डागारण निगम अधिनियम, 1962 के उपबन्धों की पूर्ति करने वाले विधेयक में राज्य सभा द्वारा किये गये निम्नलिखित संशोधनों पर विचार किया जाये :—

"**अधिनियमन सूत्र**

(1) कि पृष्ठ 1, पंक्ति 10, में शब्द 'पन्द्रहवें' **के स्थान पर** शब्द 'सोलहवें' **रखा जाये**।

खण्ड (1)

(2) कि पृष्ठ 1, पंक्ति 13, में अंक '1964' **के स्थान पर** अंक '1965' **रखा जाये**।

अनुसूचि

(3) कि पृष्ठ 2 में पंक्ति 20 और 21 **के स्थान पर** निम्नलिखित **रखा जाये**, अर्थात् :—

'5. मैसूर

6. पंजाब

7. राजस्थान

8. उत्तर प्रदेश।' "

उपाध्यक्ष महोदय : प्रश्न यह है :

"कि भाण्डागाराण निगम अधिनियम, 1962 के उपबन्धों की पूर्ति करने वाले विधेयक में राज्य सभा द्वारा किये गये निम्नलिखित संशोधनों पर विचार किया जाये :—

"**अधिनियमन सूत्र**

(1) कि पृष्ठ 1, पंक्ति 10, में शब्द 'पन्द्रहवें' **के स्थान पर** शब्द 'सोलहवें' **रखा जाये**।

खण्ड (1)

(2) कि पृष्ठ 1, पंक्ति 13, में अंक '1964' **क स्थान पर** अंक '1965' **रखा जाये**।

अनुसचि

(3) कि पृष्ठ 2 में पंक्ति 20 और 21 **के स्थान पर** निम्नलिखित **रखा जाये**, अर्थात् :—

'5. मैसूर

6. पंजाब

7. राजस्थान

8. उत्तर प्रदेश।' "

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।/*The motion was adopted.*

उपाध्यक्ष महोदय : अब हम इस पर खंडवार चर्चा करेंगे।

प्रश्न यह है :

"**अधिनियमन सूत्र**

(1) कि पृष्ठ 1, पंक्ति 10, में शब्द 'पन्द्रहवें' **के स्थान पर** शब्द 'सोलहवें' **रखा जाये**।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।/*The motion was adopted.*

उपाध्यक्ष महोदय : प्रश्न यह है :

"खण्ड (1)

(2) कि पृष्ठ 1, पंक्ति 13, में अंक '1964' **के स्थान पर** अंक '1965' **रखा जाये।**"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।/*The motion was adopted.*

उपाध्यक्ष महोदय : प्रश्न यह है :

"**अनसूची**

(3) कि पृष्ठ 2 में पंक्ति 20 और 21 **के स्थान पर** निम्नलिखित **रखा जायें**, अर्थात् ---

'5. मैसूर

6. पंजाब

7. राजस्थान

8. उत्तर प्रदेश।'"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।/*The motion was adopted.*

श्री० दा० रा० चव्हाण : मैं प्रस्ताव करता हूं :

"कि विधेयक में राज्य सभा द्वारा किये गये संशोधनों से सहमति प्रकट की जाए।"

उपाध्यक्ष महोदय : प्रस्ताव प्रस्तुत हुआ।

श्री उ० मू० त्रिवेदी (मंदसौर) : राज्य सभा को अनुसूची में संशोधन करने का अधिकार नहीं है। उनको तो अनौपचारिक रूप से संशोधन कर देने चाहिये थे जो इस सभा द्वारा स्वीकार कर लिये जाते। लेकिन यहां पर सहमति का प्रश्न नहीं है, यहां पर प्रश्न राज्य-सभा द्वारा किये गये कुछ महत्वपूर्ण संशोधनों का है। यदि राज्य सभा द्वारा महत्वपूर्ण संशोधन किये गये हैं तो इस विधेयक को सारा का सारा चर्चा के लिये पेश किया जाना चाहिये था ताकि हम इन चार एककों को और रखने के परिणामों पर विचार कर सकते।

य संशोधन आरम्भ में ही क्यों नहीं किये गये। राज्य सभा को इनका सुझाव क्यों देना पड़ा। अनुसूची में चार और राज्यों को शामिल करने का प्रस्ताव सरकार ने क्यों स्वीकार किया।

इस प्रस्ताव का मतलब सारे कानून में संशोधन करना है। लगता है कि सरकार की ओर से कहीं पर कुछ गलती हुई है। जब इस विधेयक को इस सभा में मूल रूप से पुरःस्थापित किया गया था तो तब इन चार राज्यों को शामिल करने पर क्यों विचार नहीं किया गया? मैं इस बारे में सरकार का स्पष्टीकरण चाहता हूं।

श्री दा० रा० चव्हाण : राजस्थान और मैसूर को अनुसूची में सम्मिलित कर लिया गया है। दोनों ने क्रमशः 21 अक्तूबर, 1964, और 6 फरवरी 1965 को अपेक्षित संकल्प पारित कर दिये हैं। अतः यह संशोधन केवल औपचारिक है, इसे स्वीकार कर लिया जाना चाहिए।

उपाध्यक्ष महोदय : प्रश्न यह है :

"कि विधेयक में राज्य सभा द्वारा किये गये संशोधनों से सहमति प्रकट की जाये।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।/*The motion was adopted.*

जीवन बीमा निगम (संशोधन) विधेयक

LIFE INSURANCE CORPORATION (AMENDMENT) BILL

योजना मंत्री (श्री ब० रा० भगत) : मैं प्रस्ताव करता हूं :

"कि जीवन निगम अधिनियम 1956 में अग्रेतर संशोधन करने वाले विधेयक पर विचार किया जाय।"

क्योंकि विधेयक के केवल चार खंड हैं, अतः मैं कारणों और लक्ष्यों के बारे में सदन का समय नहीं लूंगा। वे तो स्वयं ही स्पष्ट हैं। जीवन बीमा निगम अधिनियम, 1956 की धारा 28 का अभिप्राय यह व्यवस्था करने का है कि जीवन बीमा निगम के जीवनाविक बचत के 5 प्रतिशत भाग का केन्द्रीय सरकार द्वारा स्वतः अपने उद्देश्य के लिए अथवा ऐसे अन्य प्रयोजन के लिए उपयोग किया जा सकता है। जिस ढंग से यह प्रयोग हो वह सरकार निर्धारित करे। इस उपबन्ध का अभिप्राय यह है कि यदि सरकार चाहे तो वह इस फालतू रकम की राशि का केन्द्रीय सरकार के राजस्व में डाल सकती है। इस प्रकार सरकार निगम के बीमाकृत लोगों के प्रति और भी अधिक न्यायपूर्ण व्यवहार करती है।

हाल ही में, सर्वोच्च न्यायालय ने अपने निर्णय में यह कहा है कि जीवन बीमा निगम अधिनियम के उपबन्धों के अन्तर्गत, जबकि केन्द्रीय सरकार यह निर्धारित कर सकती है कि फालतू रकम के शेष भाग को किस प्रकार उपयोग में लाया जाये, किन्तु वह इस रकम को राजस्व के रूप में विनियोजित नहीं कर सकती। चूंकि भूतकाल में सरकार ने जीवन बीमा निगम द्वारा फालतू रकमों का निर्धारण किये जाने के पश्चात् उन्हें राजस्व में शामिल करके उनको पुनः साथ विनियोजित किया है। अतः कानून में उपयुक्त रूप से संशोधन करके उसे स्पष्ट करना तथा अधिनियम की धारा 28 का मूल अभिप्राय को कार्य रूप देना आवश्यक हो गया है।

यह भी व्यवस्था की गई है कि अधिनियम की धारा 9 के अन्तर्गत निगम पर समर्पित दायित्व बीमाकृत लोगों को नियत किये जाने के पश्चात् शेष फालतू रकम पर प्रथम प्रभार होगा। जहां तक निगम द्वारा सामान्य बीमा व्यवसाय चलाये जाने का सम्बन्ध है, सामान्य बीमा व्यवसाय में होने वाले विनियोज्य लाभ को केन्द्रीय सरकार निगम के थोक अंशधारियों को देने के लिये अधिनियम में एक विशिष्ट उपबन्ध की व्यवस्था करने का प्रस्ताव किया गया है।

इन शब्दों से मैं इस विधेयक को पुरःस्थापित करता हूँ।

उपाध्यक्ष महोदय : प्रस्ताव प्रस्तुत हुआ।

श्री नारायण दांडेकर (गौंडा) : सरकार को यह नहीं है कि सरकार पहले की तरह ही जीवन बीमा निगम की फालतू राशि को वैसे ही समझे जैसे कि जीवन बीमा के राष्ट्रीयकरण से पहले बीमा कम्पनियां समझा करती थी। बीमा कम्पनियों का अब दृष्टिकोण बदला हुआ है। यह भी कहा गया है कि 1956 के अधिनियम को पारित करते समय सरकार का यही उद्देश्य था कि जो भी फालतू राशि उपलब्ध हो, उसका 5 प्रतिशत सामान्य राजस्व में डाला जाये। परन्तु इसे उच्चतम न्यायालय ने रद्द कर दिया है। और इसकी विशेष रूप से व्यवस्था की जा रही है। जांच करने पर भी उस अधिनियम की धारा 28 में ऐसा लक्ष्य कही भी नहीं दिखाई देता है। इस दिशा में यह उल्लेखनीय है कि जब मूल अधिनियम को प्रवर समिति के सपुर्द करने का प्रस्ताव रखा गया था तो वित्त मंत्री ने इस तरह का कोई संकेत नहीं दिया था। प्रवर समिति के अप्रैल 1956 के प्रतिवेदन में दो सदस्यों ने अपना विमति टिप्पण प्रस्तुत करते हुए कहा था कि फालतू राशि प्रतिवर्ष अधिक चली जायेगी। सरकार ने इस सम्बन्ध में यह संकेत नहीं दिया है कि यह राशि किस प्रकार प्रयोग हो रही है।

जब इस विधयक पर खण्डवार चर्चा हो रही थी तो मंत्री महोदय ने कहा था कि इस राशि का 5 प्रतिशत भाग निगम को जायेगा। निगम सरकार से बिलकुल भिन्न संगठन है। उन्होंने यह नहीं कहा था कि इसका उद्देश्य केन्द्रीय राजस्व में विनियोजित करना है। इसका परिणाम यह हुआ है कि स्थिति

[श्री नारायण दांडेकर]

लगभग वही हो रही है जैसी कि उच्चतम न्यायालय ने बताई थी। सरकार 5 प्रतिशत का प्रयोग गलत ढंग से कर रही थी। उच्चतम न्यायालय ने यह निर्णय दिया कि इस 5 प्रतिशत में से राष्ट्रीयकरण से पूर्व की कम्पनियों के दायित्वों का भी भुगतान किया जाय। अतः मेरा मत यह है कि यह विधेयक सरकार की ओर से सदन को भ्रांति में डालने का एक प्रयास है उसका तो यही मत चला आया है कि इस राशि का प्रयोग राजस्व के रूप में विनियोजन किया जाय।

जीवन बीमा निगम अधिनियम 17 फरवरी, 1956 को पुरस्थापित हुआ था। वहां खंड 24 के बारे में कोई टिप्पणी नहीं मिलता। मेरा मत यह है कि जहां तक इस धारा 28 (क) का सम्बन्ध है, जिसे खंड 4 के द्वारा पुरःस्थापित करने का प्रयास किया गया है कि निगम और सरकार को विशेष रूप से विशेष परिस्थिति में एक ही बात समझा जा सकता है। मेरे विचार में ऐसी बात नहीं है, और सिद्धान्त का प्रश्न है। विधेयक को प्रवर समिति को सौंपने के प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान भी इस बारे में की गयी कोई व्यवस्था उपलब्ध नहीं है। प्रवर समिति की कार्यवाही में भी ऐसा कोई उल्लेख नहीं है।

इस परिस्थिति में, और उन हालात में जब समस्त जीवन बीमा व्यापार का एक निगम बना, उसका राष्ट्रीयकरण कर दिया गया है, तो यह निगम एक प्रकार से पारस्परिक बीमा समिति के रूप में हमारे समक्ष आता है। एक सिद्धान्त की बात है कि सरकार अपनी लगी हुई पूंजी के पुनः भुगतान के लिए केवल प्राप्त होने वाले लाभ की ही हकदार होती और कुछ नहीं। सरकार इस मामले में फिसल गयी है। सरकार का इस मामले में आने का कोई काम नहीं है। इस तरह मुख्य सिद्धान्तों को दृष्टि में रखते हुए मैं इस विधेयक का विरोध करता हूं।

श्री दाजी (इंदौर) : प्रत्यक्षतः यह सरल लगने वाला 4 खंडों वाला विधेयक बहुत ही महत्वपूर्ण है। सरकार को यह स्पष्ट करना होगा कि जीवन बीमा निगम को उसे कितना भाग देना है। संशोधन विधेयक से भी मामला स्पष्ट नहीं होता। सरकार इस मामले में स्पष्ट नहीं है। सरकार को यह बात स्पष्ट कर देनी चाहिए कि निगम को कितनी अधिक राशि अपने कार्यों के लिए रखनी है। इस विधेयक से वह लक्ष्य प्राप्त नहीं होगा जो कि सरकार प्राप्त करना चाहती है।

जब जीवन बीमा का राष्ट्रीयकरण किया गया था तो बहुत आशायें लगी थी और बहुत से आश्वासन दिये गये। परन्तु यह सत्य है कि निगम के कार्य ने कुछ प्रगति नहीं की है। यह प्रश्न पूछा जा सकता है कि निगम का कार्य क्यों प्रगति नहीं कर रहा जैसा कि उससे आशा की जा रही थी। यह सत्य है कि काम काफी बढ़ रहा है। क्या यह वृद्धि उसी लक्ष्य के अनुसार हो रही है जैसा कि आशा की थी। इसका उत्तर यह है कि नहीं हो रही। हमारे कम से कम लक्ष्यों को भी पूरा नहीं किया जा रहा। इस बात को हम स्वीकार करते है कि कठिनाइयां थी, परन्तु उन कठिनाइयों के अतिरिक्त निगम के कार्यों को भी दोष रहित नहीं कहा जा सकता।

निगम के कार्य संचालन में बहुत त्रुटियां है। 1955 के मुकाबले में व्ययगत राशि का अनुपात 1963-64 में अधिक था। इससे स्पष्ट है कि पुराने ढंग से भी बुरे तरीके से काम हो रहा है। निगम का ऊपर का ढांचा बहुत ही खर्चीला हो गया है। ऊपर के अधिकारी कम हो रहे हैं और नीचे के एजन्टों इत्यादि से काम लेने वाले पद कम हो रहे हैं। इस तरह के प्रशासन तथा प्रथम वर्ग के अधिकारियों के साथ, यह सेवा प्रतिदिन बहुत खराब हो रही है। निगम के दफ्तर में शिकायतों की संख्या में काफी वृद्धि हो गयी है।

अब प्रश्न होता है कि यह खर्चा कैसे कम होगा? यह प्रथम श्रेणी के अधिकारी कैसे कम होंगे। नये नये बीमा क्षेत्र कैसे खोज निकाले जायेंगे। ग्रामीण जीवन बीमा योजना का क्या बना। इसका विचार यही था कि अधिशुल्क कम हो। गरीब और सामान्य व्यक्ति इससे लाभ उठाये, परन्तु इसे छोड़ दिया गया है। इसी प्रकार अधिशुल्क के दरों को कम करने की दिशा में कुछ नहीं किया गया। मौतें भी अधिक होने लगी है। राष्ट्रीयकृत जीवन बीमा निगम इस तरह की परिस्थितियों में क्या प्रगति करेगा।

में यह निवेदन करना चाहता हूं कि निगम को रक्षित बैंक से प्रतिभूतियां सीधा खरीदने के योग्य बनना चाहिए। उससे सीधा कार्य होना चाहिए। उन्हें दलालों के माध्यम से नहीं खरीदा जाना चाहिए। यह भी खेद जनक बात है कि एजन्टों के लिए कोई प्रशिक्षण कार्यक्रम नहीं हैं। इस तरह बीमें की प्रगति का कार्य अवश्य पिछड़ जायेगा।

एक ओर तो यह दशा है और दूसरी ओर यह है कि निगम ने कुछ स्वचालित मशीनों का आयात किया है। प्रत्येक मशीन से कई क्लर्कों का कार्य लिया जाता है। क्लर्क बेकार हो गये है। इन मशीनों से पहले ही हमारी विदेशी मुद्रा पर प्रभाव हुआ है। सरकार को इस अंग को भी दृष्टि में रखना चाहिए। मूल अधिनियम की धारा 49 (छ:) के अन्तगत निगम के लिए यह अनिवार्य होगा कि बीमाकृत लोगों की परिषदें गठित की जाए ताकि निगम के संचालन में बीमाकृत लोगों का हाथ हो। इस बात का अत्यन्त खेद है कि निगम ने अभी तक उस उपबन्ध के अनुसार कार्य नहीं किया है।

मेरा मत यह है कि उच्चतम न्यायालय के निर्णय से मजबूर हो कर बेदिली से सरकार द्वारा यह संशोधन विधेयक लाया गया है। अच्छा होता यदि सरकार ने निगम के कार्य संचालन के बारे में सभी दिशाओं को दृष्टि में रखा होता। इससे बोमा कराने वालों का भी हित था और देश का सामूहिक हित था।

श्री सुब्बरायन (मदुराई): जैसा कि माननीय मंत्री ने कहा है यह विधेयक बहुत ही सरल है। हमें सरकार की इच्छा का पता था जब कि जीवन बीमा निगम विधेयक इस सभा ने पारित किया था। इसका उद्देश्य यही था कि गैर सरकारी कम्पनियां जो इस कार्य से अपने स्वार्थ सिद्ध करनी थी वह वे न कर सकें। और साथ यह भी था कि बोमा कराने वालों को भी अधिक से अधिक लाभ हो। यह भी अधिनियम में कहा गया है कि 95 प्रतिशत लाभ को बीमा कराने वालों को दिया जायेगा। 5 प्रतिशत अन्य कामों में खर्च किया जाना था। सरकार 5 प्रतिशत को राजस्व के रूप में नहीं लेना चाहती।

मेरा मत यह है कि यह संशोधन स्वागत योग्य है कि यदि जीवन बीमा निगम कोई सामान्य कार्य करता है तो सारे का सारा लाभ सरकारी राजस्व में जाना चाहिये। काम के कुछ भाग का पंजीकरण करते समय सरकार को इस बात का उचित ध्यान रखना चाहिये कि कर्मचारी और श्रमिक बेकार न हो जाय।

Shri Onkar Lal Berwa (Kotah): I oppose this amending Bill. It has been provided that 5 per cent will be spent in the Central revenue, but it has not been made clear, how it will be spent. Some statement should also have been given along with this. I am of the opinion that nationalisation of Life Insurance was a great mistake. The plight of the employees before was much better as compared with today. Work has expanded so much after nationalization that it is not possible for the Government to control.

I am of the opinion that there should be 5 or 10 Zones of Corporation. They should work in competition, and thus increase the work of Life Insurance. Work is only goingon on the upper level. The rural people even today do not know what this Life Insurance means. Agents are not so resourceful that they may go to the villages and explain to the people the objects of Life-Insurance. All the literature of the Corporation is published in English. Only some section can understand that. Rural people cannot even read that literature. Even the Films shown by the Corporation are worthless.

I have often seen big buildings of Life Insurance Corporation in big cities, but its employees cannot even get a suitable house on rent. They don't get their allowance also regularly. The need of the hour is that the workers should be

[Shri Onkar Lal Berwa]

given encouragement. The mal-practisings are going on in great numbers. I don't think it is proper for the Government to get 5 per cent by the back door. This 5 per cent should not be given to the Government, this money should go to the Policy-holders. As the policy holders are not given any encouragement, that is why they get their policies lapsed—Lower type employees are decreasing and the upper strata is increasing.

On the one hand the Poverty and unemployment is increasing, on the other we are thinking of importing machines. Already we are short of foreign exchange. These machines will only render some people unemployed. In the end I may stress that the employees of the Corporation should get scales and grades of the Central Government employees.

श्री मा० ल० जाधव (मालगांव) : सदन के समक्ष जो विधेयक है, मैं उसका समर्थन करता हूँ। मेरे विचार में तो जीवन बीमा निगम का कार्य बहुत ही शानदार है। सरकार ने जीवन बीमा का राष्ट्रीयकरण करके बहुत ही अच्छा कार्य किया है। जीवन बीमा अब ग्रामीण क्षेत्रों में भी लोकप्रिय हो रहा है। कई स्थानों पर गांव के गांव बीमा करवा रहे हैं। महाराष्ट्र में बीमा निगम का कार्य बहुत ही अच्छा है।

यह शिकायत की गयी है कि निगम के कर्मचारियों को ठीक तरह से वेतन नहीं मिलता। यह भी आरोप है कि सरकार 5 प्रतिशत हड़प रही है। मेरा कहना है कि जीवन बीमा निगम के वेतनक्रम सरकारी वेतन क्रमों से भी अधिक हैं। जीवन बीमा निगम से सामान्य बीमे का कार्य भी आरम्भ कर दिया है। यह बहुत ही अच्छी बात है। निगम को यह कार्य बढ़ाना चाहिये।

5 प्रतिशत हथियाने वाली बात के बारे में मेरा निवेदन यह है कि इस राशि को लोक कल्याण के लिए खर्च किया जायेगा। क्योंकि हमारा राज्य एक लोककल्याणकारी राज्य है। यह एक सरल विधेयक है, मैं इसका समर्थन करता हूं।

श्री सोनावणे (पंढरपुर) : मैं मानता हूं कि जीवन बीमा निगम ने बहुत अच्छा कार्य किया है। परन्तु इसने अभी तक किश्तों में करने के प्रश्न पर विचार नहीं किया है और जो बड़ी बड़ी इमारतें बनाई गई हैं उनसे बीमा कराने वालों को कोई लाभ नहीं पहुंचा है। किश्त की दर घटाने और बीमाकर्ताओं को चिकित्सीय सुविधाएं देने की दिशा में जीवन बीमा निगम ने कोई कदम नहीं उठाया है। बीमा कराने वाले को आज प्रति वर्ष 14 या 12.50 रु० बोनस के रूप में मिलते हैं। अन्य क्षेत्रों में विनियोजन के मुकाबिले यह बहुत थोड़ी राशि है। चिकित्सीय सुविधाएं देने में बीमा निगम का अपना ही हित है। अधिकारियों और क्षेत्रीय कार्यकर्ताओं को बहुत मोटे वेतन दिये जाते हैं, परन्तु बीमा कराने वालों के लिये कुछ भी नहीं दिया गया है।

मैं यह भी चाहता हूं कि सामान्य बीमा के क्षेत्र में निगम अन्य गैर-सरकारी कम्पनियों से प्रतिस्पर्धा करें।

श्री स० मो० बनर्जी (कानपुर) : आज जीवन बीमा निगम में बिजली के संगणकों का प्रवेश होते जा रहा है। निगम में काम करने वाले कर्मचारियों ने इसका विरोध किया है।

[**श्री सोनावणे पीठासीन हुए।**
SHRI SONAVNE *in the Chair.*]

इनके इस्तेमाल केवल यही नहीं कि बेरोजगारी बढ़ जायेगी अधिनिगम के कार्यों का केन्द्रीकरण हो जायेगा। जब अखिल भारतीय बीमा कर्मचारी संस्था का प्रतिनिधि मण्डल माननीय वित्त मंत्री से मिला था कि आज अधिक से अधिक विकेन्द्रीकरण की आवश्यकता है। भारत की 80 प्रतिशत जनता गांवों में रहती है और इसलिये हमें जीवन बीमा निगम के कार्य को गांवों में फैलाना है। इन बिजली के संगणकों के चालू होने के पश्चात पालिसीधारकों को ऋण आदि प्राप्त करने के लिये डिविजनल या जोनल कार्यालयों में जाना पड़ता है क्योंकि ब्रांच कार्यालयों में उनको ऋण नहीं मिल सकता है।

बिजली के संगणकों के प्रयोग के बारे में यह तर्क दिया जाता है कि इससे कार्यकुशलता बढ़ जाती है। मुझे 'होलेरीथ' मशीन के इतिहास का पता है। इसके बड़े पैमाने पर लेखपरीक्षा विभागों में मजदूरों अथवा कर्मचारियों की छंटनी कर दी थी। इन मशीनों द्वारा जो आंकड़े निकाले जाते हैं वे गलतिओं से भरे होते हैं। उन्होंने यह निर्णय किया है कि गल्तियों को दूर करने के लिये कोई और मशीन चालू की जाये। फिर भी जीवन बीमा निगम में कार्यकुशलता में सुधार करने के लिये इन मशीनों लाने के प्रबन्ध किये जा रहे हैं।

यहां पर इन मशीनों के फालतू पुर्जे उपलब्ध नहीं हैं। और कुछ समय के बाद ये मशीने बेकार हो जायेंगी। जिस काम को यहां पर 4,000 कर्मचारियों द्वारा किया जाता है अमरीका में उसी काम को इन मशीनों द्वारा 16 या 17 व्यक्ति कर लेते हैं। तो क्या हम अपने देश को बिना उपयुक्त वातावरण के और बेरोजगारी के विरुध्द कोई संरक्षण दिये बिना ही बदलना चाहते हैं? जीवन बीमा निगम का यह कहना है कि क्योंकि अब काम बढ़ गया है इसलिये इन मशीनों की आवश्यकता है। इसकी जांच होनी चाहिये कि क्या वास्तव में काम बढ़ गया है।

अत: मेरा यह निवेदन है कि इन मशीनों को चालू करने संबंधी कार्यवाही को अभी रोक दिया जाना चाहिये और कर्मचारियों के संस्था के साथ पूरी तरह बातचीत करके इस प्रश्न पर अन्तिम रूप से निर्णय करना चाहिये।

जीवन बीमा निगमने कलकत्ता, बम्बई, मद्रास, आदि में 14–15 मंजिली इमारतें बनवाई हैं। इसकी जांच होनी चाहिये कि उन पर कितना कितना पैसा व्यय हुआ है और उनसे कितनी कितनी आमदनी हुई है! माननीय मंत्री से मेरा निवेदन है कि वह इस बात को भी देखें कि कर्मचारियों के लिये भी कोई काम किया जाये।

श्री उ० मू० त्रिवेदी (मंदसौर) : इस संशोधन विधेयक में यह उपबन्ध किया गया है कि यदि धारा 26 के अन्तर्गत की गई जांच के परिणामस्वरूप कोई फालतू राशि बच जाती है तो उसका 95 प्रतिशत पालिसीधारकों के लिये रक्षित रखा जायेगा। शेष 5 प्रतिशत के लिये इस धारा में यह कहा गया है उसे ऐसे प्रयोजनों तथा ऐसे तरीके से इस्तेमाल किया जा सकता है जैसा कि केन्द्रीय सरकार चाहे। हम इसको दुर्विनियोग कहते हैं। जनता पर कर लगाने का सरकार का यह अजीब तरीका है। सरकार कोई इस प्रकार कर लगाने का कोई अधिकार नहीं है। यदि सरकार जनता पर यह भार डालना ही चाहती है तो उसे इसको नियमित तरीके से वार्षिक बजट के समय लाना चाहिये। यह एक वित्त विधेयक है और इसी कारण अनुच्छेद 17 के अन्तर्गत राष्ट्रपति की अनुमति ली गई है। सरकार इस समय वित्त विधेयक नहीं ला सकती है। जनता की कड़ी कमाई के 5 प्रतिशत भाग को सरकार हड़पना चाहती है। यह लोकतन्त्रात्मक तरीका है। हम इसको समाजवाद नहीं कह सकते। ऐसा तो एक तानाशाह राज्य में होता है।

उच्चतम न्यायालय ने इस संबंध में जो अपना निर्णय दिया है वह यह है कि सरकार को इस पैसे को अपनी मर्जी से खर्च करने का कोई अधिकार नहीं है। इस पैसे का केवल उन्हीं प्रयोजनों के लिये उपयोग किया जा सकता है जिनका उल्लेख अधिनियम के आमुख (Preamble) में किया गया है। आमुख में कहीं भी यह नहीं दिया गया है कि सरकार इस पैसे को ले सकती है। सरकार के लिये ऐसा करना बहुत ही अनुचित होगा।

श्री श्यामलाल सर्राफ (जम्मू तथा काश्मीर) : जिस समय यह काम गैर-सरकारी कम्पनियों द्वारा किया जाता था तो जो एजेंट थे वे और जो एजेंट नहीं थे वे व्यक्ति गुप-चुप तरीके से कमीशन को बांट लेते थे। आज भी ऐसी बातें जीवन बीमा कर्मचारियों, विशेषत: क्षेत्र में काम करने वाले कर्मचारियों में देखी जाती हैं। माननीय मंत्री को इस ओर ध्यान देना चाहिये।

पालिसी धारकों को दी जानेवाली सेवाओं में यद्यपि कई प्रकार से सुधार हुआ है फिर भी अभी कई शिकायतें हैं। ऐसी पालिसियों के मामले में जिनमें पालिसी धारक की मृत्यु हो जाती है रकम के भुगतान में अनुचित देरी की जाती है और लोगों को तंग किया जाता है।

तीसरे मैं अपने माननीय मित्र श्री त्रिवेदी की बात को दोहराना चाहता हूँ। क्या सरकार को कानूनी रूप से यह अधिकार है कि वह फालतू राशि के पांच प्रतिशत को अपने खज़ाने में ले ले? इस प्रश्न की जांच होनी चाहिये।

सरकार ने बीमा निगम के कर्मचारियों की संस्था को मान्यता दे रखी है। इसलिये यंत्रीकरण के मामले में सरकार को इस संघ से परामर्श किये बिना कोई कदम नहीं उठाना चाहिये। सरकार ये जो स्वचालित प्रकार की मशीनें लगाने जा रही है इसके संबंध में पहले कर्मचारी संघ से परामर्श करना बहुत आवश्यक है।

भारत में औसत आयु में कुछ वृद्धि हो गई है। इसलिये सरकार को किश्तों की राशि में भी कुछ कमी करनी चाहिये।

डा० मा० श्री अणे (नागपुर) : मुझे यह आशा नहीं थी कि सरकार जीवन बीमे के राष्ट्रीकरण के काम में सफलता प्राप्त कर लेगी। परन्तु मुझे अब खुशी होती है कि सरकार ने काफी अच्छा कार्य किया है।

अब मैं श्री त्रिवेदी द्वारा उठाये गये कानूनी प्रश्न को लेता हूं। उन्होंने वास्तव में उच्चतम न्यायालय के निर्णय को उद्धरित किया है जिससे पता चलता है कि कानूनी रूप से सरकार द्वारा फालतू राशि का लिया जाना बड़ा आपत्तिजनक है। उच्चतम न्यायालय हमारे संविधान का संरक्षक है। सरकार को इसके निर्णय का पालन करना चाहिये। लोकतन्त्र का आधार इसी बात पर है कि सरकार उच्चतम न्यायालय के प्राधिकार को मान्यता दे। इसलिये मेरा निवेदन है कि सरकार इस प्रश्न पर व्यापक रूप से विचार करे।

हमारी सरकार का एक उद्देश्य यह भी है कि देश से बेरोज़गारी को यथाशीघ्र समाप्त किया जाये। इसलिये कोई भी बड़ी परियोजना चालू करने से पहले हमें सोचना चाहिये कि क्या यह हमारे उद्देश्य की पूर्ति करेगा या नहीं। स्वचालित मशीनों को लगाने से पहले और यन्त्रीकरण करने से पहले सरकार को बड़े गौर से विचार करना चाहिये कि क्या जो व्यक्ति इसके परिणामस्वरूप बेरोज़गार हो जायेंगे उनको रोज़गार दिलाने का प्रबन्ध कर लिया गया है। हमें जल्दबाज़ी में कोई कदम नहीं उठाना चाहिये।

श्री इन्द्रजीत गुप्त (कलकत्ता-दक्षिण-पूर्व) : इस संशोधन विधेयक के कानूनी पहलू पर श्री त्रिवेदी ने आपत्ति उठाई। मैं उनकी बात को दोहराना नहीं चाहता। उन्होंने बहुत प्रभावशाली ढंग से इस विधेयक के वधिक आधार पर आपत्ति उठाई है। क्योंकि यदि कोई संशोधन लाना था वह अधिनियम की धारा 9 के लिये लाना चाहिये था। इस विशिष्ट धारा 28 के लिये संशोधन लाना उचित नहीं है।

बीमे का सारा हिसाब लगा कर जो फालतू राशि बच रहती है उसका 5 प्रतिशत सरकारी खज़ाने में नहीं जाना चाहिये। इस संबंध में श्री दांडेकर द्वारा प्रस्तुत किये गये संशोधन का समर्थन करता हूं। यदि कोई राशि फालतू बच रहती है तो उसे बोनस के रुप में कर्मचारियों को दिया जाना चाहिये। लाभांश की अदायगी विधेयक की धारा 32 के अन्तर्गत जीवन बीमा निगम को बहुत गलत तरीके से उस विधेयक के उपबन्धों के क्षत्र से बाहर कर दिया गया है। यदि सरकार चाहे तो उस विधेयक की धारा 34 के अन्तर्गत निगम और इसके कर्मचारियों के बीच आपसी समझौते के अन्तर्गत इस 5 प्रतिशत को बोनस के रुप में दे सकती है। इस 5 प्रतिशत को कर्मचारियों को अन्य सुविधाएं देने के लिये भी काम में लाया जा सकता है जैसे कि कर्मचारियों को बीमा विज्ञान में प्रशिक्षण देना आदि।

श्री काशी राम गुप्त (अलवार) : कर्मचारियों को बोनस की अदायगी के लिये मैं श्री इन्द्रजीत गुप्त के सुझाव का समर्थन करता हूं। जब कि जीवन बीमा निगमने सामान्य बीमे का काम अन्य कम्पनियों के साथ साथ आरम्भ कर दिया है तो इस 5 प्रतिशत का कोई प्रश्न ही नहीं रह जाता। जो भी मुनाफा हो उसमें से कर्मचारियों और एजंटों को उनका हिस्सा मिलना चाहिये।

जब बीमा कर्मचारियों को रिहाइश संबंधी और अन्य सुविधाएं नहीं दी जाती हैं उनके लिये सेवा की कोई सुरक्षा नहीं है, उनको कोई पेंशन नहीं दी जाती है, सरकार द्वारा इस 5 प्रतिशत का लिया जाना बड़ा अनुचित है।

आजकल पालिसी धारकों और एजंटों में एक कुप्रथा चली हुई है। आम तौर पर एजंट आरम्भ में कम प्रिमियम ले कर बीमा कर दे देते हैं और वे पालिसी धारक एक या दो वर्ष के बाद किश्ते देना बन्द करते हैं और उसी तरीके से फिर दो बारा बीमा करवाते हैं। परन्तु इससे हानि जीवन बीमा निगम को उठानी पड़ती है। सरकार को इस चीज़ को रोकना चाहिये। इसका मुख्य कारण यह है कि एजंटों और कर्मचारियों को पूरे पैसे नहीं मिलते हैं। परन्तु फिर भी सरकार इस 5 प्रतिशत को लेना चाहती है। पालिसी धारकों की किश्तों की दरों में कमी करनी चाहिये और सामान्य बीमा के काम से जो लाभ हो उस में से कर्मचारियों और एजंटों का बोनस दिया जाना चाहिये।

डा० मेलकोटे (हैदराबाद) : मैं आपके सामने पालिसी धारकों का मत रखता हूँ। जो व्यक्ति अपनी पालिसी का पैसा लेने के लिये जीवित रह जाता है वास्तव में वह सब से अधिक घाटे में रहता है।

मान लीजिये मैंने कुछ वर्ष पूर्व 1000 रु० के लिये बीमा करवाया था। उस समय रुपये की खरीदने की शक्ति कुछ और थी और आज कुछ और है। आजके 1000 रु० उस समय के केवल 250 या 300 रु० के बराबर हैं। इसमें विपरीत 1000 रु० के पीछे 14 या 20 रु० जो बोनस मिलता है वह कुछ भी नहीं है।

यदि यही धन बैंक में जमा कराया जाये तो ब्याज अधिक मिलेगा। हमे जहां कर्मचारियों के हितों की रक्षा करनी है वही पर पालिसीधारियों के लिये सोचना चाहिये। हमें देखना होगा कि उनको घाटा न हो।

पश्चिमी देशों में अब बहुत अधिक काम स्वचालित मशीनों से लिया जा रहा है। इससे कार्यकुशलता बढ़ती है। आज पालिसीधारी कहते है कि उन के धन का उचित प्रयोग किया जाये और उससे अधिकाधिक उपयोग उठाया जाये। सरकार को इस बारे में उनकी राय जाननी चाहिये। माननीय मंत्री को इस सम्बन्ध में कुछ बताना चाहिये। सरकार को इस समय पूर्ण रूप से राष्ट्रीयकरण कर लेना चाहिये। जीवन बीमा निगम में कई खराब प्रवृतियां है उनको समाप्त करने के लिये सरकार को प्रयत्न करना चाहिये।

विश्व में कर्मचारियों की इस श्रेणी को बहुत अच्छा वेतन और भत्ते आदि मिलते हैं। हम अपने देश में जीवन बीमा के निगम के कमचारियों को पर्याप्त वेतन देने की ओर ध्यान देना चाहिये।

श्री ब० रा० भगत : बहुत से माननीय सदस्यों ने इस विधेयक में रुचि दिखायी है। सरकार 5 प्रतिशत फालतू धन लेने पर पूरी तरह से कार्यवाही कर रही है। मैं इस विधेयक सम्बन्धी प्रवर समिति का आरंभ से सदस्य रहा हूं। उस समय सरकारी प्रवक्ताने गलती से 'सरकार' के स्थान पर 'कार्पोरेशन' कह दिया होगा।

[**उपाध्यक्ष महोदय पीठासीन हुए।**
MR. DEPUTY SPEAKER *in the Chair.*]

इस बारे में श्री देशमुख ने इस "सरकार के भाग के रूप में" में भी कहा था। स्थिति को स्पष्ट करने के लिये यह विधेयक लाया गया है। हम उच्चतम न्यायालय का पूर्ण रूप से पालन कर रहे हैं। श्री दाजी ने सार्वजनिक उपक्रमों सम्बन्धी समिति की सिफारिशों का उल्लेख किया है। मैं कहना चाहता हूं कि सरकार उन पर पूरे ध्यान से विचार कर रही है और समिति तथा सदन को सूचना दे दी जायेगी।

स्वचालित मशीनों को प्रयोग में लाने के सम्बन्ध में जीवन बीमा निगम ने कुछ प्रगति की है। यह निगम की कार्यकुशलता को बनाये रखने के लिये आवश्यक है। हम पूर्णरूप से विकसित देशों का मुकाबला नहीं कर सकते। इन स्वचालित मशीनों के प्रयोग में लाने से वर्तमान कर्मचारियों को किसी प्रकार को हानि नहीं होगी। मेरे विचार में यह बहुत अच्छी व्यवस्था है।

यह कहा गया था कि जीवन बीमा निगम ने बहुत अधिक संख्या में बड़े बड़े भवन बनवाये हैं। यह कोई खराब बात नहीं हैं। इनसे लाभ ही होता है। बड़े बड़े नगरों में कर्मचारियों के लिये क्वार्टर बनाने के सम्बन्ध में भी कार्यवाही की गई है। और ये कर्मचारियों के सभी वर्गों के लिये होंगे।

यह ठीक है कि हम अपने निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त नहीं कर सके। परन्तु यह मानना होगा कि जीवन बीमा निगम ने काफ़ी प्रगति की है। आज बढ़े हुए मूल्यों के समय में लक्ष्यों को प्राप्त करना सरल कार्य नहीं है। फिर भी हम अपनी ओर से पूरी पूरी कोशिश कर रहे हैं।

उपाध्यक्ष महोदय : प्रश्न यह है :—

"कि जीवन बीमा निगम अधिनियम 1956 में अग्रेसर संशोधन करने वाले विधेयक पर विचार किया जाये।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ। *The motion was adopted.*

उपाध्यक्ष महोदय : अब विधेयक पर खण्डवार चर्चा होगी। प्रश्न यह है :—

"कि खण्ड 2 विधेयक का अंग बने।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ। *The motion was adopted.*

खंड 2 विधेयक में जोड दिया गया। *Clause 2 was added to the Bill.*

खण्ड 3 (धारा 28 के नई धारा का स्थापन करना)

श्री नारायण दांडेकर (गोंडा) : मैं संशोधन संख्या 1 प्रस्तुत करता हूं। मेरे संशोधन का उद्देश्य प्रस्तावित धारा 28 में से "केन्द्रीय सरकार को भुगतान किया जायेगा या, यदि सरकार ऐसा आदेश दे" शब्दों को हटाना है। माननीय मंत्री ने कहा है कि यदि मेरा संशोधन स्वीकार हो जाये तो विधेयक निरर्थक हो जायेगा। मैं उनके इस कथन से सहमत नहीं हूं। खंड 2 का अभिप्राय सामान्य बीमे को जीवन

बीमे से विभिन्न कर के दिखाना है। मेरे संशोधन से इस विधेयक के विषैले दांत निकल जायेंगे। मूल विधेयक के पास होते समय इस विधेयक के बारे में कोई ध्यान ही नहीं आ सकता था। सरकार ने पहले किसी भी समय पांच प्रतिशत पर कब्जा करने की बात नहीं कही थी। इस बारे में प्रवर समिति से संलग्न विमति टिप्पण में श्री तुलसीदास किलाचन्द ने स्थिति स्पष्ट कर दी थी। उन्होंने सरकार को सरकार द्वारा पूंजी में लगाये धन पर $3\frac{1}{2}$ प्रतिशत लेने का अधिकारी बताया था। यह बात ठीक भी मालूम होती है।

इस सम्बन्ध में उच्चतम न्यायालय के निर्णय पर भी ध्यान देना होगा। सरकार को जैसा डा० मेलकोटे ने कहा है पालिसीधारियों के हितों की ओर पूरा पूरा ध्यान देना चाहिये। बीमे को सामान्य लोगों में लोकप्रिय बनाने के सभी प्रकार की कार्यवाही करनी चाहिये। नई प्रकार की पालिसियों लागू होनी चाहिये। बीमे के काम को बहुत बढ़ाया जा सकता है। हमें निगम के पास धन रहने देना चाहिये।

मैं सदैव राष्ट्रीयकरण का विरोधी रहा हूं। परन्तु जब यह कर दिया गया है तो इसके कर्मचारियों के साथ न्यायपूर्ण व्यवहार होना चाहिये। सरकार को ऐसे 2 उपक्रमों में कर्मचारियों को बहुत सुविधायें उपलब्ध करनी चाहिये। और गैर-सरकारी क्षेत्र के लिये उदाहरण सिद्ध होना चाहिये।

मैं चाहता हूं कि खण्ड 3 में से वे शब्द हटा दिये जाये जिनका मेरे संशोधन में उल्लेख है।

श्री ब० रा० भगत : मैं इस संशोधन से सहमत नहीं हूं। इससे तो विधेयक का उद्देश्य ही समाप्त हो जाता है।

कर्मचारियों को सुविधा उपलब्ध करने के बारे में हम यदि यह कार्य गैर-सरकारी क्षेत्र के कर्मचारियों पर छोड़ दें तो वे तुरन्त ही राष्ट्रीयकरण चाहेंगे। सरकारी-क्षेत्र में सुविधायें बहुत अधिक हैं।

उपाध्यक्ष महोदय द्वारा संशोधन संख्या 1 मतदान के लिये रखा गया तथा अस्वीकृत हुआ।/ *Amendment No. 1 was put and negatived.*

उपाध्यक्ष महोदय : प्रश्न यह है :

"कि खंड 3 विधेयक का अंग बने।

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।/*The motion was adopted.*

खण्ड 3 विधेयक में जोड़ दिया गया।/*Clause 3 was added to the Bill.*

खण्ड 4 विधेयक में जोड़ दिया गया।/*Clause 4 was added to the Bill.*

खण्ड 1, अधिनियम सूत्र और पूरा नाम विधेयक में जोड़ दिये गये।/*Clause 1, the Enacting Formula and the Title were added to the Bill.*

श्री ब० रा० भगत : मैं प्रस्ताव करता हूं :

"कि विधेयक को पारित किया जाये"

उपाध्यक्ष महोदय : प्रश्न यह है :

"कि विधेयक को पारित किया जाये"।

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।/*The motion was adopted.*

कोयला खान भविष्य निधी तथा अधिलाभांश योजनायें (संशोधन) विधेयक—1965

COAL MINES PROVIDENT FUND AND BONUS SCHEMES (AMENDMENT) BILL, 1965

विधि मंत्रालय में उपमंत्री (श्री जगन्नाथ राव) : मैं श्री अ० कु० सेन की ओर से प्रस्ताव करता हूं:

"कि कोयला खान भविष्य निधि तथा अधिलाभांश योजनायें अधिनियम, 1948 में अग्रेतर संशोधन किये जाने वाले विधेयक पर विचार किया जाये।"

1948 के अधिनियम के अन्तर्गत कोयला खानों के मज़दूरों के लिये दो प्रकार की योजनायें बनी थी। एक के अनुसार उन्हें बोनस मिलना था और दूसरी के अन्तर्गत अनिवार्य भविष्य निधि का बनाया जाना था। बोनस योजना में काफी विस्तार हुआ है और मजदूरों की आय में वृद्धि भी हुई है।

भविष्य निधि से श्रमिक वर्ग को काफ़ी सहायता मिली है। इस से सरकार को भी धन मिला है। आरंभ में यह योजनायें केवल पश्चिमी बंगाल और बिहार राज्यों पर लागू हुई थी परन्तु बाद में इन्हें सभी कोयला क्षेत्रों पर लागू कर दिया गया था। भविष्य निधि में अभिदाताओं की 1948 में केवल 2.96 लाख थी जबकि 1965 में यह 4.25 लाख हो गई है। भविष्य निधि पर ब्याज के दर में भी वृद्धि कर दी गई है। निधि में स्वेच्छा से भी धन जमा कराया जा सकता है। इसके फलस्वरूप वार्षिक जमा होने वाली राशि में भी बहुत वृद्धि हुई है।

1948 से 1965 के बीच की अवधि में मालिकों की ओर से धन जमा न कराने के सिलसिले में 543 मामलों में अभियोग चलना पड़ा है और 1.2 करोड़ रुपया अभी शेष जमा होना है।

शब्द "कोयला खान" की परिभाषा पुनः की जानी है। शब्द "कर्मचारी" के सम्बध में भी यही किया जाना है। अब कोयला खानों में कार्य करने वाले कर्मचारियों की बहुत से श्रेणियों को इस वग में लाने का प्रस्ताव है। पहले कई वर्गों के लिये भविष्य निधि में धन जमा करना स्वैच्छिक था परन्तु अब उसे अनिवार्य कर दिया जायेगा। अब प्रशिक्षणार्थियों को भी "कर्मचारियों" की श्रेणी में सम्मिलित किया जायेगा और उन्हें भी यह सुविधा उपलब्ध होगी।

निधि के न्यासी बोर्ड के गठने आदि में भी कुछ परिवर्तन करने का प्रस्ताव है। अब कर्मचारी भविष्य निधि अधिनियम, 1952 के अनुसार इस निधि को अन्य ऐसी निधियों में स्थानान्तरित करने सम्बन्धी उपबन्ध करने का विचार है।

इस विधेयक द्वारा कोयला खान भविष्य निधि आयुक्त तथा उसके कुछ सहयोगी अधिकारियों को अधिक अधिकार दिये जायेंगे तकि कार्य ठीक प्रकार हो सके।

यह देखा है कि मालिकों के विरुद्ध बहुत बार कानूनी कार्यवाही करनी पड़ती है। अतः जर्माना तथा कारावास की अवधि सम्बन्धी अधिकतम सीमा में वृद्धि कर दी गई है।

निरीक्षकों को भी अधिक अधिकार दिये जा रहे हैं।

यह भी व्यवस्था की जा रही है कि अंशदान के अतिरिक्त प्रशासन व्यय और नुकसान को भूमि राजस्व के बकाया रूप में वसूल किया जाय। कई अदालतों ने यह निर्णय दिया है कि वर्तमान अधिनियम के अन्तर्गत किसी कम्पनी का निदेशक नियोजक के अर्थों के अन्तर्गत नहीं आता है।

इसके फलस्वरुप बकाया भविष्य निधि के वसूल करने में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। अतः इन कठिनाइयों का उपचार करने की दृष्टि से अधिनियम में अपेक्षित व्यवस्था की जा रही है।

इस सम्बन्ध में यह उल्लेखनीय है कि हाल ही में कर्मचारी भविष्य निधि (संशोधन) अधिनियम, 1963 में की गई व्यवस्था के अनुसार न्यासधारी बोर्ड की शक्तियां उसके सभापति तथा बोर्ड के अन्य अफसर की प्रत्यायोजित करने का उपबन्ध किया जा रहा है। नियोजकों के भविष्य निधि में अंश तथा बोनस की अदायगी और कार्मचारी के भविष्य निधि के अंश की वसूली के लिए उपबन्ध कर्मचारी भविष्य निधि अधिनियम, 1952 के उपबन्ध के अनुसार किया जा रहा है।

यह भी अनुभव किया गया है कि ठेकेदारों द्वारा अथवा उनके द्वारा नियुक्त कर्मचारियों को भविष्य निधि के लाभ दिये जाने में भी कई एक कठिनाइयां हैं। उन कठिनाइयों को दृष्टि में रखकर कर्मचारी भविष्य निधि (संशोधन) अधिनियम के आधार पर उपबन्धों की व्यवस्था करने पर विचार किया जा रहा है।

यह भी मैं निवेदन करना चाहता हूं कि पटना उच्च न्यायालय का अप्रैल 1962 के इस निर्णय को ध्यान में रखते हुए कि बकाया भविष्य निधि के भुगतान में देरी हो जाने से कोई भी ब्याज प्रभारित नहीं किया जा सकता। इसका उपचार करने के उद्देष्य से कर्मचारी भविष्य निधि अधिनियम, 1952 के वर्तमान उपबन्ध के आधार पर इस सम्बन्ध में उपबन्ध करने की व्यवस्था करना बहुत ही आवश्यक है। इसी प्रकार अनुसूचियों में अपेक्षित आनुषंगिक संशोधन किये जाने का प्रस्ताव किया गया है।

इन शब्दों से मैं यह विधेयक प्रस्तुत करता हूं।

उपाध्यक्ष महोदय : प्रस्ताव प्रस्तुत हुआ।

श्री मुहम्मद इलियास (हावडा) : यद्यपि यह विधेयक बहुत ही देरी से प्रस्तुत किया गया है, मैं इसका स्वागत करता हूं। मेरा निवेदन यह है कि सरकार ने यह अनुभव किया है कि देशभर समन्वित सामाजिक सुरक्षा योजना के चालू किये जाने की आवश्यकता है। इसी दृष्टि से ही सामाजिक सुरक्षा नामक एक अलग विभाग की स्थापना की गयी है। परन्तु खेद यह है कि हमने इस बात को महसूस नहीं किया कि कोयला खानों के श्रमिकों के लिये एक अलग भविष्य निधि योजना की व्यवस्था क्यों की जा रही है। श्रमिकों के दृष्टिकोण से बोनस योजनायें हानिकर हैं और सभी केन्द्रीय कार्मिक संघ संगठन अब इस योजना को समाप्त करने की मांग कर रहे हैं। वे यह चाहते हैं कि उसे मूल मजूरी के साथ जोड़ दिया जाय।

बोनस योजना से श्रमिक अपनी न्यायसंगत बकाया धन राशि से वंचित हो जाता है। अतः इस योजना को समाप्त कर ही दिया जाना चाहिए। अतः वे इसकी मांग कर रहे हैं। उनका कहना है कि इसे मूल मजूरी के साथ जोड दिया जाय। इस योजना को समाप्त करना बड़ा ही आवश्यक है। मेरा यह भी मत है कि जो विधेयक में संशोधन प्रस्तुत किये जा रहे हैं उनसे श्रमिकों को पूर्ण रूप से सन्तोष नहीं होगा। अभी भी इसमें बहुत सी कमिया है। यह भी एक तथ्य है कि इस दिशा में नियोजकों में कोयला खान भविष्य निधि योजना का जानबूझ कर उल्लंघन किया है। जहां तक बोनस योजना का सम्बन्ध है, 1963 में सरकारी निरीक्षणालय योजना के प्रशासन में 3747 अनियमितता के मामलों का पता लगाया गया है।

[श्री मुहम्मद इलियास]

इस निधि योजना के प्रशासन की दशा बहुत ही शोचनीय है। बहुत से ऐसे भी मजदूर हैं जिन्हें अभितक उसके वार्षिक विवरण भी प्राप्त नहीं हुअे। और तो और, अभितक नियोजकों द्वारा अंशदान पत्र भो नहीं दिये गये हैं। मतलब यह है कि यह सारा संगठन हीं प्रभावहीन हो गया है। श्रमिकों को इससे कोई लाभ होने की आशा नहीं। केवल नियोजक ही इससे लाभ उठा रहे हैं। मेरा यही मत है कि योजना को समाप्त कर देना चाहिए। इसे कर्मचारी भविष्य निधि योजना में विलीन कर लिया जाना चाहिए।

वर्तमान विधेयक में यह व्यवस्था की गयी है कि कर्मचारियों के प्रतिनिधियों को मजदूर संघों में निर्वाचित नहीं किया जायेगा। यह बड़ी ही विचित्र बात है। यह तो आप को पता ही होगा कि कोयला उद्योग में 5 लाख मजदूरों को मान्यता प्राप्त मजदूर संघों द्वारा प्रतिनिधित्व प्राप्त है। इस लिए मेरा निवेदन यह है कि यदि किसी व्यक्ति को एक प्रतिनिधि के रूप में लेना हो, तो वह इन तीन संगठनों में से होना चाहिए। हमें इस प्रकार की योजना प्रस्तुत करनी चाहिए जिसके अन्तर्गत सभी औद्योगिक कार्यकर्ता आ जायें।

श्री हिम्मत सिंहका (गौंडा) : विधेयक के उपबन्ध काफी अच्छे हैं। ये कर्मचारियों के लाभ के लिए आवश्यक भी है। विभिन्न खंडों में जो सुधार के सुझाव हैं वे भी बहुत सराहनीय हैं, कोयला खान की परिभाषा को काफ़ी व्यापक बनाया जा रहा है। मेरा मत यह है कि कोयला खान द्वारा नियुक्त कर्मचारियों की संख्या पर भी कुछ सीमा होनी चाहिए। इसे भी प्रस्तुत विधेयक के अन्तर्गत ले आना चाहिए।

यह अच्छी बात है कि किसी ठेकेदार के द्वारा सेवा मुक्त श्रमिकों को भी लाभ मिलेगा परन्तु इसके लिए कोई समय सीमा रखी जानी चाहिए। मेरा यह निश्चित मत है कि नियोजक से बकाया धन राशि को भू-राजस्व के रूप में वसूल किया जा सकता है। इस दृष्टि से मेरा विचार यह है कि विधेयक के खंड 10 (ख) को हटा दिया जाना चाहिए। कोई इस प्रकार की व्यवस्था होनी चाहिए। जिससे कि आवश्यकता पड़ने पर कर्मचारियों को ऐसे ऋण दिये जा सके जिन्हें योजना के सामान्य नियमों के अन्तर्गत प्राप्त करने के वे अधिकारी हैं। इस तरह का कोई उपबन्ध किया जाना चाहिए। इन शब्दों से मैं विधेयक का समर्थन करता हूं।

श्री नारायण दांडेकर (गौंडा) : इस विधेयक के उपबन्ध प्राय: अच्छे ही हैं और कर्मचारियों के लाभ को दृष्टि से अच्छे ही हैं। इन विभिन्न खंडों द्वारा उनमें जो सुधारों के सुझाव प्रस्तुत किये गये हैं। कोयला खान की परिभाषा को बहुत व्यापक बनाया गया है। किसी भी उद्योग में बोनस योजना का होना बहुत ही आवश्यक चीज है। इस योजना का प्रभाव कोयला के संधारण में ही नहीं उसकी उत्पादन स्थिति में सुधार करने में भी होगा।

उपरोक्त तथ्य को ध्यान में रखते हुए वर्तमान प्रस्तुत योजना का मामला कोयला खनन उद्योग के मजूरी बोर्ड के विचाराधीन है। क्योंकि अधिनियम में संशोधन करने के लिए अभी ठीक प्रकार का समय नहीं आया है। इस बारे में जब बोर्ड इस मामले में यथा सम्भव अपना प्रतिवेदन प्रस्तुत करेगा तो उस अवसर पर परस्पर विरोधी संशोधनों को प्रस्तुत किये जाने की बहुत सम्भावना है। अत: मामला सरकार के फैसला करने का है। मेरा निवेदन यह है कि यह सब समय से पूर्व ही है।

दूसरे लक्ष्यों और कारणों के विवरण से यह स्पष्ट हो जाता है कि उसे अन्य विधेयकों से कुछ थोड़ा अलग बनाना है। इसे सामाजिक सुरक्षा के अनुरूप बनाना है। इस सम्बन्ध में मेरा निवेदन यह है कि इस के अन्तर्गत ठेके के कर्मचारियों को भी शामिल कर लेना चाहिये। ठेके के मजदूरों के साथ सामान्यत: बहुत ही बुरा व्यवहार होता है। और उसके लिये ठेकेदार उत्तरदायी होते हैं। उनके साथ उचित व्यवहार किया जाना चाहिये। ठेकेदार यदि किसी कारणों से इस प्रकार की जिम्मेदारी को निभा नहीं सकता

तो मुख्य नियोजक को निश्चित रूप से इस जिम्मेदारी को अपने ऊपर लेना चाहिये। इस विधेयक का मैं स्वागत करता हूं, परन्तु मेरा मत यह है कि यह अच्छा होता यदि यह विधेयक इस समय तक न आता जब तक कि सरकार मजूरी बोर्ड द्वारा वर्तमान बोनस के बारे में अपना अन्तिम निर्णय न कर लेती।

डा० मेलकोटे (हैदराबाद) : मैं इस विधेयक का स्वागत करता हूं। मेरे विचार में इस विधेयक की बहुत देर से आवश्यकता महसूस की जा रही थी। इसे सभी दिशाओं से समर्थन प्राप्त होना चाहिये। इस विधेयक को बनाने तथा दण्ड सम्बन्धी विभिन्न उपबन्धों को रखने के अतिरिक्त सरकार को काफी उपाय करने चाहिये ताकि मूल अधिनियम में उपबन्धों का पालन नियोजकों तथा ठेकेदारों द्वारा किया जा सके।

Shri Bade (Khargone) : I support this Bill. There were certain defects in the existing law and in order to remove them, the Bill was necessary. Though the Bill has come late but still it is a step towards the right direction.

This is good thing that under the definition of employees those persons have also been taken who are employed by the Contractors or through some Contractors.

I may also state that before any employer, declares any strike a illegal, Government should consider this matter and find out whether the strike is legal or illegal. This is a great injustice to the employee that if their strike is illegal there amount in their provident funds is denied to them. I am of the opinion that the provision should be removed.

I have not been able to follow the need of bringing forward a separate legislation for the employees of Coal mines. The legislation which is applicable to other workers may be applicable to coal mine workers. I also support the provisions regarding exemplary punishment and the representation. One person will be taken from those persons who are not the members of any union at all.

श्री काशीनाथ पाण्डे (हाटा) : मैं विधेयक का स्वागत करता हूं। इससे दो अधिनियमों को एक दूसरे के निकट लाने का प्रयास किया गया है। अब समय आ गया है जब कि सभी कर्मचारियों के लिये एक ही भविष्य निधि योजना होनी चाहिये। चाहे वे कोयला खानों में काम करते हों अथवा किसी अन्य संस्थान में। मेरा आग्रह है कि मंत्री महोदय को इस बात का आश्वासन देना चाहिये कि कोयला-खान कर्मचारियों को जिन को कुछ सुविधायें दी जा रही हैं वह उन्हें उपलब्ध होती रहनी चाहिये। यह भी बड़े हर्ष की बात है कि यह योजना ठेकेदारों के अधीन काम कर रहे मजदूरों पर भी लागू होगी।

यह भी मेरा मत है कि कुछ ऐसा संशोधन किया जाना चाहिए जिससे नियोजकों को कर्मचारियों की खून-पसीने की राशि की निधि को बैंक में समय पर जमा कराने के लिए बाध्य किया जा सके। यह भी आश्वासन दिया जाना चाहिये कि भविष्य निधि में राशि ऐसी जमानतों में तथा इस तरह से जमा कराई जानी चाहिये कि इससे मजदूरों को अधिक से अधिक ब्याज मिल सके।

मेरा विचार यह भी है कि भविष्य निधि योजना में और अधिक संशोधन करने के बारे में मंत्री महोदय को विचार करना चाहिये। यह योजना 1952 में आरम्भ की गयी थी। तब से समय में काफी तबदीली आ गयी है। कुछ उद्योगों में अंशदान की दर $6\frac{1}{4}$ प्रतिशत से बढ़ा कर 8 प्रतिशत कर दी गयी है। ऐसे बहुत से उद्योग हैं जो काफी मुनाफा कमा रहे हैं। उन कारखानों के कर्मचारियों के अंशदान में वृद्धि की जानी चाहिये। अधिक से अधिक से उद्योगों को इसके अन्तर्गत लाना चाहिये। इन शब्दों से मैं विधेयक का समर्थन करता हूं।

श्री दिनेन भट्टाचार्य (सेरामपुर) : आशा तो यह थी कि व्यापार भविष्य निधि के बारे में विधेयक प्रस्तुत किया जायेगा। मेरा विचार है कि कोयला खान कर्मचारियों के लिए अलग से भविष्य निधि योजना के बनाने की कोई आवश्यकता नहीं है। कोयला खानों, अन्य उद्योगों तथा सरकारी संस्थानों के सभी कर्मचारियों पर एक एकीकृत योजना लागू करने का यह उचित समय

है। भविष्य निधि योजना के लिए उत्तरदायी संगठन के कार्यकारण पर विचार किया जाना चाहिए। उनमें आई त्रुटियों को दूर किया जाना चाहिए। यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि दोषी मालिक उनको बकाया दामों को समय पर अदा कर दें।

यदि सरकार की यह इच्छा है कि सामायिक सुरक्षा के रूप में भविष्य निधि सुनिश्चित रहे और यह भी कि मजदूर लोग इससे लाभ उठाये तो ऐसा उपबन्ध अवश्य किया जाना चाहिये कि उन्हें इससे लाभ हो। यह भी व्यवस्था की जानी चाहिये कि मजदूरों को समय पर ऋण मिल सके। मेरा निवेदन तो यह है कि सरकार ऐसा व्यापक विधान प्रस्तुत करे जिससे कि सारे देश में भविष्य निधि को इकट्ठा कर दिया जाय। हर समय विभागीय आधार पर विधान बनाना अच्छा नहीं लगता।

Shri Balmiki (Khurja) : I welcome this legislation. In the interest of Social security and social justice coal mines workers should get some relief. We should march towards this direction very speedily. The provisions of the Bill are quite useful and those who were not getting the benefit before will be benefited. This is also very good that Provident Fund Scheme will be applicable to domestic servants and the sweepers. I also welcome the widening of the scope, by the Comprehensive definition of "Coal Mine"

Government should assure that the labour is getting the benefit of Provident Fund and Bonus. Money lenders should not be allowed to take any advantage of that. These money lenders got very good benefit out of the miseries of the labour. They give money very liberally but receive back very ruthlessly.

In order to save the labour from these money lenders, it is desirable that some provision be made for the employees to get some small loans at the time of need. The basis of this loan can be their provident fund.

It is also good that some benefit has been given to the labour working under the Contractors. The assurance was given in this House that some Comprehensive Bill will be brought in order to put an end to the System of Contractors.

As regards clause 2, I would like to point out that the Scavenging Conditions Enquiry Committee known as Malkani Committee, which had been appointed by Government, had recommended that the word "Scavenger" shou d be used for those people who are engaged in sanitation work, but it is regretted that that recommendation is not being observed by the Government itself. Instead of using the word "Scavenger" the word "Sweeper" has been used in this Bill. I, therefore, submit that the word "Scavenger" should be used in place of the word "Sweeper" in this Bill.

More attention should be paid to those neglected areas where the sanitary conditions are lacking and where there are latrines of dry-type system and where droppings are scattered here and there which emit bad smell. These conditions can only be improved if housing and other facilities are provided to scavengers so that there is some improvement in their standard of living and also if the dry-type system is replaced by the wet-type system.

With these words I welcome this amending Bill and hope that the Hon. Minister would definitely pay attention towards this matter and try to raise the standard of living of these people.

श्री वारियर (त्रिचूर) : श्री मान्, विधेयक में शामिल किये गये सुझावों का हम स्वागत करते हैं। कोयला-खान मजदूरों की दशा बहुत दयनीय है। उन्हें अपनी जान जोखिम में डाल कर कार्य करना पड़ता है। परन्तु उनकी सेवा की शर्तें अब भी वहीं है जो पहले थीं। यह एक अच्छी बात हैं कि सरकार ने हमारी

एक पुरानी मांग को स्वीकार करके 1958 में दिये गये अपने वचन को पूरा कर दिया है कि नियोजकों का अंशदान भी उतना ही होना चाहिये जितना कि मजदूरों का होता है। इसके लिये तो हम सरकार के आभारी हैं। परन्तु नियोजकों को मज़दूरों से भी अधिक अंशदान करना चाहिये क्योंकि निर्धन मज़दूरों को धनी नियोजकों के बराबर नहीं रखा जा सकता है।

उपाध्यक्ष महोदय : तीन बज गये हैं। अब हम अगले विषय पर चर्चा करेंगे। वह अपना भाषण कल जारी रख सकेंगे।

तेल सम्बन्धी नीति पर वक्तव्य के बारे में प्रस्ताव---जारी

MOTION RE: STATEMENT ON OIL POLICY—*Contd.*

उपाध्यक्ष महोदय : सभा अब तेल सम्बन्धी नीति पर वक्तव्य के बारे में श्री स० मो० बनर्जी द्वारा प्रस्तुत किये गये प्रस्ताव पर अग्रेतर विचार करेगी।

श्री प्र० चं० बरुआ (शिवसागर) : उपाध्यक्ष महोदय, भारत में तेल सम्बन्धी राष्ट्रीय नीति के मुख्य निर्माता के रूप में भूतपूर्व मंत्री, श्री के० दे० मालवीय का नाम इतिहास में सदा स्मरणीय रहेगा। यह सच है कि वह पहले व्यक्ति हैं जिनके मस्तिष्क में यह विचार आया कि सरकारी क्षेत्र में तेल का उत्पादन, शोधन तथा वितरण किया जाये और उन्होंने तेल की खोज और इसके उत्पादन के लिये 'आयल इण्डिया लिमिटेड' तथा तेल तथा प्राकृतिक गैस आयोग की, इसका शोधन करने के लिये गौहाटी, बरौनी तथा गुजरात में तेल शोधनशालाओं की और इसका वितरण करने के लिये भारतीय तेल समवाय की स्थापना की। परन्तु मानव गलती करता ही है। अत: उन्होंने एक गलती यह की थी कि नहरकतिया में पैदा होने वाले तेल को साफ करने के लिये नहरकटिया में एक बड़ी शोधनशाला स्थापित करने की बजाय दो शोधन-शालायें---एक गोहाटी में तथा दूसरी बरौनी में---स्थापित कीं। यदि इन दो स्थानों पर शोधनशालायें स्थापित करने की बजाये नहरकटिया में ही एक बड़ी शोधनशाला स्थापित कर दी जाती तो इससे इन दो शोधनशालाओं पर तथा दो तरह की पाइपलाइनें बिछाने पर जो हमारा दुगना खर्च हो रहा है वह बच जाता और देश को बहुत लाभ होता। यह एक अच्छी बात है कि गुजरात में इस गल्ती को पुन: नहीं दोह-राया गया और तेल शोधनशाला को तेल वाले क्षेत्र के निकट ही स्थापित की गई है।

तेल की बढ़ रही मांग को पूरा करने के लिये अधिक शोधनशालायें स्थापित की जानी चाहिये। यदि आवश्यक हो तो ऐसा उन विदेशी फर्मों के सहयोग से किया जाना चाहिये जो बिना साफ किया हुआ तेल हमारी शर्तों के अनुसार दे सकती हैं। यह एक अच्छी बात है कि सरकारी क्षेत्र में तीन शोधनशालाओं की क्षमता बढ़ायी जा रही है। परन्तु खेद इस बात का है कि जबकि बरौनी और गुजरात में शोधनशालाओं की क्षमता 20 लाख टन से 30 लाख टन तक बढ़ाई जा रही है, गोहाटी में शोधनशाला की क्षमता 7.50 लाख टन से 10 लाख टन ही की जा रही है, हालांकि आसाम में पाये गये तेल की तुलना में यहां की शोधनशाला की क्षमता बहुत कम है। मेरी समझ में नहीं आता है कि आसाम के साथ उपेक्षा का व्यवहार क्यों किया जा रहा है। मैं मंत्री महोदय से निवेदन करता कि गोहाटी शोधनशाला की क्षमता भी बढ़ाकर अन्य दो शोधनशालाओं की क्षमता के बराबर कर दी जानी चाहिये।

जहां तक गैर-सरकारी क्षेत्र शोधनशालाओं का सम्बन्ध है, उन्हें और विस्तार करने की अनुमति न देने की नीति ठीक है। वर्तमान समय में तेल एक बहुत महत्वपूर्ण वस्तु है। देश की प्रतिरक्षा तथा विकास के लिये यह बहुत उपयोगी वस्तु है। अत: तेल का उत्पादन, शोधन तथा वितरण सरकार को अपने हाथ में रखना चाहिये।

श्री मं० रं० कृष्ण (पेद्दपल्लि) : उपाध्यक्ष महोदय, श्रीमान्, भूतपूर्व मंत्री द्वारा निर्धारित की गई नीति बहुत अच्छी है और इसकी सभी वक्ताओं ने सराहना की है। मुझे इस बात की प्रसन्नता है कि वर्तमान मंत्री भी देश को तेल में आत्मनिर्भर बनाना चाहते हैं और वह इस दिशा में अपने प्रयत्न करते रहेंगे।

सारे संसार में ऐसी सात तेल कम्पनियां हैं जिन्होंने संसार के सभी तेल भंडारों पर नियंत्रण कर रखा हैं। इन कम्पनियों को इससे काफी मुनाफा हो रहा है। भारत में भी इन कम्पनियों को काफी मुनाफा

[श्री० मं० रं० कृष्ण]

हो रहा है परन्तु जब उन्हें कहा गया कि उनमें काम करने वाले लोगों को उचित प्रकार तथा अन्य सुविधायें दी जायें तो उन्होंने बताया कि कि उन्हें तो केवल एक प्रतिशत मुनाफा होता है। जब उन्हें हिसाब किताब दिखाने के लिये कहा गया तो उन्होंने इनको न दिखाकर वह सभी बातें पूरी कर दीं जिनके बारे में उन्हें कहा गया था। स्पष्ट है कि उन्हें काफी मुनाफा होता है और वह इसे प्रकट नहीं करना चाहते हैं। हमें देखना चाहिये कि क्या तेल कम्पनियां ऐसे समय में, जबकि सरकार को शत्रु का मुकाबला करना है, हमारे साथ सहयोग करेंगी अथवा नहीं। उनके व्यवहार को देख कर सरकार को निर्णय करना चाहिये कि क्या उन्हें यहां रहने दिया जाय अथवा उन्हें बिस्तर गोल करने के लिये कह दिया जाय। हालांकि सरकार की नीति यह है कि मूल उद्योगों का राष्ट्रीयकरण किया जाये। परन्तु तेल कम्पनियों के राष्ट्रीयकरण के सम्बन्ध में सरकार बड़ी सावधान है और वह नहीं चाहती कि इनके राष्ट्रीयकरण में कोई जल्दबाजी की जाये। हम तो केवल यह चाहते हैं कि वह हमारे साथ सहयोग करती रहें ताकि हम शत्रु का मुकाबला कर सकें। परन्तु मैं यह सुझाव अवश्य देना चाहता हूं कि सरकार को गैर-सरकारी क्षेत्र में कम्पनियों तथा उद्योगों के खर्चे पर नियंत्रण रखना चाहिये ताकि उनके वास्तविक खर्चे का पता लगाया जा सके। ऐसा इसलिये करना आवश्यक हो जाता है क्योंकि बड़ी बड़ी कम्पनियां अपने हिसाब में अत्याधिक खर्चा दिखाती हैं। इसके अतिरिक्त वितरण पर भी नियंत्रण रखा जाना चाहिये।

तेल की बढ़ती हुई मांग को पूरा करने के लिये सरकार को तेल और ईंधन का राशन कर देना चाहिये ताकि इनका उपयोग निजी हित की बजाये समाज के हित में किया जा सके और इससे पूरा लाभ उठाया जा सके। सरकार को इस के उपयोग पर कुछ प्रतिबन्ध लगा देने चाहिये ताकि इस आपातकाल में इस की कमी से देश को हानि न हो।

श्री के० दे० मालवीय (बस्ती) : उपाध्यक्ष महोदय, श्रीमान्, मैं पैट्रोलियम तथा रसायन मंत्रालय को इस बात पर श्रद्धांजलि अर्पित करना चाहता हूं कि वह कई कठिनाइयों के बावजूद भी तेल सम्बन्धी नीति का अनुसरण करता रहा है। इस में कोई सन्देह नहीं है कि यदि परिस्थितियों ने हमारा साथ दिया तो हम तेल में कुछ ही वर्षों में आत्म निर्भर हो जायेंगे।

एक उपभोक्ता के रूप में भारत पैट्रो-रसायनिक उत्पादों के सबसे बड़े उपभोक्ताओं में से एक होने जा रहा है परन्तु हम अपनी आवश्यकताओं को पूरा करने हेतु इतने बड़े आकार के उद्योग स्थापित नहीं कर सकते हैं क्योंकि इसके लिये काफी पूंजी तथा तकनीकी जानकारी की आवश्यकता है। अतः सरकार को विश्व में कुछ ऐसे पक्षों का पता लगाना चाहिये जो हमारी नीतियों के अनुसार कार्य करने और हमारे देश में पैट्रो-रसायनिक उद्योगों का विकास करने में हमारी सरकार की सहायता कर सकें चाहे हमें ऐसा त्रिपक्षीय आधार पर ही क्यों न करना पड़े। जापान, फ्रांस, रूस तथा इटली जैसे कुछ ऐसे देश हैं जो इस क्षेत्र में सरकारी स्तर पर हमारे साथ सहयोग करना पसन्द करेंगे और यहां पर पैट्रो-रसायनिक उद्योगों का विकास करने में हमारी सहायता करना चाहेंगे। इस सम्बन्ध में हाल ही में तेहरान में हुए एक बड़े सम्मेलन में, जिसमें पैट्रो-रसायनिक उद्योगों के विशेषज्ञों तथा तेल विशेषज्ञों ने भाग लिया था, यह सिफारिश की गई थी कि इस बात पर गम्भीरता से विचार किया जाना चाहिये कि क्या कुछ उपभोक्ता देश, तकनीकी जानकारी रखने वाले देश तथा कच्चा माल पैदा करने वाले देश, दोनों उपभोग तथा उत्पादन की दृष्टि से ऐसे उद्योगों को चलाने के लिये आपस में सहयोग नहीं कर सकते हैं। मेरा कहने का आशय यह है कि हमें द्विपक्षीय अथवा त्रिपक्षीय व्यवस्था के आधार पर पैट्रो-रसायनिक उद्योग समूहों के क्षेत्रीय पुनर्गठन पर विचार किया जाना चाहिये जिससे हमारी नीति की मर्यादा भी बनी रहे और हमें आवश्यक संसाधन तथा तकनीकी जानकारी प्राप्त हो सके।

पैट्रोलियम और रसायन मंत्री (श्री हुमायुन कबिर) : उपाध्यक्ष महोदय, श्रीमान्, चूंकि एक से अधिक सदस्यों ने इस बात का उल्लेख किया है कि तेल सम्बन्धी नीति के बारे में चर्चा एक ऐसे समय हुई है जब इसका विशेष महत्व है, अतः मैं सभा को यह आश्वासन दे सकता हूं कि हमने ऐसे उपाय किये हैं जिससे हमें तेल की प्रतिरक्षा सम्बन्धी आवश्यकताओं को पूर्ण रूप से पूरा किया जा सकेगा और इस सम्बन्ध में हमें किसी प्रकार की कोई कठिनाई नहीं होगी। इसके अतिरिक्त असैनिक आवश्यकताओं को पूरा करने का भी प्रयत्न किया जायेगा।

श्री रंगा (चित्तूर) : क्या तेल कम्पनियों ने इसमें सहयोग देने का आश्वासन दे दिया है ?

श्री हुमायुन कबिर : किसी भी तेल कम्पनी द्वारा सहयोग न देने की आशंका करने का कोई कारण नहीं है। क्योंकि आज छोटी छोटी सरकारें भी इन बड़ी बड़ी कम्पनियों से अधिक शक्तिशाली हैं।

सभा को हर्ष होगा कि भारत सरकार ने विश्व में एक मुख्य कम्पनी के साथ भारत में स्निग्धकारी तेल का उत्पादन करने के लिये एक नया कारखाना स्थापित करने हेतु आज एक नया समझौता किया है। इससे अत्यावश्यक आवश्यकताओं को पूरा करने में काफी सहायता मिलेगी।

जहां तक तेल की खोज का सम्बन्ध है, तेल तथा प्राकृतिक गैस आयोग ने बहुत अच्छा कार्य किया है। पहले इसमें कुछ खामियां थीं परन्तु जबसे एक पूर्णकालिक अध्यक्ष की नियुक्ति की गई है तब से खोज तथा उत्पादन दोनों क्षेत्रों में सुधार हुआ है। कई नये तेल क्षेत्रों का पता चला है। लक्वा तथा रुद्रसागर में जो भण्डार मिले हैं वह नहरकाटिया के भण्डारों से भी दुगनी मात्रा होने की सम्भावना है। इसके अतिरिक्त गुजरात में नवगांव तथा कलोल में भी काफी मात्रा में तेल मिलने की सम्भावना है। यदि इन क्षेत्रों में भी तेल मिल गया तो इससे न केवल इस देश में अपरिष्कृत तेल की समस्या ही हल हो जायेगी अपितु समूचे देश की विदेशी मुद्रा सम्बन्धी समस्या भी हल हो जायेगी। गोदावरी डेल्टा, अन्दमान तथा त्रिपुरा में खोज करने के लिये भी कार्यक्रम तैयार कर लिये गये हैं। उपकरणों के उपयोग तथा इनके भंडारों पर अधिक अच्छा नियंत्रण स्थापित किया गया है। सरकारी उपक्रम समिति द्वारा तेल और प्राकृतिक गैस आयोग के कार्यकरण में कुछ त्रुटियां तथा 10 करोड़ रुपये के सामान का हिसाब न होने का आरोप लगाया गया था। मुझे यह बताते हुए हर्ष हो रहा है कि कुछ सामान मिल जाने के कारण अब केवल दो करोड़ रुपये के सामान का ही अभी पता लगाना बाकी है और मुझे आशा है कि यह भी जल्दी मिल जायेगा। आयोग ने 1964–65 के लेखे तैयार कर के इस वर्ष समय पर प्रस्तुत कर दिये हैं।

जहां तक छिद्रण कार्य का सम्बन्ध है, आयोग ने 1961–62 में 75,000 मीटर, 1963-64 में 1,61,000 मीटर तथा 1964-65 में 1,72,000 मीटर छिद्रण कार्य किया। 1965–66 में 2,25,000 मीटर छिद्रण कार्य करने का कार्यक्रम तैयार किया गया है। इस प्रकार 1963 के अन्त से अब तक इस कार्य में 50 प्रतिशत वृद्धि हुई है। मेरे विचार में 1965–66 पहला वर्ष होगा जिसमें लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकेगा। और आशा है कि इस से भी कुछ अधिक कार्य की जा सकेगा।

जहां तक तेल सम्बन्धी नीति का सम्बन्ध है, कुछ वर्ष पूर्व जो नीति निर्धारित की गई थी, उसी को अब भी अपनाया जा रहा है क्योंकि यह राष्ट्र के हित में है। यदि इस में कोई परिवर्तन करने की आवश्यकता होगी तो ऐसा सरकार तथा संसद की सलाह से ही किया जायेगा। इस नीति को निर्धारित करने में स्वर्गीय मौलाना आजाद तथा डा० भटनागर द्वारा दिये गये योग को भी नहीं भूलना चाहिये।

1948 तथा 1956 के औद्योगिक नीति संकल्पों का पूरी तरह से पालन किया गया है और वास्तव में, हम ने केवल यह किया है कि पिछले वर्ष अगस्त में हमने इस नीति की बड़ी सावधानी से व्याख्या की है। इसी नीति के आधार पर ही विदेशी कम्पनियों के साथ समझौते किये गये हैं। अतः नीति में कोई परिवर्तन नहीं किया गया है। इतना तो अवश्य किया गया है कि इस की क्रियान्विति में कुछ सुधार किया गया है जिससे पिछले वर्ष की तुलना में यह नीति अधिक सुदृढ़ हो गई है। अब यह नीति निर्धारित की गई है कि विदेशी सहयोजन केवल उन्हीं मामलों में होगी जहां तेल तथा प्राकृतिक गैस आयोग के अधिक शेयर होंगे। सहयोजन मुख्य रूप से तट से परे क्षेत्रों के सम्बन्ध में किया जायेगा जहां व्यय तथा जोखिम बहुत अधिक है।

अधिक जोखिम वाले मामलों में भिन्न रुख अपनाया जायेगा। जहां अधिक विदेशी मुद्रा की आवश्यकता होगी, हमें सहयोग सम्बन्धी शर्तें अधिक आसान करनी होंगी परन्तु राष्ट्रीय हित की सदैव रक्षा की जायेगी। विदेशी सहयोगियों से कहा जायेगा कि वे न्यूनतम खोज परिव्यय अपने जिम्मे लें, अबाध विदेशी मुद्रा की व्यवस्था करें तथा यदि समस्त जोखिम नहीं तो उसका अधिकांश भाग अपने जिम्मे लें।

[श्री हुमायून कबिर]

जहां तक उत्पादन का सम्बन्ध है, गत दो वर्षों में काफी प्रगति हुई है। 1962-63 में अपरिष्कृत तेल का कुल उत्पादन 12.5 लाख टन से कम हुआ है। 1964-65 में 1962-63 की तुलना में दुगुने से भी अधिक उत्पादन हुआ है। मई, 1965 से उत्पादन में और भी वृद्धि हो रही है और हम यह आशा करते हैं कि 1966 के आरम्भ तक उत्पादन में और भी वृद्धि हो जायेगी।

मैंने अपने वक्तव्य में सभा को पहले ही बताया है कि जहां तक डीज़ल का सम्बन्ध है, तीसरी योजना के अन्त तक हम आत्मनिर्भर हो जायेंगे। मिट्टी के तेल के सम्बन्ध में हम चौथी योजना के अन्त तक आत्म-निर्भर हो जायेंगे।

जहां तक तेल शोधक कारखानों का सम्बन्ध है, उसमें भी काफी प्रगति हुई है। इस सम्बन्ध में मैं यह कहना चाहता हूं कि मुझ से पहले जो मंत्री महोदय थे, उन्होंने भी सराहनीय काम किया है। गोहाटी तेल शोधक कारखाने में आजकल लगभग दस लाख मीट्रिक टन के उत्पादन हो रहा है।

बरौनी तेल शोधक कारखाने की आरम्भ की कठिनाइयों को शीघ्र दूर किया गया। आशा की जाती है कि बरौनी में भी शीघ्र गोहाटी जितना उत्पादन आरम्भ हो जायेगा। कोयली कारखाने में सितम्बर के दौरान काम शुरू हो जायेगा। कोचीन कारखाने में जनवरी, 1966 तक उत्पादन आरम्भ हो जायेगा। एक तेल कारखाने की लागत की दूसरे कारखाने की लागत से तुलना करना कठिन है। इस बात के बावजूद भी कि मूल्य सभी ओर बढ़ गये हैं, हमने तेल शोधक कारखानों की लागत बहुत कम की है।

कुछ माननीय सदस्यों ने सुझाव दिया है कि इन कारखानों के निर्माण में हमें आत्मनिर्भर होना चाहिये हम इस सम्बन्ध में आत्मनिर्भर होते जा रहे हैं। इस सम्बन्ध में विदेशी मुद्रा भी अब धीरे धीरे कम खर्च हो रही है क्योंकि इन कारखानों के लिये अपेक्षित पुर्जों का निर्माण अब यहीं किया जा रहा है। विदेशों से मंगाये जाने वाले उपकरणों का आयात भी काफी घटता जा रहा है क्योंकि देश में निर्मित माल का ज्यादा से ज्यादा प्रयोग किया जा रहा है। तेल शोधक कारखानों के डिज़ायन तैयार करने में भारतीय इंजनियरों का अधिकाअधिक योगदान लिया जा रहा है। बरौनी कारखाने के विस्तार में कुछ सीमा तक भारतीय इंजीनियरों ने सहायता की है। कोयली तथा गुजरात में भारतीय इंजीनियरों ने अधिक काम किया है। हमें आशा है कि हम देश में ही तकनीकी क्षमता उपलब्ध करने में सफल हो जायेंगे।

अनुभव से यह बात सिद्ध हुई है कि तेल-शोधक कारखाने उन्हीं स्थानों में स्थापित किये जाने चाहिये जहां तेल का उपयोग होता हो। परन्तु इसके बावजूद भी हम गोहाटी कारखाने के विकास पर विचार कर रहे हैं।

मैं यह भी कहना चाहता हूं कि हमने हर मामले में सहयोग की शर्तों में सुधार किया है। लागत कम कर दी गई है और जब आवश्यकता हो, अपरिष्कृत तेल आसान शर्तों पर लिया जायेगा। अपरिष्कृत तेल के लाने ले जाने के सम्बन्ध में भी आज दशा पहले की तुलना में बहुत अच्छी है। हम यह नीति निर्धारित कर रहे हैं कि भविष्य में ऐसा सभी अपरिष्कृत तेल भारतीय जहाज़ों में, जहां वे उपलब्ध हों, लाया और ले जाया जाये। वास्तव में हम इस काम के लिये भी सहयोग के सम्बन्ध में सोच रहे है।

मैं इस बात से सहमत हूं कि जिस समय "आयल इन्डिया" की स्थापना हुई थी, उस समय आसान शर्तें रखना आवश्यक हुआ होगा। परन्तु तथ्य तो यह है कि इससे सरकार पर अनुचित भार पड़ता है। सरकार "आयल इन्डिया" को 60 रुपया प्रति टन सहायता देती है। यह एक बड़ी राशि है और भविष्य में ऐसा कोई समझौता नहीं किया जायेगा।

मैंने अपने वक्तव्य में पहले ही कहा है कि भविष्य में सभी तेल शोधक कारखाने सरकारी क्षेत्र में स्थापित किये जायेंगे। गैर-सरकारी क्षेत्र में तेल शोधक कारखानों में जो भी विस्तार हुआ है, वह 1963 से पहले हुआ है। परन्तु पैट्रोलियम और रसायन मंत्रालय के गठन के बाद से किसी विस्तार की अनुमति

नहीं दी गई है। हमने यह नीति निर्धारित की है कि भविष्य में जब प्रत्येक क्षेत्र में एक या अधिक तेल शोधक कारखाने बन जायें, विस्तार के प्रश्न पर केवल वितरण की, यदि इसमें लाभ हो, दृष्टि से विचार किया जायेगा।

मद्रास में तेल शोधक कारखाने के बारे में समझौते की शर्तें आसान तथा आकर्षक हैं। आशा है कि यह कारखाना समय पर स्थापित हो जायेगा।

मई/जून में "अधिक रफ्तार डीज़ल तेल" तथा मिट्टी के तेल के सम्बन्ध में जनता को जिन कठिनाइयों का सामना करना पड़ा है, उसके बारे में चिन्ता व्यक्त की गई है। हम ने सभी सम्भव उपाय करने का प्रयत्न किया था परन्तु उन कारणों से जो हमारे नियन्त्रण से बाहर थे, कठिनाइयां अवश्य उत्पन्न हुईं। इस सम्बन्ध में विदेशी मुद्रा कम प्राप्त हुई थी। फिर भी हम ऐसे उपाय कर सके हैं जिनके परिणामस्वरूप हम अधिकांश रूप से कठिनाई का सामना करने के योग्य हुये हैं। मेरे माननीय मित्र श्री मधु लिमये आंकड़ों में विश्वास नहीं रखते परन्तु हमें समूचे देश से जो आंकड़े मिलते हैं, उनपर ही निर्भर रहना पड़ता है। समूचे भारत के मिट्टी के तेल की कुल आवश्यकता देश के अन्दर उत्पादित तेल की मात्रा से 90,000 टन प्रति मास अधिक है। "अधिक रफ्तार डीज़ल तेल" की कमी 40,000 टन है। हम काफी आयात द्वारा यह कमी पूरी करते हैं। फिर भी मैं इस बात से इन्कार नहीं करता कि ऐसे क्षेत्र हैं जिनमें कमी है परन्तु हमने प्रयत्न किया है कि प्रत्येक क्षेत्र को सम्भरण होता रहे। इसके लिये हम सोवियत संघ का धन्यवाद करते हैं जिसने अल्प-सूचना में ही बहुत बडी मात्रा में तेल उपलब्ध किया है। हमने सभी राज्यों से प्रार्थना की है कि वे स्थिति पर ध्यान रखें। मैंने प्रत्येक मुख्य मंत्री को पत्र लिखे हैं। हमने इस बात का प्रबन्ध किया है कि राज्य सरकारों को प्रति मास विभिन्न क्षेत्रों में सम्भरण सम्बन्धी स्थिति के बारे में सूचना दी जाये।

केन्द्रीय सरकार की इस सम्बन्ध में दो जिम्मेदारियां हैं। पहली यह सुनिश्चित करना है कि स्वदेशी उत्पादन तथा आयातित माल मिला कर देश की आवश्यकता के लिए पर्याप्त हो। दूसरा यह सुनिश्चित करना है कि प्रत्येक क्षेत्र को साम्य सम्भरण हो। हमें 27 मई के बाद कोई शिकायत नहीं मिली है। मिट्टी के तेल का मूल्य नियंत्रण आदेश राज्य सरकारों के नियंत्रण में है और हम ने राज्य सरकारों से कहा है कि वे, जहां सम्भव हो, इस आदेश को काम में लायें। बिखरे हुये क्षेत्रों में कमी है परन्तु यह गलत वितरण के कारण हुई है। वितरण से केन्द्रीय सरकार का कोई सम्बन्ध नहीं है।

इण्डियन आयल कम्पनी इस अवसर पर पूरी उतरी है। उस ने अपने विक्रय में बहुत वृद्धि की है। 1962-63 और 1964-65 के बीच उस ने अपना विक्रय लगभग तिगुणा कर लिया है और पिछले वर्ष से वर्तमान वर्ष के दौरान विक्रय लगभग दुगुना होगा। यह इण्डियन आयल कम्पनी की उन्नति की बहुत ऊंची दर है और वह अपनी उन्नति के लिए बधाई की योग्य है।

इण्डियन आयल कम्पनी के आयात में भी वृद्धि हुई है। इस वर्ष वह 16 लाख टन से अधिक विक्रय करने की योजना बना रही है।

जहां तक मिट्टी के तेल के वितरण का सम्बन्ध है, हाल ही में किये गये दो उपायों से स्थिति में सुधार होगा। हम इण्डियन आयल कम्पनी तथा अन्य कम्पनियों से मिट्टी का तेल अपने डिपुओं द्वारा बेचने के लिए कह रहे हैं, हम शहरी क्षेत्रों में कोयला भेजने की भी व्यवस्था कर रहे हैं ताकि ग्रामीण क्षेत्रों के लिए मिट्टी का तेल भी और अधिक दिया जा सके। हमने यह आदेश जारी करने का निर्णय भी किया है कि मिट्टी के तेल का प्रयोग प्रकाश तथा खाना पकाने के अतिरिक्त और किसी काम में नहीं किया जाये। हम उचित मूल्य पर मिट्टी के तेल का सम्भरण करने के लिए भरसक प्रयत्न करेंगे परन्तु यह बात ध्यान में रखी जानी चाहिये कि रक्षा सम्बन्धी आवश्यकताओं को प्राथमिकता दी जाये। यद्यपि इसका अर्थ यह है कि इस से हमारी परेशानियां और कठिनाईयां बढ़ जायेंगी परन्तु उन्हें सहन करना ही पड़ेगा। हम मित्र देशों से सहायता मांग रहे हैं। सोवियत संघ ने हमारी सहायता की है और अब भी करने को तैयार है।

[श्री हुमायून कबिर]

मैं पैट्रो-रसायनिक समूहों के बारे में श्री मालवीय से पूर्णतया सहमत हूं । हम कई पक्षों के सहयोग से देश के लिए लाभकारी शर्तों पर पैट्रो-रसायनिक समूह बनाने की चेष्ठा कर रहे हैं । मूल उद्योगों का एक बड़ा भारी भाग सरकारी क्षेत्र में रहेगा और इस उद्योग का निर्माण करने के लिए हमें निर्बाध विदेशी मुद्रा के रूप में काफी सहायता मिलेगी ।

हम बहुत कठिन समय से गुजर रहे हैं । रक्षा सेनाओं ने शानदार कार्य किया है । हमें देश के अन्दर उनका प्रोत्साहन बनाये रखने के लिए, यथासम्भव प्रयत्न करना चाहिये तथा उनके लिए उन सेवाओं तथा वस्तुओं की व्यवस्था करनी चाहिये जिनकी उन्हें देश की अखण्डता बनाये रखने के लिए आवश्यकता है ।

श्री स० मो० बनर्जी (कानपुर) : मैं सभा को इस प्रकार का आश्वासन देने के लिए मंत्री महोदय का धन्यवाद करता हूं । यह हर्ष की बात है कि हम डीज़ल तथा मिट्टी के तेल के मामले में आत्म-निर्भरता की ओर बढ़ रहे हैं । मिट्टी के तेल की तथाकथित कमी के सम्बन्ध में मंत्री महोदय को तेल कम्पनियों द्वारा दिये गये सहयोग के बारे में कुछ बताना चाहिये था । 'कैरेविलि' विमानों को दी गई दोषपूर्ण सप्लाई के कारण हमारी विमान सेवाओं को बहुत हानि पहुंची है । मैं यह बात स्पष्ट रूप से जानना चाहता हूं कि क्या 'एस्सो' द्वारा दिये गये तेल का कोई रासायनिक विश्लेषण किया गया है । इस कम्पनी के दबाव में न आने के लिए मैं मंत्री महोदय को बधाई देता हूं । मुझे प्रसन्नता है कि सरकार ने यह अनुभव किया है कि वह तेल कम्पनियों की तुलना में अधिक शक्तिशाली है ।

तेल कम्पनियों के राष्ट्रीयकरण सम्बन्धी मेरी मांग का समर्थन न केवल विरोधी दल के सदस्यों ने, बल्कि शासक दल के सदस्यों ने भी किया है । अब समय आ गया है कि तेल कम्पनियों के राष्ट्रीयकरण के सम्बन्ध में कोई निर्णय किया जाये ।

जब देश को प्रतिरक्षा के लिए वस्तुओं की आवश्यकता हो तो लोगों को इस सम्बन्ध में कठिनाई सहन करने के लिए तैयार रहना चाहिये । देश की प्रतिरक्षा के नाम पर हम ऐसा करने के लिए तैयार हैं परन्तु उपभोक्ताओं के हित को हानि नहीं पहुंचनी चाहिये और देश की रक्षा के पर्दे में किसी प्रकार के कदाचार की अनुमति नहीं दी जानी चाहिये ।

तेल कम्पनियां न केवल तेल सम्बन्धी समझौतों का उल्लंघन करती हैं बल्कि साधारण व्यक्तियों के साथ किये गये समझौतों का भी उल्लंघन करती है । मंत्री महोदय को यह देखना चाहिये कि तेल कम्पनियों ऐसे छोटे मामलों का उल्लंघन न करें ।

उपाध्यक्ष महोदय : प्रश्न यह है :

"कि यह सभा पैट्रोलियम और रसायन मंत्री के तेल सम्बन्धी नीति के बारे में एक वक्तव्य पर, जो 16 अगस्त, 1965 को सभा पटल पर रखा गया था, विचार करती है ।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ ।/*The motion was adopted.*

इसके पश्चात् लोक-सभा गुरुवार, 16 सितम्बर, 1965/25 भाद्र, 1887 (शक) के दस बजे तक के लिये स्थगित हुई ।

The Lok Sabha then adjourned till Ten of the Clock on Thursday, September 16, 1965/Bhadra 25, 1887 (Saka).

GIPN—S4—35 Lok Sabha/66—23-6-66—600